
यूपी के मुख्यमंत्री योगी ने प्रयागराज में महाकुंभ मेले से जुड़े स्वच्छता कर्मचारियों और मेडिकल कर्मचारियों का सम्मान किया और उनके साथ सहभोज किया।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
DL(N) /145/2021-23 वर्षः 19 अंकः 58 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302
actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

# महाकुंभ को देशवासियों ने सफल बनाया: मोदी

- महाकुम्भ को सफल बनाने के लिए देशवासियों के परिश्रम, उनके प्रयास, उनके संकल्प से अभीभूत हूं- प्रधानमंत्री

**हर-हर-गंगे**

**देश और दुनिया से 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के त्रिवेणी संगम में स्नान कर पुण्य प्राप्त किया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**दिल्ली।** महाशिवरात्रि के दिन अंतिम अमृत स्नान के साथ प्रयागराज महाकुम्भ 2025 का 45 दिन बाद समापन हो गया। दुनिया के सबसे बड़े धार्मिक आयोजन में देश और दुनिया से 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के त्रिवेणी संगम में स्नान कर पुण्य प्राप्त किया। इस भव्य, नव्य और दिव्य आयोजन की सफलता पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों को उनके परिश्रम, प्रयास और संकल्प की सराहना की। पीएम ने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर पोस्ट के जरिए प्रयागराज महाकुम्भ को एकता का महाकुम्भ बताते हुए कहा कि महाकुम्भ संपन्न हुआ, एकता का महायज्ञ संपन्न हुआ। महाकुम्भ में जिस भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने भागीदारी की है वो सिर्फ एक रिकॉर्ड नहीं है, बल्कि यह हमारी संस्कृति और विरासत को सुदृढ़ और समृद्ध रखने के लिए कई सदियों की एक सशक्त नींव भी रख गया है। पीएम मोदी ने कहा कि महाकुम्भ संपन्न हुआ, एकता का महायज्ञ संपन्न हुआ। प्रयागराज में एकता के महाकुम्भ में पूरे 45 दिनों तक जिस प्रकार 140 करोड़ देशवासियों की आस्था एक साथ, एक समय में इस एक पर्व से आकर जुड़ी, वो अभिभूत करता है। पीएम ने कहा कि महाकुम्भ के पूर्ण होने पर जो विचार मन में आए, उन्हें मैंने कलमबद्ध करने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि महाकुम्भ में जिस भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने भागीदारी की है वो सिर्फ एक रिकॉर्ड नहीं है, बल्कि यह हमारी संस्कृति और विरासत को सुदृढ़ और समृद्ध रखने के लिए कई सदियों की एक सशक्त नींव भी रख गया है। प्रयागराज का महाकुम्भ आज दुनियाभर के मैनेजमेंट प्रोफेशनल्स के साथ ही प्लानिंग और पॉलिसी एक्सपर्ट्स के लिए भी रिसर्च का विषय बन गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि आज अपनी विरासत पर गौरव करने वाला भारत अब एक नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ रहा है। ये युग परिवर्तन की वो आहट है, जो देश का नया भविष्य लिखने जा रही है।

## योगी के नेतृत्व में महाकुंभ को सफल बनाया: पीएम

**पीएम** मोदी ने कहा कि यूपी का सांसद होने के नाते मैं गर्व से कह सकता हूं कि योगी जी के नेतृत्व में शासन, प्रशासन और जनता ने मिलकर, इस एकता के महाकुम्भ को सफल बनाया। केंद्र हो या राज्य हो, यहां ना कोई शासक था, ना कोई प्रशासक था, हर कोई श्रद्धा भाव से भरा सेवक था। हमारे सफाईकर्मी, हमारे पुलिसकर्मी, नाविक साथी, वाहन चालक, भोजन बनाने वाले, सभी ने पूरी श्रद्धा और सेवा भाव से निरंतर काम करके इस महाकुम्भ को सफल बनाया।

## दोगुने लोगों ने एकता के महाकुंभ में हिस्सा लिया, डुबकी लगाई: मोदी

प्रयागराज में जितनी कल्पना की गई थी, उससे कहीं अधिक संख्या में श्रद्धालु वहां पहुंचे। इसकी एक वजह ये भी थी कि प्रशासन ने भी पुराने कुंभ के अनुभवों को देखते हुए ही अंदाजा लगाया था लेकिन अमेरिका की आबादी के करीब दोगुने लोगों ने एकता के महाकुंभ में हिस्सा लिया, डुबकी लगाई। आध्यात्मिक क्षेत्र में रिसर्च करने वाले लोग करोड़ों भारतवासियों के इस उत्साह पर अध्ययन करेंगे तो पाएंगे कि अपनी विरासत पर गौरव करने वाला भारत अब एक नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ रहा है। मैं मानता हूं, ये युग परिवर्तन की वो आहट है, जो भारत का नया भविष्य लिखने जा रही है। साथियों, महाकुंभ की इस परंपरा से, हजारों वर्षों से भारत की राष्ट्रीय चेतना को बल मिलता रहा है। हर पूर्णकुंभ में समाज की उस समय की परिस्थितियों पर ऋषियों-मुनियों, विद्वत जनों द्वारा 45 दिनों तक मंथन होता था।

# प्रधानमंत्री मोदी से मिले हरियाणा के मुख्यमंत्री सैनी

**पीएम को दिल्ली विधानसभा की ऐतिहासिक जीत पर बधाई दी**



**चर्चा हुई**

**हरियाणा में जारी विभिन्न विकास योजनाओं और स्थानीय निकाय चुनावों पर भी चर्चा हुई**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: हरियाणा** के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। उन्होंने प्रधानमंत्री को दिल्ली विधानसभा की ऐतिहासिक जीत पर बधाई दी। इस दौरान हरियाणा में जारी विभिन्न विकास योजनाओं और स्थानीय निकाय चुनावों पर भी चर्चा हुई। प्रधानमंत्री के साथ करीब आधा घंटा चली इस मुलाकात के दौरान हरियाणा में जारी प्रादेशिक और केंद्रीय योजनाओं पर भी चर्चा हुई। मुख्यमंत्री सैनी ने हरियाणा में आधारभूत विकास और भविष्य की परियोजनाओं पर प्रधानमंत्री को जानकारी दी। दोनों नेताओं के बीच भविष्य में केंद्र सरकार के साथ मिलकर हरियाणा के सतत विकास और विकसित भारत 2047 के संकल्प में हरियाणा की भागीदारी पर भी चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को हरियाणा में होने वाले निकाय चुनाव को लेकर भी अवगत कराया और उनका महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्राप्त किया। सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सहयोग से हरियाणा को और भी विकसित बनाने के लिए कार्य किया जाएगा। सैनी ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की अभूतपूर्व जीत के लिए बधाई दी और कहा कि अब प्रधानमंत्री के नेतृत्व में दिल्लीवासियों को भी केंद्र की हर योजना का लाभ मिलेगा। केंद्र सरकार के साथ मिलकर चलने से दिल्ली के कार्यों की गति दोगुनी हो जाएगी।
मुख्यमंत्री सैनी ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से भी शिष्टाचार मुलाकात की।

## 'व्यापार बढ़ाने के लिए अन्य देशों से द्विपक्षीय संबंध बढ़ाने की जरूरत'



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को कहा कि हम विवश हैं, लेकिन हमें यह स्वीकार करना होगा कि बहुपक्षीय संस्थाओं का योगदान लुप्त हो रहा है। इसलिए भारत को व्यापार, निवेश और नई वैश्विक व्यवस्था में रणनीतिक संबंधों को बढ़ावा देने के लिए अन्य देशों के साथ अपने द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ाने की जरूरत है। केंद्रीय वित्त मंत्री ने यहां आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि सरकार भारत को आगे बढ़ाने और इस चुनौतीपूर्ण" समय में वैश्विक विकास का इंजन बनने के लिए सभी प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि भारत को वैश्विक पुनर्स्थापन में सार्थक योगदान देने के साथ-साथ प्रति व्यक्ति आय के मामले में ऊपर उठने और वैश्विक विकास को आगे बढ़ाने वाला व्यवसायिक गंतव्य बनने की दिशा में निरंतर प्रयास करने होंगे। सीतारमण ने कहा कि हम विवश हैं, लेकिन हमें यह स्वीकार करना होगा कि बहुपक्षीय संस्थओं का योगदान लुप्त हो रहा है। इसलिए भारत को भी अन्य देशों के साथ न केवल व्यापार और निवेश के लिए, बल्कि रणनीतिक संबंधों के लिए भी अपने द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ाने की जरूरत है। सीतारमण ने कहा कि राज्य भारत की बड़ी अर्थव्यवस्था का हिस्सा हैं।

# आबकारी नीतिः झाड़ू वाला ही दारू वाला है- सतीश उपाध्याय



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** भारतीय जनता पार्टी ने दिल्ली विधानसभा में सीएजी की ऑडिट रिपोर्ट से दिल्ली में आबकारी नीति के क्रियान्वयन में गंभीर अनियमितताओं और सरकारी खजाने को भारी नुकसान को लेकर तत्कालीन केजरीवाल सरकार को घेरा। विधानसभा में भाजपा विधायक सतीश उपाध्याय ने गुरुवार को कहा कि अरविंद केजरीवाल के मुख्यमंत्रित्व काल में तत्कालीन सरकार ने आबकारी नीति की आड़ में न केवल करोड़ों का घोटाला किया बल्कि जनता के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ भी किया। भाजपा विधायक शिखा राय ने कहा कि नई शराब नीति में केवल लाभ को प्राथमिकता दी गई जबकि जनहित को पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया गया। इसका नतीजा घरेलू हिंसा, यौन उत्पीड़न, महिलाओं पर अत्याचार और कर्ज में डूबे परिवारों के रूप में सामने आया है। सीएजी की रिपोर्ट को विधानसभा में पेश होने से रोकने के लिए आआपा सरकार ने हर संभव कोशिश की, अगर सीएजी की रिपोर्ट को संक्षेप में कहा जाए तो "झाड़ू वाला ही दारू वाला है"।

## सोनोवाल ने 'एक राष्ट्र-एक बंदरगाह' का किया अनावरण



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** केंद्रीय बंदरगाह, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सबानंद सोनोवाल ने गुरुवार को कारोबार को आसान बनाने और दक्षता बढ़ाने के लिए ह्यएक राष्ट्र-एक बंदरगाह प्रक्रिया' (ओएनओपी) का अनावरण किया। उन्होंने कहा कि भारत पोर्ट्स ग्लोबल कंसोर्टियम भारत की समुद्री पहुंच का विस्तार करेगा, आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करेगा और मेक इन इंडिया को बढ़ावा देगा। सोनोवाल ने मैत्री लोगो को लॉन्च किया। इसका उद्देश्य एआई और ब्लॉकचेन के माध्यम से डिजिटल एकीकरण के साथ वैश्विक व्यापार को बदलना है, ताकि निर्बाध वर्चुअल ट्रेड कॉरिडोर बनाया जा सके। इस अवसर पर सवानंद सोनोवाल ने कहा कि एक राष्ट्र-एक बंदरगाह प्रक्रिया और सागर अंकन-एलपीपीआई सूचकांक के शुभारंभ के साथ भारत मानकीकृत, कुशल और विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी बंदरगाहों की दिशा में एक निर्णायक कदम उठा रहा है। इन पहलों की शुरूआत आज मुंबई में हितधारकों की एक बैठक के दौरान की गई, जिसमें समुद्री क्षेत्र के लिए केंद्रीय बजट में की गई प्रमुख घोषणाएं है।

## अन्वेषण लाइसेंस की नीलामी शुरू होगी: रेड्डी



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी ने गुरुवार को कहा कि खान मंत्रालय इस साल मार्च में अन्वेषण लाइसेंस ब्लॉकों की पहली किश्त की नीलामी शुरू करेगा। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर, केरल और असम भी खनिज नीलामी व्यवस्था में जल्द शामिल होंगे। केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री ने नई दिल्ली में आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि नीलामी के माध्यम से महत्वपूर्ण और गहरे खनिजों के लिए अन्वेषण लाइसेंस देने का प्रावधान 2023 में एमएमडीआर अधिनियम में संशोधन के माध्यम से किया गया था। रेड्डी ने यह भी कहा कि असम, जम्मू और कश्मीर और केरल भी जल्द ही खनिज नीलामी व्यवस्था में शामिल हो जाएंगे, जिससे भारत के खनिज नीलामी मानचित्र का विस्तार 17 राज्यों तक हो जाएगा। जी. किशन रेड्डी ने खान मंत्रालय निरंतर नवाचार, नीतिगत सुधारों और उद्योग हितधारकों के साथ सहयोगात्मक जुड़ाव के माध्यम से मजबूत और टिकाऊ खनन क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। इन पहलों से भारत की खनिज सुरक्षा बढ़ेगी, आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा और देश को खनिज अन्वेषण और खनन में वैश्विक नेता के रूप में स्थापित किया जा सकेगा।

## पोप फ्रांसिस के स्वास्थ्य में सुधार के संकेत

**टीम एक्शन इंडिया**
**वेटिकन सिटी। पिछले** कुछ समय से गंभीर रूप से बीमार पोप फ्रांसिस के स्वास्थ्य में सुधार के संकेत हैं। उनकी किडनी संबंधी समस्या में कुछ कमी आई है। हाल ही में किए गए सीटी स्कैन में साफ हुआ है कि उनके फेफड़ों की सूजन में मामूली कमी आई है। रक्त परीक्षण के परिणाम पर अच्छे रहे हैं। दोपहर में उन्होंने कुछ कामकाज भी निपटाया। वेटिकन न्यूज के अनुसार, बुधवार शाम होली सी प्रेस कार्यालय ने पोप फ्रांसिस के स्वास्थ्य पर यह अपडेट दिया।

**ट्रिपल इंजन** वर्तमान सरकार ने अपने सौ दिन के कार्यकाल में 18 बड़े वायदे पूरे कर लोगों के जीवन को बनाया आसान

## सरकार की नियति, नियत और एजेंडा स्पष्ट : मुख्यमंत्री सैनी



**वोट की अपील**

**15 लाख महिलाओं को 500 रुपये में गैस सिलेंडर दिया जा रहा है: मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी**

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि सरकार की नियति, नियत और एजेंडा स्पष्ट है, जिसकी बदौलत प्रदेश में तीव्र गति से विकास कार्य हो रहे हैं। वर्तमान सरकार ने अपने सौ दिन के कार्यकाल में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं, जिसने लोगों के जीवन को सुगम करने का काम किया है। मुख्यमंत्री वीरवार को कैथल के सीवन, कलायत व पूंडरी में आयोजित कार्यक्रमों को संबोधित कर रहे थे। नायब सिंह सैनी ने कहा कि राज्य सरकार ने अपने सौ दिन के कार्यकाल में संकल्प पत्र के 18 वायदों को पूरा किया है, वहीं 10 वायदे जल्द ही पूरे किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि ट्रिपल इंजन की सरकार बनने के बाद सभी वायदे पूरे करते हुए काम को तीन गुणा तेजी से कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में तीसरी बार सरकार बनते ही सभी मेडिकल कॉलेज व पीजीआई में किडनी मरीज को निशुल्क डायलिसिस की सुविधा प्रदान की है। पट्टेदार किसान परिवारों को मालिकाना हक प्रदान किया है। इसके साथ-साथ 20 साल से पंचायती भूमि पर मकान बनाकर रह रहे लोगों को राहत देते हुए विधानसभा में एक्ट बनाकर उन्हें मालिकाना हक प्रदान किया है। उन्होंने कहा कि 15 लाख महिलाओं को 500 रुपये में गैस सिलेंडर दिया जा रहा है।



# छापा पड़ते ही मची भगदड़, महिलाओं को इस हालत में देख दंग रह गई पुलिस; पीछे के गेट से कराते थे एंट्री

**टीम एक्शनइंडिया**
**साहिबाबाद।** गाजियाबाद जनपद के साहिबाबाद में कौशांबी थाना क्षेत्र के वैशाली सेक्टर-4 स्थित लाजवंती प्लाजा में स्पा की आड़ में चल रहे देह व्यापार का पुलिस ने पर्दाफाश किया है। पुलिस ने नौकरी का झांसा देकर महिलाओं से देह व्यापार कराने वाली महिला को गिरफ्तार किया है।
पुलिस की जांच में पता चला कि मेनगेट पर ताला लगाकर पीछे के गेट से ग्राहकों की एंट्री कराते थे। तीन महिलाओं को रेस्क्यू किया गया है। एक मोबाइल, रजिस्टर, समेत अन्य सामग्री मौके से पुलिस ने बरामद की हैं। एसीपी इंदिरापुरम की ओर से मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।
**तीन महिलाएं आपत्तिजनक स्थिति में मिलीं:** कौशांबी थाना क्षेत्र के वैशाली सेक्टर-4 में ब्लिस वेलनेस नाम से स्पा सेंटर है। इसमें मंगलवार को देह व्यापार होने की पुलिस को सूचना मिली थी। सूचना पर सहायक पुलिस आयुक्त इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्वत पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच कर छापा मारा।



जहां तीन महिलाएं आपत्तिजनक स्थिति में मिलीं। पुलिस ने सेंटर की संचालिक दिल्ली की महिला को गिरफ्तार कर लिया।
**कौशांबी थाने में महिला के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज :** वहीं, पूछताछ में महिलाओं ने बताया कि नौकरी के नाम पर उन्हें यहां बुलाया गया। जहां उनसे जबरन देह व्यापार कराया जाने लगा। लोक लिहाज के डर से वह किसी से कुछ नहीं कह पाईं। पुलिस ने मौके से आपत्तिजनक सामग्री, मोबाइल, क्यूआर कोर्ड समेत अन्य सामान बरामद किया। कौशांबी थाने में महिला के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की।
यह भी पढ़ें- गाजियाबाद में अवैध देह व्यापार का भंडाफोड़, एक ग्राहक समेत तीन गिरफ्तार; चार महिलाएं रेस्क्यू
पुलिस जांच में सामने आया है कि करीब डेढ़ महीने पहले भी पुलिस ने क्षेत्र में कार्रवाई शुरू की थी तो कुछ दिन के लिए महिला ने बंद कर दिया। इसके बाद फिर से एक माह से इसका संचालन शुरू करा दिया। तीनों महिलाओं को रेस्क्यू किया गया है। उन्हें परिजनों को सौंप दिया गया है। सहायक पुलिस आयुक्त इंदिरापुरम ने बताया कि देह व्यापार का धंधा महिला मोबाइल पर संचालिक कर रही थी।

### पूर्व में पकड़े गए देह व्यापार के मामले

- 22 फरवरी को कौशांबी थाना क्षेत्र के वैशाली सेक्टर पांच के एक फ्लैट में देह व्यापार पकड़ा। संचालक और संचालिका समेत तीन गिरफ्तार
- 22 जनवरी को कौशांबी थाना क्षेत्र के आयुष होटल में देह व्यापार का पदार्फाश, संचालक संचालिका समेत आठ गिरफ्तार
- 20 जनवरी को वैशाली सेक्टर तीन की एल्कान सोसायटी में किराए के फ्लैट में चल रहा देह व्यापार का पदार्फाश, संचालिका व एक ग्राहक गिरफ्तार
- 19 जनवरी वैशाली सेक्टर चार के श्रीराम प्लाजा में दो स्पा सेंटर की आड में देह व्यापार का पदार्फाश संचालक-संचालिका समेत पांच गिरफ्तार
- 14 जनवरी को वैशाली सेक्टर चार में पुलिस बूथ के सामने शाप्रिक्स माल में स्पा सेंटर में देह व्यापार का पर्दाफाश, संचालिका समेत तीन गिरफ्तार

## थाने में 4 घंटे बंद करके पीटा, शरीर पर चोट के निशान बयां

**नोएडा।** नोएडा में फेज तीन थाना क्षेत्र के सेक्टर 71 में दो पक्षों में मारपीट की शिकायत लेकर थाने पहुंचे पीड़ित ने पुलिस पर मनमुताबिक तहरीर नहीं देने पर थाने में बंद कर पीटने का आरोप लगाया है। माफी मांगने व सादे पेपर पर साइन कराने के बाद पीड़ित पक्ष को छोड़ना बताया है। इस मामले की पुलिस आयुक्त से शिकायत की है। उधर, सेंट्रल नोएडा पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोप निराधार हैं
दिल्ली बदरपुर निवासी व पीड़ित सोनू की बहन सविता ने पुलिस आयुक्त को दिए शिकायती पत्र में बताया कि भतीजे की शादी में जाने के दौरान सेक्टर 71 के पेट्रोल पंप पर एक कार सवार युवक से विवाद हो गया था।


### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **संदीप चौधरी, पुत्रः वेद प्रकाश चौधरी, पताः ए-9, तृतीय तल, गुजरां वाला टाउन पार्ट-1, दिल्ली** ने **CC No. 139/1/2013, 2813/2016 and 2086/2016, U/s 138 NI Act, पुलिस थाना मुखर्जी नगर, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **संदीप चौधरी** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **संदीप चौधरी** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **CC No. 139/1/2013, 2813/2016 and 2086/2016, U/s 138 NI Act, पुलिस थाना मुखर्जी नगर, दिल्ली** के अभियुक्त **संदीप चौधरी** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **04.04.2025** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री निहारिका कुमार शर्मा
अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट
उत्तर, कमरा नं. 117
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली
DP/2349/NW/2025


## गाजियाबाद में खाकी फिर से दागदार, रिश्वत मांगने के आरोप में दो दारोगा गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**मोदीनगर (गाजियाबाद)।** भोजपुर पुलिस की खाकी रिश्वत के दाग से फिर दागदार हो गई है। अब झूठे मुकदमे में फंसाने के नाम पर दो दारोगाओं पर किसान से दो लाख रिश्वत मांगने का सामने आया है। पीड़ित ने एक लाख एडवांस भी दे दिये। मामले में कोर्ट के आदेश पर भोजपुर थाने में तैनात दो दारोगाओं के खिलाफ भ्रष्टाचार अधिनियम समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया गया है।
आरोप है कि पीड़ित पक्ष पर दोनों दारोगा हत्या के मामले में फैसला का भी दबाव बना रहे थे। उन्हें बिना किसी अपराध के थाने के हवालात में भी बंद कर प्रताड़ित



किया गया। पीड़ित गांव भोजपुर के सुरेंद्र सिंह हैं। उनके मुताबिक, उनके भाई धर्मपाल सिंह की कुछ साल पहले हत्या कर दी गई थी। मुकदमे की पैरवी वे खुद कर रहे हैं। धर्मपाल की हत्या के आरोप में पुलिस ने चार आरोपितों को जेल भेजा। उनमें कुछ की जमानत हो गई है। आरोप है कि आरोपित उनपर मुकदमे में फैसले के लिए दबाव बनाने लगे। इसके लिए उन्होंने पुलिस का भी सहारा लिया। दिसंबर 2023 को सुरेंद्र खेत में काम कर रहे थे। इसी बीच भोजपुर थाने में तैनात दरोगा पूरन सिंह टीम के साथ आए और उन्हें जबरन भोजपुर थाने ले गए। यहां दूसरा दारोगा योगेंद्र आया और दो लाख रुपये रिश्वत मांगी। कहा हत्या के मुकदमे में फैसला कर लें।
वरना चोरी के मुकदमे में जेल भेज देंगे। आरोप है कि दारोगाओं ने उनसे एक लाख रुपये ले भी लिये। इसके बाद उन्हें छोड़ा। कहा मुकदमे में फैसला व एक लाख नहीं दिया तो कभी भी जेल भेज सकते हैं।
पीड़ित तभी से मामले की शिकायत लेकर पुलिस अधिकारियों के पास पहुंच रहे हैं। उन्होंने तमाम अधिकारियों के सामने गुहार लगाई। लेकिन सुनवाई नहीं हुई। परेशान आकर उन्होंने कोर्ट का रास्ता सुना। अब कोर्ट ने भोजपुर पुलिस को केस दर्ज करने के आदेश दिये हैं।


### अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **शमशाद पुत्रः मो. अनसर मेहरूम, पताः** मकान नं. 142/330, पीपल वाली गली, रामपुरा, केशव पुरम, दिल्ली, **FIR No. 00314/2021, U/s 379/411 IPC,** थानाः केशव पुरम, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **शमशाद** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **शमशाद** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 00314/2021, U/s 379/411 IPC,** थानाः केशव पुरम, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **शमशाद** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **02.06.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री दिव्या अरोड़ा
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-04/उ.प.
कमरा नं. 211, पहली मंजिल,
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली
DP/2304/NW/2025
(Court Matter)

### अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 CrPC देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **करन उर्फ काला पुत्र श्री सरिया निवासी ग्राम कालीपुर, जिला सोनीपत, हरियाणा** ने **FIR No. 19477/17, U/S 379/411 IPC, अन्तर्गत थाना बवाना, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **करन उर्फ काला,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **करन उर्फ काला,** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रहा है)।
अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 19477/17, U/S 379/411 IPC, अन्तर्गत थाना बवाना, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **करन उर्फ काला,** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **04.04.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
श्री सार्थक पंवार
महानगर दण्डाधिकारी-05 (उत्तर)
न्यायालय कमरा नं. 114, प्रथम तल
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली
DP/2475/ON/2025 (Court Matter)


## प्राधिकरण के पास नहीं जमीन, हवा में बिल्डर बना रहे थे स्पोर्ट्स सिटी

### गुमराह

- खसरा नंबरों की 16.2512 हेक्टेयर भूमि जिला प्रशासन को 24 दिसंबर 2014 वापस कर दी गई थी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नोएडा।** नोएडा में स्पोर्ट्स सिटी के नाम पर जहां किसानों से सस्ते दाम पर जमीन अधिगृहीत की गई। वहीं, निवेशकों को भी गुमराह करके खूब ठगा गया है। स्थिति यह है कि जिस जमीन पर फ्लैट बनाए जाने थे। उसमें से 15 खसरा नंबरों की 16.2512 हेक्टेयर भूमि जिला प्रशासन को 24 दिसंबर 2014 वापस कर दी गई थी। यानी प्राधिकरण के अफसरों और बिल्डरों के गठजोड़ से निवेशकों को उन फ्लैटों में निवेश करा दिया गया, जो कागजों सिर्फ कागजों में ही हैं।
**प्राधिकरण ने तैयार की थी स्पोर्ट्स सिटी बनाने की कार्ययोजना**
प्राधिकरण सीईओ डा. लोकेश एम ने बताया कि हाई कोर्ट के आदेश



के बाद इस प्रकरण का विधि विभाग के साथ अध्ययन किया जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक स्पोर्ट्स सिटी आवंटन में बड़ा घोटला हुआ है। मात्र 10 प्रतिशत धनराशि पर सस्ती दर पर जमीन दी गई। आवंटन के बाद बिल्डरों ने नियम व शर्तों को पूरा नहीं किया। आवासीय व कामर्शियल स्पेश को मोटी दर पर बेच दिया गया। कामनवेल्थ गेम के दौरान 2008 में प्राधिकरण ने स्पोर्ट्स सिटी बनाने की कार्ययोजना तैयार की थी।
**जमीन का क्षेत्रफल बढ़ व घट सकता है :** इसमें सेक्टर-78, 79 व 101 आदि तीन सेक्टर स्पोर्ट्स सिटी के लिए आरक्षित किए गए। जनाडु इस्टेट प्राइवेट लिमिटेड (कंसोटियम) को 7,27,500 वर्ग मीटर जमीन दी गई। 7,03,001.80 वर्ग मीटर जमीन पर कब्जा दे दिया गया। बाकी जमीन के लिए बिल्डर से कहा गया कि ब्रोशर शर्त के अनुसार जैसे बाकी जमीन उपलब्ध होगी, कब्जा दिया जाएगा। जमीन का क्षेत्रफल बढ़ व घट सकता है। कारण यह था कि प्राधिकरण के पास जमीन ही उपलब्ध नहीं थी।
**बिल्डरों को सस्ती दरों में जमीन क्यों दी गई:** किसान नरेश चंद्र यादव ने बताया कि सवाल सुप्रीम कोर्ट ने सेक्टर-101 की पूरी जमीन वापस कर दी। इससे यह सेक्टर स्पोर्ट्स सिटी से बाहर हो गया।

## सीवर की सफाई के दौरान दो भाइयों की मौत

**ग्रेटर नोएडा।** नॉलेज पार्क कोतवाली क्षेत्र सेक्टर 50 स्थित एटीएस ली ग्रांडियोस सोसायटी में 18 फरवरी को सीवर की सफाई को अपने भाई के साथ उतरे राजू की भी उपचार के दौरान मौत हो गई। उसका उपचार यथार्थ अस्पताल में चल रहा था। वे आईसीयू में वेंटिलेटर पर थे।


### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आरोपी राजेश उर्फ राजू, पुत्रः** श्री. लाल मोहन, **पताः** झुग्गी नंबर 53, प्लेटफार्म नंबर 1, स्वान बस्ती, गोरखपुर, **उत्तर प्रदेश एवं** वागाबॉन्ड, डीबीजी रोड करोल बाग, **दिल्ली FIR No. 034/2020, U/s: 379/411 IPC, पुलिस थाना करोल बाग, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राजेश उर्फ राजू,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया हैं कि उक्त अभियुक्त **राजेश उर्फ राजू,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **राजेश उर्फ राजू, FIR No. 034/2020, U/s: 379/411 IPC, पुलिस थाना करोल बाग, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **29.04.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
शिप्रा धनखड़
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-01
(केंद्रीय) कमरा नंबर 180
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली
DP/2390/CD/2025
(Court Matter)

### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 (2) (ii) Cr. P.C. देखें

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **गणेश पुत्र** गोपाल, **निवासी** ए-100, गीता कॉलोनी, प्रहलादपुर, दिल्ली ने **FIR. No. 1026/2019 U/S 356/379/411 IPC थानाः नोर्थ रोहिणी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **गणेश** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **गणेश** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR. No. 1026/2019 U/S 356/379/411 IPC, थानाः नोर्थ रोहिणी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **गणेश** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **02.04.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
ईब्बानी अग्रवाल
जेएमएफसी-03, कमरा नं. 107
पहला तल, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली
DP/2247/RD/2025
(court matter)

# क्लासीफाइड

### Change of name

I, SEEMA TANWAR W/O SH. DINESH KUMAR TANWAR previously called SEEMA, doing House wife and resident of H. NO-289, BANK WALI GALI, AZADPUR, DELHI-110033 solemnly declare That for and on behalf of myself and my husband and children and remitter issue wholly renounce/relinquish and abandon the use of my former name/surname of SEEMA and in place there of I do hereby assume from this date the name/surname SEEMA TANWAR and so that I and my husband, children and remitter issue may hereafter he called, known and distinguish not by my former name/surname, but assumed name/surname of SEEMA TANWAR.

### बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

### Change of name

I, DINESH KUMAR TANWAR S/O SH. HANS RAJ previously called DINESH KUMAR, doing Business and resident of H. NO-289, BANK WALI GALI, AZADPUR, DELHI-110033 solemnly declare that on behalf of myself and my wife and children and remitter issue wholly renounce/relinquish and abandon the use of my former name/surname of DINESH KUMAR and in place thereof I do hereby assume from this date the name/surname DINESH KUMAR TANWAR and so that I and my wife, children and remitter issue may hereafter be called, known and distinguish not by my former name/surname, but assumed name/surname of DINESH KUMAR TANWAR

### बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

### बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

### बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं।

### बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

### खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## एक्शन इंडिया

(राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया- पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042
संपर्क सूत्रः 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।

# भाजपा विधायकों ने उठाया जल संकट, सीवरेज और सीसीटीवी का मुद्दा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विधायकों ने गुरुवार को दिल्ली विधानसभा में अपने निर्वाचन क्षेत्रों को प्रभावित करने वाले महत्वपूर्ण मुद्दों जैसे जल संकट, सीवरेज और सीसीटीवी से जुड़े विषय उठाए। भाजपा विधायक अनिल शर्मा ने आरके पुरम में पानी और सीवरेज की गंभीर समस्या का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के कई गांवों में स्थिति बहुत गंभीर है। वहां 24 घंटे सीवेज बहता रहता है। उन्होंने निवासियों की बढ़ती चिंताओं को दूर करने के लिए कार्रवाई की मांग की। मुस्तफाबाद से भाजपा विधायक मोहन सिंह बिष्ट ने विधानसभा में कहा कि उनके यहां पीने के पानी की बहुत ज्यादा समस्या है। क्षेत्र में जल उपचार संयंत्र होने के बावजूद लोगों को पीने का पानी तक नहीं मिल पा रहा। उन्होंने कहा कि यहां पर पहले शुद्ध गंगा जल मिलता था। लेकिन आज स्थिति काफी खराब हो गई है पीने के पानी की बहुत ज्यादा समस्या है। बिष्ट ने जल मंत्री से मांग की कि क्षतिग्रस्त पाइपलाईन को ठीक करवाया जाए ताकि जनता को पीने के पानी की समस्या से राहत मिल सके। विश्वास नगर से भाजपा विधायक ओम प्रकाश शर्मा ने दिल्ली में सीसीटीवी कैमरे लगाने को लेकर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार ने पूरे शहर में कैमरे लगवाए थे। लेकिन कैमरों के लिए किए गए भुगतान में बहुत बड़ा घोटाला किया गया। प्रत्येक विधानसभा में चार हजार कैमरे लगाए जाने थे, लेकिन कई स्थानों पर एक भी कैमरा नहीं लगवाया गया। शर्मा ने आरोप लगाया कि जितने कैमरे लगाए जाने थे, उनकी संख्या काफी कम थी। लेकिन भुगतान पूरी संख्या के कैमरों के लिए किया गया। यह एक बड़ा घोटाला है। उन्होंने इस मुद्दे के संबंध में सभी संबंधित एजेंसियों को लिखकर गहन जांच की मांग की। भाजपा विधायक कैलाश गंगवाल ने अपने विधानसभा में सीवरेज की समस्या को उठाया। उन्होंने कहा कि उनके क्षेत्र में लोग सीवरेज लीकेज की समस्या से जूझ रहे हैं।



**मांग**

**क्षेत्र के कई गांवों में स्थिति बहुत गंभीर है। वहां 24 घंटे सीवेज बहता रहता है, कार्रवाई की मांग की**

## 16 लाख की लूट में बर्तन कारोबारी के मुनीम की हत्या

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** उत्तर-पश्चिम दिल्ली के अशोक विहार स्थित वजीरपुर औद्योगिक क्षेत्र में मंगलवार रात लूटपाट के दौरान बदमाशों ने बर्तन कारोबारी के मुनीम की गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक की शिनाख्त सरोज पाठक (45) के रूप में हुई है। गोली मारने के बाद बदमाशों ने सरोज से रुपयों का बैग लूटा, जिसमें करीब साढ़े 16 लाख रुपये मौजूद थे। इसके बाद फरार हो गए। राहगीरों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस खून से लथपथ पीड़ित को नजदीकी अस्पताल ले गई, जहां उनको मृत घोषित कर दिया गया। खबर मिलते ही जिले के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, क्राइम टीम और एफएसएल मौके पर पहुंच गए। जिला पुलिस उपायुक्त भीष्म सिंह ने बताया कि सरोज पाठक परिवार के साथ शालीमार गांव में रहते थे। इनके परिवार में पत्नी व अन्य सदस्य हैं।

# आम आदमी पार्टी के विधायकों ने किया विधानसभा के बाहर प्रदर्शन

**लगाए आरोप**

**भाजपा वालों ने सरकार में आते ही तानाशाही की हदें पार कर दीं: विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष आतिशी**



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** आम आदमी पार्टी (आआपा) के विधायकों ने विधानसभा परिसर में प्रवेश से रोकने के मामले को लेकर परिसर के बाहर प्रदर्शन किया। इनमें पूर्व मुख्यमंत्री एवं दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष आतिशी और पार्टी के अन्य विधायक शामिल थे। आतिशी ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि भाजपा वालों ने सरकार में आते ही तानाशाही की हदें पार कर दीं। उन्होंने कहा कि जय भीम के नारे लगाने पर तीन दिन के लिए आम आदमी पार्टी (आआपा) के विधायकों को सदन से निलंबित किया गया। आज आआपा विधायकों को विधान सभा परिसर में जाने नहीं दिया गया। आतिशी ने बताया कि दिल्ली विधानसभा में पुलिस अधिकारियों द्वारा सदन के बाहर ही पुलिस बैरिकेड लगाकर विपक्षी विधायकों को रोक दिया गया। उन्होंने कहा कि दिल्ली विधान सभा के इतिहास में पहले कभी नहीं हुआ कि चुने हुए विधायकों को विधान सभा परिसर के अंदर जाने से रोका गया हो। उधर, आआपा के प्रदर्शन पर भाजपा सांसद कैलाश गहलोत ने कहा कि ऐसा पहली बार नहीं हुआ है कि किसी विधायक को सदन से बाहर किया गया। 2015 से लेकर 2025 तक भाजपा के विधायकों को कई बार सदन से निष्कासित किया गया। ओम प्रकाश शर्मा को तो पूरे सत्र के लिए निलंबित किया गया था। भाजपा विधायक हरीश खुराना ने कहा कि अब आम आदमी पार्टी के पास कोई मुद्दा नहीं बचा है। इसलिए वह दिल्ली की जनता का ध्यान कैग के मुद्दे से भटकाने का प्रयास कर रही है। कैग की रिपोर्ट पटल पर आ चुकी है।

## सफदरजंग में बढ़ी एक और सुविधा, मरीजों को राहत

**लिवर के मरीजों को मिलेगा लाभ, अस्पताल में**




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** देश में बढ़ते मोटापे की समस्या के साथ लिवर से जुड़ी परेशानी बढ़ रही है। इन समस्याओं को जल्द पकड़ने के लिए सफदरजंग अस्पताल में नई फाइब्रो स्कैन मशीन आई है। इस मशीन की मदद से फाइब्रोसिस और स्टेटोसिस की जांच आसान होगी। ये दोनों ही लिवर से संबंधित समस्याएं हैं। फाइब्रोसिस लिवर की वह स्थिति है जिसमें लिवर के ऊतकों में निशान बन जाते हैं। यह सामान्य रूप से पुरानी सूजन या संक्रमण (जैसे हेपेटाइटिस) के कारण होता है। इससे लिवर की कार्यक्षमता प्रभावित हो सकती है। अगर यह स्थिति बढ़ जाती है, तो यह लिवर सिरोसिस में बदल सकती है, जो एक गंभीर अवस्था है। वहीं स्टेटोसिस में लिवर में अधिक मात्रा में वसा जमा हो जाती है। यह वसा जमा होने की स्थिति लिवर की कार्यक्षमता को प्रभावित कर सकती है, लेकिन शुरूआती अवस्था में यह अक्सर कोई लक्षण नहीं दिखाती। यह अधिकतर मोटापे, डायबिटीज, या शराब के अत्यधिक सेवन के कारण होता है। अस्पताल में हर साल इन रोग के हजारों मरीज इलाज करवाने आते हैं। इन रोग का इलाज आसान बनाने के लिए इंडिया फाउंडेशन ने सीएसआर पहल के तहत अस्पताल को फाइब्रोस्कैन मशीन प्रदान की। इस दौरान इंडिया फाउंडेशन के कार्यक्रम निदेशक डॉ. उल्हास वासवे और सफदरजंग अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संदीप बंसल उपस्थित रहे। फाइब्रोस्कैन, लीवर फाइब्रोसिस और स्टेटोसिस का आकलन करने के लिए उपयोग की जाने वाली एक गैर-इनवेसिव तकनीक है, जो इनवेसिव बायोप्सी की आवश्यकता के बिना लीवर की स्थितियों का निदान और निगरानी करने की अस्पताल की क्षमता में काफी सुधार करेगी। इसकी मदद से अस्पताल में इलाज कराने वाले हजारों रोगियों को लाभ मिलने की उम्मीद है।

## विधानसभा में आप एमएलए को न घुसने देने पर भड़कीं आतिशी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली विधानसभा में नेता विपक्ष आतिशी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को चिट्ठी लिखी है। आतिशी ने राष्ट्रपति से तत्काल मिलने का समय मांगा है। आतिशी ने विधानसभा में आम आदमी पार्टी (आप) विधायकों को न घुसने देने पर राष्ट्रपति से मुलाकात के लिए समय मांगा है। आतिशी विधायक दल के साथ राष्ट्रपति से मिलने जाएंगी। नेता विपक्ष आतिशी ने कहा, 'विधानसभा परिसर के बाहर रोकना लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है। बाबासाहेब आंबेडकर और अमर शहीद भगत सिंह की तस्वीर दिल्ली सरकार के दफ्तरों से हटाना शहीदों और दलित पिछड़ों का अपमान है।'

# डबल इंजन सरकार को गति देने के लिए पीएमओ में दिल्ली सेल का गठन

**टीम एक्शन इंडिया**
नई दिल्ली: राष्ट्रीय राजधानी में डबल इंजन की सरकार को रफ्तार देने के लिए प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) में दिल्ली सेल का गठन किया गया है। इस सेल में पीएमओ के वरिष्ठ अधिकारी शामिल किए गए हैं। यह सेल केंद्र और दिल्ली सरकार के सभी मंत्रालयों के बीच समन्वय का काम करेगा। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन पर गृह मंत्रालय के माध्यम से विकास कार्यों की दिन प्रति दिन प्रगति की निगरानी होगी। साथ ही यदि विकास से जुड़ी परियोजनाएं या अन्य योजनाओं में कोई अड़चन आती है तो उसे जल्द दूर किया जाएगा।

**इसलिए हुआ सेल का गठन**
नाम नहीं बताने की शर्त पर एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि दिल्ली के विकास को लेकर पीएमओ की ओर से लगातार बैठकें चल रही हैं। इसी क्रम दिल्ली सरकार के सभी मंत्रालयों से बेहतर तालमेल और समन्वय के लिए दिल्ली सेल का गठन किया गया है। प्रमुख रूप से इंफ्रास्ट्रक्चर, परिवहन और यमुना की सफाई प्राथमिकता पर है। साथ ही आईटी पर भी ध्यान दिया जाएगा।

**यमुना को लेकर तैयार होगी योजना**
अधिकारियों का कहना है कि दिल्ली में बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए फ्लाईओवर, सड़क आदि का निर्माण होगा। वहीं परिवहन व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए परिवहन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। दिल्ली परिवहन विभाग में कमियां हैं, इसमें सुधार के लिए भी योजना तैयार होगी। साथ ही बसों की कमी भी जल्द दूर होगी। इसके अलावा यमुना की सफाई और रिवर फ्रंट आदि बनाने के लिए संबंधित विभागों द्वारा योजना तैयार की जा रही है। पीएमओ की इस पर विशेष ध्यान है। केंद्र सरकार के सभी मंत्रालयों को कहा गया है वह दिल्ली पर विशेष ध्यान दें।

**समन्वय की कमी से पिछड़ी दिल्ली...**
बीते 10 सालों से दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार रही। इस दौरान केंद्र में भाजपा की सरकार के साथ दिल्ली सरकार के बीच तालमेल की कमी रही। इससे दिल्ली में विकास कार्यों को जो गति मिलनी चाहिए थी वह नहीं मिल सकी। बताया जाता है कि आम आदमी पार्टी की सरकार के दौरान दिल्ली के सभी मंत्रालयों से केंद्र सरकार के मंत्रालयों के बीच बेहतर समन्वय नहीं हो पाया। सूचनाओं के आदान-प्रदान में भी कमी रही। इस वजह से दिल्ली में इंफ्रास्ट्रक्चर, परिवहन और यमुना की सफाई आदि जैसे प्रमुख मुद्दों पर काम नहीं हो पाया।

**नहीं होगी फंड की कमी...**
राजधानी में जाम से राहत दिलाने वाली कई परियोजनाओं से पिछली सरकार ने अपने हाथ पीछे कर लिए थे। माना जा रहा है कि इन परियोजनाओं काम आगे इस लिए नहीं किया गया कि फंड की कमी थी। लेकिन अब परियोजनाओं में फंड की अड़चन नहीं आएगी। केंद्र सरकार परियोजनाओं को पूरा करने के लिए फंड की कमी को दूर करेगा।



**समन्वय**

**इस सेल में पीएमओ के वरिष्ठ अधिकारी शामिल किए गए हैं। सभी मंत्रालयों के बीच समन्वय का काम करेगा**

# बड़ी कंपनियों के नाम पर नकली शराब बनाने वाली फैक्टरी का पर्दाफाश

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** रोहिणी के भारत विहार इलाके में बड़ी कंपनियों के नाम पर नकली शराब बनाने वाली फैक्टरी का पर्दाफाश हुआ है। पुलिस ने फैक्टरी से धर्मेंद्र (50) को गिरफ्तार किया है। मौके से पुलिस को महंगी बोतलों के नकली ढक्कन, स्टीकर, हरियाणा की शराब के अलावा क्युआर-बार कोड, एक्साइड लोगो प्रिंट करने वाली डाई तथा मशीन बरामद हुई हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार आरोपित के खिलाफ क्राइम ब्रांच ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार क्राइम ब्रांच की नॉर्दन रेंज-2 टीम को बुधवार दोपहर रोहिणी के भारत विहार इलाके के एक मकान में महंगी शराब की बोतलों में नकली शराब भरे जाने की सूचना मिली थी। सूचना को पुख्ता कर टीम ने घर पर दबिश दे दी। घर में पुलिस को धर्मेंद्र मिला। पुलिस टीम ने उसे परिचय दिया और फिर घर की तलाशी ली गई। घर के अंदर जगह-जगह कार्टन रखे हुए थे। पूछताछ में आरोपित ने बताया कि वह हरियाणा की शराब को महंगी शराब की कंपनी की जैसी दिखने वाली बोतल में भरता था। इसके बाद उस पर नकली स्टीकर, कोड लगा देता था। आखिर में वह उस पर फॉर सेल इन दिल्ली का ठप्पा भी लगा देता था। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर पता लगा रही है कि वह किस-किस को यह शराब बेच रहा था, जिससे मामले में कई और गिरफ्तारियां होने की संभावना है।
पुलिस को वहां से 50 से भी ज्यादा नकली ढक्कन मिले हैं।




**भंडाफोड़**

**नकली शराब बनाने वाली फैक्टरी का पर्दाफाश हुआ है। पुलिस ने फैक्टरी से धर्मेंद्र (50) को गिरफ्तार किया**

## विधानसभा में उठी 'नजफगढ़' का नाम बदलकर नाहरगढ़ करने की मांग

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** भाजपा विधायक नीलम पहलवान ने गुरुवार को विधानसभा में उनके क्षेत्र नजफगढ़ का नाम बदलकर नाहरगढ़ किए जाने की अपील की। नीलम पहलवान नजफगढ़ से चुनकर आई हैं और सदन में पहली बार अपनी बात रख रहीं थीं।
दिल्ली विधानसभा में उन्होंने कहा कि नजफगढ़ क्षेत्र ने मुगलों के समय में काफी कुछ सहा है। 1857 की क्रांति में राजा नाहर सिंह ने भाग लिया और इस क्षेत्र को दिल्ली में लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि उनके नाम पर नजफगढ़ का नाम बदलकर नाहरगढ़ किए जाने की कई बार अपील की गई है। मंत्री प्रवेश वर्मा के सांसद रहने के दौरान भी इस मुद्दे को कई बार उठाया गया। नीलम ने इसके अलावा दिल्ली देहात को मास्टर प्लान में शामिल किए जाने और उनके क्षेत्र में जच्चा-बच्चा केन्द्र बनाए जाने की भी बात कही। उल्लेखनीय है कि राजा नाहर सिंह (1823-1858) हरियाणा के फरीदाबाद जिले में बल्लभगढ़ की रियासत के एक जाट राजा थे। वह 1857 के भारतीय विद्रोह में शामिल थे। फरीदाबाद के नाहर सिंह स्टेडियम का नाम उनके नाम पर रखा गया है। दिल्ली मेट्रो की वायलेट लाइन में बल्लभगढ़ मेट्रो स्टेशन का नाम भी राजा नाहर सिंह के नाम पर रखा गया है।


मोहन सिंह बिष्ट दिल्ली विधानसभा के उपाध्यक्ष निर्वाचित।

## दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष ने आतिशी को नेता विपक्ष के रूप में मान्यता दी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष** विजेंद्र गुप्ता ने आज आम आदमी पार्टी (आआपा) विधायक आतिशी को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली की विधानसभा में विपक्ष के नेता के रूप में मान्यता प्रदान कर दी। यह निर्णय आम आदमी पार्टी द्वारा आतिशी को विपक्ष का नेता नियुक्त किए जाने के कुछ दिनों बाद आया है।
दिल्ली विधानसभा सचिवालय की ओर से आज यहां जारी गजट में कहा गया है कि विधानसभा अध्यक्ष ने दिल्ली विधानसभा की सदस्य आतिशी जो सरकार के विपक्षी दल की नेता हैं।

# अंकेश लाकड़ा गैंग का शार्प शूटर गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने अंकेश लाकड़ा** गैंग के एक शार्प शूटर को गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान मुंडका गांव निवासी विशाल लाकड़ा रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपित के पास से दो पिस्तौल और चार जिंदा कारतूस बरामद किये हैं। जांच में पता चला है कि विशाल के करीबी साथी अमित लाकड़ा की हाल ही में प्रतिद्वंद्वी नीरज बवानिया गैंग के बदमाशों ने हत्या कर दी थी। विशाल लंबे समय से गैंग के लोगों से बदला लेने के लिए मौका तलाश रहा था। फिलहाल पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। क्राइम ब्रांच के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि विशाल अपने प्रतिद्वंद्वी गैंग के लोगों की हत्या करने की फिराक में घूम रहा है। इस बीच पुलिस को सूचना मिली के आरोपित रोहिणी के पास देखा गया है। पुलिस ने सूचना को पुख्ता कर जापानी पार्क गेट नंबर 4 के पास से आरोपित को दबोचा। तलाशी लेने पर उसके पास से दो पिस्तौल व कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ के दौरान आरोपित विशाल लाकड़ा ने खुलासा किया कि वह अंकेश लाकड़ा गैंग का सक्रिय सदस्य है। वह अंकेश को बचपन से अपना गुरु मानता है। पूछताछ में उसने बताया कि वह मूल रूप से दिल्ली के मुंडका गांव का रहने वाला है। यहीं से अंकेश लाकड़ा भी है। आरोपित ने बताया कि वह लूटपाट के मामले में वह दो बार जेल जा चुका है।



**काबू**

**पुलिस ने आरोपित के पास से दो पिस्तौल और चार जिंदा कारतूस बरामद किये हैं, पुलिस को सफलता**

# महाशिवरात्रि पर साउथ एशियन विवि में नॉनवेज परोसने पर बवाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली के साउथ एशियन यूनिवर्सिटी (एसएयू) में महाशिवरात्रि के मौके पर छात्रों के बीच मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि यूनिवर्सिटी के मेस में नॉनवेज परोसा गया। जिसे लेकर स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के सदस्यों के बीच हाथापाई होने लगी। मारपीट का एक वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है। स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने एक-दूसरे पर हिंसा भड़काने का आरोप लगाया है। एसएफआई का आरोप है कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सदस्यों ने छात्रों के बाल खींचे और उन पर हमला किया। एसएफआई दिल्ली के एक आधिकारिक बयान के अनुसार एबीवीपी के सदस्यों ने विश्वविद्यालय के मेस में कुछ छात्रों पर उनकी मांग का पालन नहीं करने पर हमला किया कि महा शिवरात्रि पर मांसाहारी भोजन नहीं परोसा जाना चाहिए। वहीं, एबीवीपी का कहना है कि कई छात्रों ने महाशिवरात्रि के मौके पर उपवासी भोजन की मांग की थी। छात्रों की इस मांग को स्वीकार करते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन ने दो अलग-अलग मेस में से एक मेस में उपवासी भोजन की व्यवस्था की गई थी। कुछ छात्र जानबूझकर धार्मिक सद्भाव को बिगाड़ने का प्रयास किया और एसएफआई से जुड़े लोगों ने वहां जबरन नॉनवेज परोसने का प्रयास किया।



**मामला गर्माया**

**एसएफआई और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के सदस्यों के बीच हाथापाई होने लगी**

# गरीबों का पैसा लूटने वालों को बख्शा नहीं जाएगा: तरुण

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली विधानसभा में नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की रिपोर्ट पर गुरुवार को चर्चा जारी है। इस पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ ने कहा कि जिन लोगों ने गरीबों का पैसा लूटा है उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। चुघ ने भाजपा मुख्यालय में इस पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि दिल्ली विधानसभा में कैग की रिपोर्ट पर चर्चा हो रही है। चोरी और घोटालों पर चर्चा स्वस्थ लोकतंत्र का आधार है और समय की मांग भी है। अरविंद केजरीवाल ने स्कूल खोलने के बजाय दिल्ली में मधुशाला खोल दिए। आम आदमी पार्टी का सच आज जनता जान चुकी है कि इन्होंने किस तरह सत्ता में रहते हुए लोकपाल और लोकतंत्र का मजाक उड़ाया। उन्होंने कहा कि भाजपा की दिल्ली सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ इस मुद्दे को जनता के सामने लाएगी और यह सुनिश्चित करेगी कि भ्रष्टाचारियों को सख्त सजा मिले। गरीबों का पैसा लूटने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। आम आदमी पार्टी के विधायकों को विधानसभा से सस्पेंड करने पर तरुण चुघ ने कहा कि जो कल तक सदन में से भाजपा के विधायकों को बाहर करवा रहे थे, आज वो लोकतंत्र की बात कर रहे हैं। भाजपा की सरकार लोकतंत्र के प्रति वचनबद्ध है।



# मौसम के तेवर से बागवानी के किसान परेशान न हों : मंत्री

**प्रोत्साहन**

**आमदनी देने वाली उच्च जोखिम की बागवानी फसलें लेने के लिए प्रोत्साहित करना है**



**टीम एक्शन इंडिया**
**चण्डीगढ़: हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण** मंत्री श्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि अब मौसम के सख़्त तेवर से बागवानी के किसानों को परेशान होने की जरुरत नहीं है , प्रदेश सरकार की "मुख्यमंत्री बागवानी बीमा योजना" उनकी समस्याओं का समाधान कर रही है। श्री राणा ने राज्य के किसानों को "मुख्यमंत्री बागवानी बीमा योजना" का लाभ उठाने का आह्वान किया है। उद्यान विभाग के प्रवक्ता ने इस बारे में अधिक जानकारी देते हुए बताया कि विभाग द्वारा " मुख्यमंत्री बागवानी बीमा योजना" शुरू की गई है , इस योजना का मुख्य उद्देश्य किसानों को पारंपरिक अनाज फसलों की बजाए अधिक आमदनी देने वाली उच्च जोखिम की बागवानी फसलें लेने के लिए प्रोत्साहित करना है। उन्होंने बताया कि " मेरी फसल मेरा ब्यौरा" पोर्टल पर पंजीकृत सभी किसान इस योजना के लिए नामांकन हेतु पात्र हैं। उन्होंने आगे बताया कि राज्य के किसान स्वेच्छा से बीमा के लिए निर्धारित अंशदान की राशि देकर उक्त योजना के लिए नामांकन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि सब्जी व मसाले की फसल का 30 हजार रुपए प्रति एकड़ तथा फलों की खेती का 40 हजार रुपए प्रति एकड़ का बीमा किया जाता है। इसमें किसान को सब्जी व मसाले की खेती के लिए 750 रुपए तथा फल की खेती के लिए 1000 रुपए प्रति एकड़ बीमा राशि देनी पड़ती है। प्रवक्ता के अनुसार अधिक "मुख्यमंत्री बागवानी बीमा योजना" के लिए अधिक जानकारी संबंधित जिला उद्यान अधिकारी अथवा टोल -फ्री नंबर 1800-180-2021 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

## अवैध खनन व बिना ई-वे बिल वालों पर है सरकार की विशेष नजर



**टीम एक्शन इंडिया**
**चण्डीगढ़:** हरियाणा खनन विभाग के महानिदेशक केएम. पांडुरंग के निर्देशानुसार फरीदाबाद जिला सहित पूरे प्रदेश में अवैध खनन रोकने के लिए चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत जहां अवैध खनन न हो इसकी गंभीरता से जांच की जा रही है वहीं कोई भी खनिज वाहन बिना ई-वे बिल के जिला की सड़कों से न निकले इसकी भी पूरी मॉनिटरिंग की जा रही है। विभाग के प्रवक्ता ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि अवैध खनन रोकने सहित बिना ई-वे बिल के निकलने वाले खनिज वाहनों पर सरकार की पारखी नजर है। इसी कड़ी में जिला फरीदाबाद में दिन रात खनन विभाग की टीम जहां सड़कों पर मॉनिटरिंग कर रही है वहीं नियमों की अवहेलना करने वालों पर कार्रवाई भी सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने बताया कि आज सुबह टीम ने खनिज वाहनों की जांच के दौरान केली पुल के पास एक डंपर को बिना ई-वे बिल के पाया और चालक के पास अन्य कोई भी दस्तावेज नहीं था। ऐसे में विभाग की ओर से उक्त खनिज वाहन को पुलिस की मौजूदगी में सीज किया गया और आगामी आवश्यक कार्रवाई अमल में लाई गई। टीम द्वारा फरीदाबाद जिले में निरन्तर अवैध खनन न हो इसकी जांच की जा रही है साथ ही जिला से निकलने वाले राष्ट्रीय व राज्य मार्गों सहित अन्य कनेक्टिविटी पर चेकिंग टीम द्वारा खनिज वाहनों की जांच की जा रही है।

## मतदाता शहरी निकाय चुनाव में करें बढ़चढ कर मतदान

**आह्वान**

**मतदाता सूची में नाम दर्ज होने पर ही कर सकते है मताधिकार का उपयोग**

**टीम एक्शन इंडिया**
**चण्डीगढ़:** हरियाणा के राज्य चुनाव आयुक्त श्री धनपत सिंह ने मतदाताओं से आह्वान करते हुए कहा कि वे 2 मार्च को होने वाली शहरी स्थानीय निकाय चुनाव में बढ़ चढ कर मतदान करें। मतदान में केवल वही मतदाता मताधिकार का उपयोग कर सकेगा जिसका नाम संबंधित नगर निगम/ नगर परिषद अथवा नगरपालिका की मतदाता सूची में शामिल है। मतदाता का नाम सम्बन्धित नगर निगम/ नगर परिषद अथवा नगरपालिका की मतदाता सूची में दर्ज होना आवष्यक है। सभी मतदाताओं को मतदान करने के लिए अपने साथ फोटो युक्त पहचान पत्र लेकर आना होगा।

**कार्ड के अलावा अन्य वैकल्पिक पहचान पत्र दिखाकर भी वोट डाल सकते हैं: राज्य चुनाव आयुक्त**

धनपत सिंह राज्य चुनाव आयुक्त श्री धनपत सिंह ने कहा कि जिन मतदाताओं के पास यदि वोटर कार्ड नहीं हैं तो वे अन्य वैकल्पिक पहचान पत्र दिखाकर भी वोट डाल सकते हैं।

ऐसे मतदाता पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, केंद्रीय एवं राज्य सरकार के कार्यालयों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, स्थानीय निकायों या अन्य पब्लिक सेक्टर अंडरटेकिंग द्वारा कर्मचारियों को जारी सेवा पहचान पत्र, बैंक या डाकघर द्वारा जारी फोटो युक्त पहचान पत्र, स्वतंत्रता सेनानी फोटो पहचान पत्र, सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी फोटोयुक्त एससी, एसटी, ओबीसी प्रमाण पत्र, सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी फोटोयुक्त शारीरिक विकलांगता प्रमाण पत्र, विधवा पेंशन आदेश फोटो सहित, स्वास्थ्य बीमा योजना स्मार्ट कार्ड फोटो सहित, राशन कार्ड, यूआईडीएआई द्वारा जारी आधार कार्ड दिखाकर वोट डाल सकते हैं।

## न्यूज फ्लैश

### नकल रोकने के लिए शिक्षा विभाग ने गठित की उडन दस्ते की टीमें

**टीम एक्शन इंडिया**
**यमुनानगर। हरियाणा** बोर्ड की दसवीं व 12वीं कक्षा की परीक्षाओं को लेकर जिले में लगभग 12 हजार विद्यार्थी परीक्षा दे रहे है। जिले में 57 परीक्षा केंद्र बनाए गए। नकल रोकने के लिए शिक्षा विभाग द्वारा अलग-अलग तीन उड़न दस्ते की टीमों का गठन किया गया।परीक्षार्थी में नकल रोकने के लिए शिक्षा विभाग द्वारा सख्त कार्रवाई के निर्देश भी जारी किए गए है। गुरुवार को यमुनानगर के जिला शिक्षा अधिकारी धर्मेंद्र चौधरी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि आज से हरियाणा में 12वीं कक्षा की बोर्ड की परीक्षा शुरू हो चुकी है। जिसमें आज पहला पेपर अंग्रेजी का है। जबकि 10वीं कक्षा की परीक्षा का पहला पेपर शुक्रवार को गणित का होगा। बोर्ड की परीक्षाओं को लेकर जिले के शिक्षा विभाग द्वारा हर प्रकार की तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। जिला यमुनानगर में 57 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि बोर्ड की परीक्षा में नकल को रोकने के लिए दो सदस्यीय तीन उड़न दस्ते की टीमों का गठन किया गया है। जिसमें एक महिला व एक पुरुष निरीक्षक होगा जो नकल करने वाले विद्यार्थियों पर नजर रखेंगे ताकि किसी प्रकार की नकल न हो। उन्होंने कहा कि परीक्षा देने वाले विद्यार्थियों को सख्त हिदायत भी दी गई है कि परीक्षा केंद्र में किसी प्रकार का कोई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण या अन्य साधन उनके पास न हो। बोर्ड की इन परीक्षाओं में 10वीं व 12वीं के लगभग 12 हजार से ज्यादा विद्यार्थी परीक्षा दे रहे है। उन्होंने बताया कि 10 वीं की परीक्षाएं 19 मार्च को समाप्त होंगी वहीं 12वीं की परीक्षाएं दो अप्रैल को समाप्त होंगी।

### गुरुग्राम: दहेज में मांगे थे 51 लाख व फॉर्च्यूनर, वर पक्ष को ही देने पड़ गए 73 लाख

**टीम एक्शन इंडिया**
**गुरुगाम। गुरुग्राम में** लडकी वालों से 51 लाख रुपये और फॉर्च्यूनर गाड़ी मांगना लडके वालों को ही महंगा पड़ गया। बारात वधू के दरवाजे पर पहुंचने के बाद यह मांग की गई तो वधू पक्ष ने 15 घंटे तक बारात को रोके रखा। काफी विवाद के बाद यह रिश्ता तोड़ दिया गया और लडके वालों से 73 लाख रुपये वधू पक्ष ने लेकर समझौता किया। दहेज के लोभियों के लिए यह बड़ा सबक है। जानकारी के अनुसार गुरुगाम के खेडकी दौला थाना क्षेत्र के गांव भांगरौला निवासी दिल्ली पुलिस में सेवारत सेवाराम की बेटी की शादी गुरुग्राम जिला के ही गांव जुड़ोला के रहने वाले डा. मोहित से तय हुई थी। 25 फरवरी को बारात उनके दरवाजे पर रात दो बजे पहुंची। इस दौरान दूल्हा पक्ष द्वारा वधू पक्ष से 51 लाख रुपये और फॉर्च्यूनर की मांग की गई। इससे विवाद हो गया। वधू पक्ष की ओर से बारात को रोक लिया गया। विवाह की रस्में रोक दी गई। करीब 15 घंटे तक विवाद होता रहा। मौके पर वधू पक्ष की ओर से पुलिस बुला दी गई। वधू पक्ष ने कहा कि उनकी ओर से लगन में कार और नकदी दी गई थी। विवाद सुलझाने के लिए पंचायत भी हुई और पंचायत में समझौता हुआ। लडका पक्ष ने कार व नकदी तो लौटाई ही, इसके अलावा लडकी पक्ष को उन्होंने 73 लाख रुपये और दिए। इसके लिए उन्होंने जमीन और प्लॉट को गिरवी रखा। मानेसर के एसीपी वीरेंद्र सैनी के मुताबिक पुलिस व मौजिज ग्रामीणों की मौजूदगी में दोनों परिवारों का यह लिखित में समझौता हुआ। लडका पक्ष के पास इतना पैसा नहीं था। ऐसे में मौजिज व्यक्ति मनोज यादव निवासी गांव साढराणा ने मौके पर जिम्मेदारी ली। लडका पक्ष की ओर से एक प्लॉट व मकान का एग्रीमेंट लडकी पक्ष के नाम किया गया है। लडका मोहित एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी करके एक प्राइवेट अस्पताल में डॉक्टर है। लडकी टीचर की ट्रेनिंग ले चुकी है।

### बूंदाबांदी से तामपान में आई गिरावट, गेहूं फसल के लिए लाभकारी: आदित्य डबास

**टीम एक्शन इंडिया**
यमुनानगर: पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने की वजह से मौसम ने करवट बदली है। गुरुवार अलसुबह से हो रही बूंदाबादी से जहां एक और तापमान में गिरावट आई है, वहीं मौसम विभाग के अनुसार अगले एक दो दिन इसी तरह के मौसम के बने रहने की संभावना है। कृषि विशेषज्ञ इस बूंदाबांदी को गेहूं की फसल के लिए लाभकारी बता रहें हैं। गुरुवार को अधिक जानकारी देते हुए जिला कृषि विभाग के उप निदेशक डॉक्टर आदित्य डबास ने बताया कि इस बूंदाबांदी से गेहूं की फसल को लाभ मिलेगा। वहीं मिट्टी में नमी भी बनी रहेगी। वैसे तो दस मार्च तक समय-समय पर गेहूं की फसल को पानी भी दिया जाता है और मार्च के पहले एक सप्ताह में अगर तापमान में बढ़ौतरी होती है तो इसका असर गेहूं के उत्पादन पर पड़ेगा और उत्पादन में कमी आएगी।

## पुलिस ने लूट की योजना बनाते आठ को दबोचा

**टीम एक्शन इंडिया**
नारनौल। नारनौल पुलिस ने अवैध हथियारों के साथ आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। इन पर पूर्व में भी मामले दर्ज हैं और ये सभी आपराधिक पृष्ठभूमि के हैं। पकड़े गए आरोपी हरियाणा और राजस्थान के निवासी हैं। पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ ने गुरूवार को पत्रकार वार्ता में बताया कि साइबर सेल की मदद से सीआईए महेंद्रगढ़ की टीम ने लूट की योजना बनाते हुए आठ लोगों को अवैध हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि इन आरोपियों में अनिल निवासी मांदी, कुलदीप निवासी रतनपुरा थाना बानसूर राजस्थान, रजनीश निवासी चंदू वाली ढाणी थाना बानसूर राजस्थान, राहुल और शुभम निवासी मांदी, शील मधुर निवासी सुरानी, सुरेन्द्र निवासी खटोटी थाना हरसोरा राजस्थान और संजय निवासी उनींदा को गिरफ्तार किया है। टीम ने पकड़े गए आरोपियों से अवैध दो देसी पिस्टल, तीन जिंदा कारतूस, दो डंडे और दो गाड़ियां बरामद कर जब्त की हैं।

सभी आरोपियों के खिलाफ पहले भी काफी मामले दर्ज हैं। आरोपी अनिल के खिलाफ 19 मामले, आरोपी कुलदीप के खिलाफ सात मामले, आरोपी रजनीश के खिलाफ छह मामले, आरोपी राहुल के खिलाफ सात मामले, आरोपी शुभम के खिलाफ दो मामले, आरोपी संजय के खिलाफ चार मामले और आरोपी शील मधुर व आरोपी सुरेंद्र के खिलाफ एक-एक मामला दर्ज है। आरोपियों के खिलाफ थाना सदर कनीना में मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## फरीदाबाद में खिलेंगे 47 कमल के फूल: बड़ौली



**टीम एक्शन इंडिया**
**चण्डीगढ़:** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने गुरुवार को फरीदाबाद में भाजपा मेयर प्रत्याशी प्रवीण बत्रा जोशी व वार्ड प्रत्याशियों के समर्थन में रोड शो और जनसभाएं कर लोगों से वोट देने की अपील की। श्री बड़ौली ने कहा कि जनसभाओं व रोड शो में उमड़ रही लोगों भीड़ ने तय कर दिया है कि फरीदाबाद में 47 कमल के फूल खिलेंगे और प्रवीण बत्रा जोशी के नेतृत्व में ट्रिपल इंजन की सरकार बनेगी। श्री बड़ौली ने दावा करते हुए कहा कि पूरे प्रदेश में माहौल भाजपा के पक्ष में और जनता ट्रिपल इंजन की सरकार बनाने का मन बना चुकी है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कांग्रेस पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पर जनता का भरोसा नहीं है। जनता ने कांग्रेस से किनारा कर लिया है और इस निकाय चुनाव में मतदाता कांग्रेस का हाल दिल्ली विधानसभा चुनाव जैसा करने वाले हैं। उन्होंने कहा कि निकाय चुनाव में कांग्रेस जीरो पर आउट होगी। श्री बड़ौली ने कहा कि पिछले 10 वर्षों से भाजपा सरकार जनहित में निर्णय लेकर काम कर रही है। सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास और सबका विश्वास के मंत्र पर चलते हुए हरियाणा की नायब सरकार जनता के भरोसे पर खरा उतर रही है। हरियाणा के लोगों का मोदी की गारंटी पर भरोसा है, इसलिए ही तीसरी बार भाजपा को पूर्ण बहुमत देकर लोगों ने नायब सैनी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनाई है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हरियाणा की जनता विकास चाहती है। लोगों को भी मालूम है कि हर क्षेत्र का विकास बिना भेदभाव के भाजपा सरकार ही कर सकती है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि भाजपा ने जिन प्रत्याशियों को कमल का फूल देकर चुनाव के मैदान में उतारा है उन्हें ही वोट दें। श्री बड़ौली ने कहा कि केंद्र में मोदी और राज्य में नायब सरकार है, इसलिए क्षेत्र का विकास भाजपा ही कर सकती है। उन्होंने कहा कि चुनाव में गलती नहीं करनी है, गलती से भी कोई अन्य व्यक्ति चुन लिया गया तो वह पांच वर्षों तक यही कहता रहेगा।

## पानीपत नगर निगम में 9 मार्च को होंगे मतदान: राज्य चुनाव आयुक्त

**टीम एक्शन इंडिया**
**चण्डीगढ़:** हरियाणा के राज्य चुनाव आयुक्त श्री धनपत सिंह ने बताया कि प्रदेश में शहरी स्थानीय निकाय चुनाव में 7 नगर निगमों, 4 नगर परिषदों तथा 21 नगरपालिकाओं में होने वाले चुनाव के लिए मतदान 2 मार्च को होगा। साथ ही दो नगर निगमों में मेयर पद, एक नगर परिषद में प्रधान (प्रेजीडेंट), दो नगर पालिकाओं में प्रधान (प्रेजीडेंट ) और तीन नगर पालिकाओं के वार्डों में वार्ड सदस्य के लिए उप-चुनाव के लिए भी 2 मार्च को ही मतदान होगा। इसके अलावा नगर निगम पानीपत में महापौर (मेयर) एवं सभी वार्डों के सदस्यों के चुनाव के लिए मतदान की तिथि 9 मार्च रहेगी । राज्य चुनाव आयुक्त धनपत सिंह ने बताया कि 7 नगर निगमों (फरीदाबाद, गुरुग्राम, मानेसर, हिसार, करनाल, पानीपत, रोहतक एवं यमुनानगर) में महापौर तथा वार्ड सदस्यों के चुनाव के लिए हरेक मतदान केंद्र में 2 अलग-अलग इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) लगाई जायेगी। उन्होंने बताया कि दो नगर निगमों में (अंबाला तथा सोनीपत) महापौर पद के लिए, एक नगर परिषद (सोहना) में प्रधान (प्रेजीडेंट) पद और दो नगरपालिकाओं (असंध और ईमाइलाबाद) में प्रधान (प्रेजीडेंट) के पद तथा 3 नगरपालिकाओं (सफीदो, तरावड़ी व लाडवा) के वार्डों में वार्ड सदस्यों के लिए होने वाले उपचुनाव में हरेक मतदान केंद्र में एक ईवीएम मशीन द्वारा ही मतदान करवाया जाएगा। उन्होंने आगे बताया कि 4 नगर परिषदों ( अम्बाला सदर, पटौदी-जटोली मंडी, थानेसर और सिरसा ) में प्रधान (प्रेजीडेंट) तथा वार्ड सदस्यों के लिए चुनाव होंगे।

## लाखों की ठगी का आरोपी राजस्थान से गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**फरीदाबाद। ड्रीम इलेवन की** फ्रैंचाइजी दिलाने के नाम पर आठ लाख रुपए का साइबर फ्रॉड करने वाले एक आरोपी को साइबर थाना सेन्ट्रल की टीम ने राजस्थान के नागौर से गिरफ्तार किया है। आरोपी को गुरुवार पुलिस ने अदालत में पेश किया, जहां से उसे सात दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सेक्टर-85 के रहने वाले एक व्यक्ति ने थाना साइबर सेंट्रल में दी शिकायत में देते हुए आरोप लगाया कि उसके पास एक टेलीग्राम आईडी से मैसेज आया कि वह ड्रीम इलेवन की फ्रैन्चाइजी देने का काम करते है।

## राज्यपाल ने डॉ. बी आर आंबेडकर की प्रतिमा का किया लोकार्पण



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय सोनीपत में डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा का लोकार्पण राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय द्वारा वीरवार को किया गया। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. अर्चना मिश्रा ने माननीय कुलाधिपति एवं हरियाणा के राज्यपाल को पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि विश्वविद्यालय का नाम डॉ. बी. आर. आंबेडकर जी के नाम पर है और आज विश्वविद्यालय के प्रांगण में ऐसी महान विभूति की प्रतिमा का लोकार्पण हुआ है। किसी भी संस्थान के लिए बड़े गौरव की बात होती है कि जिस महान विभूति के नाम पर उस संस्था का नाम हो और उसके प्रांगण में उस महान शख्सीयत की प्रतिमा स्थापित हो। आज उसी बात को सिद्ध करते हुए डॉ. बी. आर. आंबेडकर राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय सोनीपत में भी यह महान कार्य हुआ है। उन्होंने कहा कि डॉ. बी. आर. आंबेडकर जी हम सब के लिए प्रेरणा प्रतीक हैं। डॉ. भीम राव अंबेडकर एक महान व्यक्तित्व थे। हम सभी उन्हें भारतीय संविधान के जनक के रूप में जानते हैं। बाबा साहब को समानता के प्रतीक के रूप में देखा जाता है। उन्होंने जातिवाद व भेदभाव का सख्त विरोध किया और समाज को समान अवसर प्रदान करने और समृद्धि की दिशा में बदलने के कार्य किया। उन्होंने भारतीय संविधान को तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**सम्मान**

**अर्चना मिश्रा ने कुलाधिपति एवं हरियाणा के राज्यपाल को पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया**

## विदेश गए युवाओं को अपराधी कहना देश विरोधी होने का सबूत: रणदीप सिंह सुरजेवाला

**टीम एक्शन इंडिया**
**चण्डीगढ़:** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस महासचिव व सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला ने भाजपा व हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री व भाजपा के सांसद मनोहर लाल खट्टर पर युवा व देश विरोधी होने का आरोप लगाया। रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि अमेरिका से हथकड़ी लगाकर, बेड़ियों में बाँध कर, जानवरों की तरह जबरन वापस भेजे जा रहे हरियाणा सहित देश के युवाओं के बारे में मोदी सरकार के वरिष्ठ मंत्री व करनाल से सांसद मनोहर लाल खट्टर का ब्यान अमानवीय तो है ही, भाजपा नेताओं के ऐसे ब्यान हमारे युवाओं के सपनों का अपमान कर मजाक उड़ाते हैं, जो सब कुछ बेच कर रोटी की तलाश में विदेश गए और सब कुछ लुटा कर हथकड़ियों में घर वापस भेजे जा रहे हैं। भाजपा सांसद व पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने अमेरिका से डिपोर्ट हुए बेरोजगार युवाओं को लेकर बयान दिया कि बहुत ज्यादा बहस नहीं की जा सकती। अपराधी तो हैं, उस देश के अपराधी हैं वो , हमारे देश के लोगों ने गलत काम दिया है, अगर उनको पहले कहते रहे, बहुत सहानुभूति दिखाने की जरूरत नहीं है। आज भी मैं कहूँगा कि इन को छोड़ना चाहिए, हमारे बच्चों को, जैसे नशे में घुसते हैं, ऐसे डिपोर्ट भी उसी प्रकार की एक समस्या है। हम सहनभूति क्यों दिखाते हैं, ठीक है वो जैसे लायें, लायें, यहाँ तो छोड़ गए इनके लिए सहानुभूति दिखाने की जरूरत नहीं है, अमेरीका वाले इनको जैसे मर्जी यहां लाए। भाजपा सांसद खट्टर व भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि भाजपा के लोग ये जान लें कि1. रोजी रोटी की तलाश में विदेश गए हमारे बच्चे अपराधी नहीं हैं । ये वो ईमानदार युवा हैं जो प्रदेश व देश में काम न मिलने पर साहस कर सात समुंदर पार गए ताकि इज्जत की जिंदगी जी सकें ।

## शेयर मार्किट में लाखों की ठगी करने वाले दो आरोपित मध्यप्रदेश से गिरफ्तार

**सफलता**

**मामले में कातीर्कय कौरव, पवन पाठक और महेन्द्र सिंह डागीं को पुलिस पहले गिरफ्तार कर चुकी है**

**टीम एक्शन इंडिया**
**फरीदाबाद। शेयर** मार्किट में मोटा मुनाफा देने का झांसा देकर 58 लाख 56 हजार की ठगी करने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को मध्यप्रदेश से गिरफ्तार किया है। मामले में कातीर्केय कौरव, पवन पाठक और महेन्द्र सिंह डागीं को पुलिस पहले गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस ने गुरुवार को आरोपियों को अदालत में पेश किया, जहां से उन्हें पांच दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार सेक्टर-16 निवासी एक व्यक्ति ने शिकायत दी कि बीती 18 मई को उसके पास एक अनजान नंबर से फोन आया और फोन करने वाले ने कहा कि वह शेयर ट्रेडिंग कंपनी में काम करता है तथा लोगों को शेयर ट्रेडिंग कराता है। उसने उसे निवेश करने पर मोटा मुनाफा दिलाने का झांसा दिया और शिकायतकर्ता को एक व्हाट्सएप ग्रुप में जुड़वा दिया, जिस ग्रुप में 29 मई को एक ऐप का लिंक भेजा और लिंक के माध्यम से एक अकाउंट खोलने के लिए कहा । शिकायतकर्ता ने पहली बार दस हजार रुपए जमा किया जिसके बाद ट्रेडिंग होने लगी। इस प्रकार शिकायतकर्ता ने लालच में आकर पैसे निवेश किए। इसके बाद ठगों ने उसे आईपीओ खरीदने पर मोटा मुनाफा दिलाने का लालच दिया। शिकायतकर्ता ने आईपीओ के लिए अप्लाई किया और शिकायतकर्ता के चार आईपीओ निकले। जब शिकायतकर्ता ने आईपीओ के पैसे निकालने चाहे तो टैक्स के नाम पर 31 लाख रुपए जमा करने को कहा। शिकायतकर्ता निवेश के लिए 58 लाख 56 हजार रुपए जमा कर चुका था।

## सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी, आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**फरीदाबाद। सरकारी नौ**करी दिलाने के नाम पर तीन लाख 45 हजार रुपए की धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को साइबर पुलिस टीम सेंट्रल ने गाजियाबाद से गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने गुरुवार को जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार आरोपी अभिषेक महिंद्रा एनक्लेव शास्त्री नगर गाजियाबाद का रहने वाला है। साइबर थाना सेंट्रल में संत नगर ओल्ड फरीदाबाद के रहने वाले एक व्यक्ति ने शिकायत दी। उसने और उसकी बहन ने इंस्ट्राग्राम आईडी पर जॉब के लिए देखा फिर इंस्टाग्राम के जरिए एक व्यक्ति से बात की, जिसमें ठग ने उत्तर प्रदेश पुलिस में महिला वैकेंसी होने की बात कही।

## बसपा को झटका, सैंकड़ों 'कार्यकर्ता भाजपा में शामिल



**टीम एक्शन इंडिया**
यमुनानगर। बहुजन समाज पार्टी को उस समय एक बड़ा झटका लगा जब प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य एवं पार्टी के स्टार प्रचारक मोहित विशु ने अपने सैकड़ो कार्यकर्ता सहित भाजपा का दामन थाम लिया। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने एक कार्यक्रम के दौरान पार्टी का पटका पहनाकर उनका स्वागत किया। गुरुवार को कांसापुर क्षेत्र में भाजपा द्वारा अपने प्रत्याशी के वोट प्रचार के दौरान आयोजित कार्यक्रम में कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा की उपस्थिति में बसपा प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य मोहित विशु अपने सैकड़ो कार्यकर्ता सहित भाजपा में शामिल हो गए। इस मौके पर कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने बसपा छोड़कर भाजपा में शामिल हुए सभी कार्यकताओं का स्वागत किया। मोहित विशु ने कहा कि भाजपा की जनकल्याण नीतियों और विकास कार्यों को देखते हुए उन्होंने भाजपा में अपने साथियों के साथ शामिल होने के निर्णय लिया है। भविष्य में पार्टी द्वारा जो भी जिम्मेदारी मुझे दी जाएगी, वह मैं पूरी मेहनत व ईमानदारी से निभाऊंगा। कृषि मंत्री ने कहा कि मोहित विशु के पार्टी में आने से इस क्षेत्र के भाजपा वार्ड प्रत्याशियों की स्थिति ओर मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि भाजपा में सभी कार्यकताओं को मान सम्मान दिया जाता है और इसीलिए भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। उन्होंने कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री मोदी और प्रदेश में नायब सरकार से प्रदेश में विकास जोरों पर है। उन्होंने कहा कि अब निगम चुनाव प्रचार के केवल दो दिन रह गए हैं। आमजन के भारी समर्थन को देखते हुए यह निश्चित हो गया है कि भाजपा की शहर की पंचायत बनने जा रही है। हमारी शहर की सरकार बनने पर रुके हुए विकास कार्यों को आगे तीन गुना और गति मिलेगी और निगम के माध्यम से जिले को बेहतर सुविधाएं प्रदान की जाएंगी।

**दामन थामा**

**कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने एक कार्यक्रम के दौरान पार्टी का पटका पहनाकर उनका स्वागत किया**

## न्यूज फ्लैश

### एक रात में दो चोरी, महिंद्रा थार का शीशा तोड़ नकदी-कपड़े चुराए

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस



**करनाल।** जिले के कस्बा घरौंडा में चोरों ने एक शादी समारोह के दौरान कार का शीशा तोडकर 10 हजार रुपए नकद और 8-9 हजार के कपड़े चोरी कर लिए। घटना कम्युनिटी हॉल के पास हुई, जिसकी सीसीटीवी फुटेज भी मिली है। वहीं कैमला गांव में गैस एजेंसी से 15 सिलेंडर चोरी कर लिए गए। दोनों मामलों में पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सीसीटीएनएस सिस्टम में तकनीकी खराबी के चलते मुकदमा दर्ज करने में देरी हुई। शिकायतकर्ता हिमांशु चौहान 25 फरवरी की रात को अपने रिश्तेदार की शादी में आया हुआ था। उसने अपनी महिंद्रा थार खड़ी की थी, जिसे अज्ञात चोरों ने निशाना बनाया। चोरी की घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। हिमांशु चौहान ने बताया कि कार से करीब 8-9 हजार रुपए के कपड़े और 10 हजार रुपए नकद चोरी हो गए। चोरी के दौरान मौके पर एक युवक को पकडकर डायल 112 की टीम को सौंप दिया गया।
इसी रात एक अन्य चोरी की घटना कैमला गांव में सामने आई, जहां इंडेन ग्रामीण वितरक नाम की गैस एजेंसी से अज्ञात चोरों ने 15 गैस सिलेंडर चोरी कर लिए। गैस एजेंसी संचालक सुनील कुमार ने बताया कि रात करीब एक बजे चोर एजेंसी में घुसे और सिलेंडर ले गए। सुबह चोरी का पता चलने पर एजेंसी संचालक ने थाना घरौंडा में शिकायत दर्ज करवाई। घरौंडा थाना पुलिस ने हिमांशु चौहान की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। चोरी के मामले में अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है और जांच जारी है। वहीं सुनील कुमार की शिकायत पर गैस सिलेंडर चोरी का मामला भी दर्ज कर लिया गया है। पुलिस का कहना है कि दोनों मामलों की जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा।

### चंद्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि पर विधि संस्थान में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में 52 ने किया रक्तदान

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र:** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के विधि संस्थान में भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक चंद्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि पर कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में विधि संस्थान की निदेशक प्रोफेसर सुशीला देवी चौहान मुख्यातिथि के रूप में पधारी हुई थी जबकि शिविर की अध्यक्षता उप निदेशक प्रोफेसर रमेश सिरोही ने की। शिविर में डॉ. आशीष अनेजा और प्रयास फाउंडेशन के प्रधान नरेश सैनी विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारे हुए थे। शिविर के संयोजक राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित, राष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता शतकवीर डायमंड रक्तदाता डॉ. अशोक कुमार वर्मा रहे। मुख्यातिथि विधि संस्थान की निदेशक प्रोफेसर सुशीला चौहान ने रक्तदाताओं को बैज लगाकर प्रोत्साहित करते हुए कहा कि चंद्रशेखर आजाद युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। युवाओं को उनके जीवन से देश प्रेम की भावना की सीख लेने की आवश्यकता है। प्रोफेसर रमेश सिरोही ने कहा कि रक्तदान बहुत ही नेक कार्य है।

### जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने हेक्टर के ग्राहकों के लिए पेश किया 'पावर पैक' ऑफर

**सिरसा ।** जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने आज हेक्टर खरीदने वाले संभावित ग्राहकों के लिए "पावर पैक" स्कीम की घोषणा की है। पावर पैक एक बेहद किफायती पेशकश है, जिसके तहत ग्राहकों को पांच आकर्षक लाभ पेश किए गए हैं। इन लाभों में पहला है फाइनेंसिंग (आरओआई) पर आकर्षक 4.99प्रतिशत की ब्याज दर। इसके अलावा अतिरिक्त सुरक्षा के लिए एक्सटेंडेड वारंटी, वाहन को अपने मन मुताबिक स्वरूप देने के लिए कॉम्पलीमेंट्री एक्ससरीज, झंझट रहित सफर के लिए रोड साइड असिस्टेंस के साथ ही रोड टैक्स (आरटीओ) में 50प्रतिशत की कमी शामिल है।*इन सभी लाभों के साथ ग्राहक को हेक्टर खरीदने पर 2.40 लाख रुपये तक की बचत हो सकती है। इन लाभों के साथ एसयूवी के शौकीनों के लिए हेक्टर और भी अधिक किफायती और आकर्षक विकल्प बन जाती है। ये सीमित समय के ऑफर 31 मार्च, 2025 तक वैध हैं। इन ऑफर के साथ हेक्टर एसयूवी सेगमेंट में अपनी स्थिति और भी मजबूत बना रही है। यह ऑफर उन ग्राहकों के लिए बेहद खास है, जो सेडान या छोटे आकार की एसयूवी को छोड़कर भारत की पहली इंटरनेट कार और लोकप्रिय मिड-साइज एसयूवी एमजी हेक्टर में अपग्रेड करना चाहते हैं।

# सोनीपत नगर निगम में शामिल गांवों का शहरी तर्ज पर होगा विकास: राजीव

**भाजपा के मेयर प्रत्याशी राजीव जैन ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के विजय संकल्प यात्रा की ऐतिहासिक सफलता पर जताया जनता का आभार**

टीम एक्शन इंडिया

**सोनीपत।** मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार व सोनीपत से भाजपा के मेयर प्रत्याशी राजीव जैन ने बृहस्पतिवार को अपना जनसंपर्क अभियान तेज करते हुए ढाई दर्जन से अधिक सभाएं कर लोगों से वोट की अपील की। इस दौरान राजीव जैन ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के विजय संकल्प यात्रा की ऐतिहासिक सफलता पर निगम क्षेत्र की जनता का आभार जताया। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकताओं के साथ हजारों की संख्या में स्थानीय लोगों ने भी उत्साहपूर्वक विजय संकल्प यात्रा में शामिल होकर उनका मनोबल बढ़ाया है । सोनीपत की जनता ने भाजपा को समर्थन देने का मन बना लिया है। जनता के असीम स्नेह व समर्थन की बदौलत सोनीपत नगर निगम मेयर उप चुनाव में भाजपा



की रिकॉर्डतोड़ व ऐतिहासिक जीत होगी। इस दौरान उन्होंने लोगों को आश्वस्त किया कि उनके मेयर बनते ही जहां सोनीपत के शहरी क्षेत्र का विकास तीव्र गति से होगा, वहीं सोनीपत नगर निगम में शामिल गांवों का शहरी तर्ज पर विकास होगा। राजीव जैन ने बृहस्पतिवार को सेक्टर- 15, प्रजापत धर्मशाला, सेक्टर -14-15 डिवाइडर रोड, सिक्का कॉलोनी, देवीवाड़ा, जगदीशपुर न्यू चौपाल, महादेव मंदिर आदर्श नगर, बाबा महावीर नाथ काली माता मंदिर, लिवासपुर, जाट जोशी, सुंदर मोहल्ला धोबीवाड़ा, रायपुर,अहमदपुर, हनुमान नगर, दहिया कॉलोनी, खिजर के पास, सेक्टर -12, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी सेक्टर-14, ओल्ड डीसी रोड सुजान सिंह पार्क, गोहाना रोड जिला व्यापार मंडल, ओल्ड हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी वार्ड -5, गांधी आवास सेक्टर-12, नरेंद्र नगर, मयूर विहार, चार मरला सहित विभिन्न जगहों पर सभाओं को संबोधित किया । इस सभाओं में पहुंचने पर स्थानीय लोगों ने मेयर प्रत्याशी राजीव जैन का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया और चुनाव में जीत के लिए अपना आशीर्वाद दिया। इस दौरान राजीव जैन ने कहा कि भाजपा सरकार के पिछले कार्यकाल में भी सोनीपत शहर के गंदगी वाले स्थान पर 131 पार्क और गली मोहल्ले में 162 सामुदायिक केंद्रों का निर्माण किया गया था। उन्होंने समाज से सभी वर्गों का ख्याल रखा। उनकी सुविधाओं के लिए धर्मशालाएं और सामुदायिक केंद्रों का निर्माण करवाया गया।

### नगर निगम चुनाव में भाजपा प्रत्याशी करेंगे बड़ी जीत दर्ज : रेनू



टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** आज सारस्वत ब्राह्मण सभा द्वारा सैक्टर-9 में एक चुनावी सभा का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य रूप से हरियाणा के कैबिनेट मंत्री डा.अरविंद शर्मा ने सम्बोधित किया। इस मौके पर करनाल विधायक जगमोहन आनंद के अतिरिक्त करनाल जिला प्रभारी भारत भूषण जुआल, जिला महामंत्री सुनील गोयल, जिला मीडिया प्रभारी डा.अशोक कुमार, वार्ड की पार्षद प्रत्याशी सुजाता अरोड़ा मुख्य तौर पर मौजूद रहे।
मेयर प्रत्याशी रेणु बाला गुप्ता ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि नगर में विकास की गति में तेजी लाने एवं देश में ट्रिपल इंजन की सरकार बनाने के लिए आने वाली 2 मार्च को कमल के चुनाव चिन्ह पर अधिक से अधिक मतदान करते हुए भाजपा प्रत्याशीयों को जिताने का काम करें। इन नगर निकाय चुनावों में भारतीय जनता पार्टी बड़ी जीत दर्ज करेगी। करनाल में एक बार फिर कमल का फूल खिलेगा और भाजपा जीत दर्ज करेगी। आज हर नागरिक भाजपा की नीतियों से संतुष्ट है और उन्हें पूरा विश्वास है।

### युवा आजाद के बलिदान से लें देशभक्ति की प्रेरणा: नरेंद्र अरोड़ा

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा शहीद चंद्रशेखर आजाद के बलिदान दिवस पर कर्ण पार्क में स्थित आजाद की प्रतिमा के समक्ष श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के सदस्यों ने नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा के नेतृत्व में आजाद की प्रतिमा पर तिरंगा वस्त्र एवं फूलमालाएं पहनाकर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। नरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि शहीद चंद्रशेखर आजाद ने देश की आजादी के लिए अपना बलिदान दिया।

## सैशन जज ने इंद्री में स्थापित अदालतों का किया निरीक्षण

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष चंद्रशेखर वीरवार को सब डिवीजन, इन्द्री पहुंचे, जहां उन्होंने वहां स्थापित अदालतों का निरीक्षण किया व आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने प्लेस ऑफ सेफ्टी व एमडीडी बाल भवन का भी निरीक्षण किया व आवश्यक मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर उनके साथ मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव इरम हसन भी उपस्थित रही।
इसके अलावा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा राजकीय महाविद्यालय में विद्यार्थियों व स्टाफ के लिए जागरूकता शिविर का



आयोजन किया गया, जहां पहुंचने पर प्रधानाचार्य रेखा त्यागी ने सीजेएम इरम हसन का स्वागत किया व आभार प्रकट किया। सीजेएम इरम हसन ने उपस्थित विद्यार्थियों व स्टाफ को कार्यस्थल पर यौन उत्पीड? बारे जानकारी प्रदान की। इसके बाद सीजेएम इरम हसन स्लम एरिया, बस स्टैंड, करनाल पहुंची, जहां रह रही महिलाओं को कैम्पेन स्वच्छता सखी बारे जानकारी देते हुए महिलाओं को मासिक धर्म संबधित भ्रमों से दूर रहने व स्वास्थ्य के प्रति सजग रहते हुए सैनिटरी नैपकीन का प्रयोग का आग्रह किया। उन्होंने महिलाओं को सैनिटरी नैपकीन प्रदान कर सैनिटरी नैपकिन का

**मार्गदर्शन**

**उन्होंने प्लेस ऑफ सेफ्टी व एमडीडी बाल भवन का भी निरीक्षण किया व आवश्यक मार्गदर्शन किया**

उपयोग करने हेतु प्रेरित किया। इसके बाद जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष चंद्रशेखर की अध्यक्षता में जिला न्यायालय में सभी ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट के लिए बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें डॉ. इरम हसन ने बताया कि 8 मार्च को जिला न्यायालय की अदालतों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाना है।

### निकाय चुनाव में मतदाता बढ़-चढ़कर करें अपने मताधिकार का प्रयोग: नेहा



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र :** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त नेहा सिंह ने मतदाताओं से आह्वान किया है कि वे नगर निकाय चुनावों में आगामी 2 मार्च को बढ़-चढ़कर अपने मताधिकार का प्रयोग करें। सभी मतदाता लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग लें।
जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त नेहा सिंह ने मतदाताओं के नाम जारी संदेश में कहा है कि मतदान न केवल हमारा अधिकार है, बल्कि यह हमारी जिम्मेदारी भी है, जो लोकतंत्र को सशक्त बनाता है। ज्यादा से ज्यादा मतदाताओं के मतदान में सक्रिय रूप से भागीदारी निभाने से लोकतंत्र मजबूत होगा। मतदान हमें अपने नेताओं को चुनने और अपने शहर के भविष्य को आकार देने का अधिकार देता है। इस अधिकार का सही तरीके से प्रयोग करने से हम चुनावों की सफलता में योगदान करते हैं और अपने शहर की प्रगति में भागीदार बनते हैं। नगर निकाय के चुनावों में बढ़-चढ़कर मतदान कर चुनाव को सफल बनाएं।

## सडकों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर करें समाधान: यश जालुका

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** अतिरिक्त उपायुक्त यश जालुका ने आम जनता का आह्वान किया कि सडक सुरक्षा व यातायात नियमों तथा चिह्नों की पालना सुनिश्चित की जाए। इससे जहां सडक दुर्घटनाओं में कमी आएगी वहीं लोगों का जीवन भी सुरक्षित रहेगा। उन्होंने अधिकारियों को भी निर्देश दिए कि वे सडकों से संबंधित छोटी-छोटी समस्याओं को प्राथमिकता दें और उनका तुरंत समाधान करें, इससे दुर्घटनाओं पर रोक लग सकती है।



अतिरिक्त उपायुक्त वीरवार को लघु सचिवालय के सभागार में जिला स्तरीय सडक सुरक्षा समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में कुल 17 एजेंडे रखे गए, जिनमें 5 नए तथा 12 पुराने एजेंडे शामिल थे। समीक्षा के दौरान आरटीए विजय देशवाल ने बताया कि पुराने एजेंडों में से 4 मामलों का समाधान हो गया है तथा 8 मामलों से संबंधित कार्य प्रगति पर है, जिस पर अतिरिक्त उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन समस्याओं का भी जल्द समाधान किया जाए, ताकि आमजन को परेशानी का सामना न करना पड़े।
अतिरिक्त उपायुक्त ने जिला सडक सुरक्षा समिति की बैठक में रखे गए नए मामलों पर सिलसिलेवार चर्चा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में राष्ट्रीय राजमार्ग पर नीलोखेड़ी में भारत पेट्रोल पंप के नजदीक बने अवैध कट के कारण गलत दिशा से आने वाले वाहनों के कारण सडक दुर्घटना की संभावना रहती है। इस विषय के समाधान के लिए अतिरिक्त उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारी को निर्देश दिए।
इसी प्रकार से गांव शामगढ़ के नजदीक जीओ पेट्रोल पंप के सामने से लेकर सर्विस रोड पर गहरे गड्ढे बने हुए हैं, करनाल शहर के सैक्टर 7-8 चौक पर ओपीएस प्लाजा के पास करनाल से पानीपत जाने वाली सर्विस रोड की खस्ता हालत तथा निर्मल कुटिया चौक पर गहरे गड्ढे बने हुए हैं।

## शिक्षक संघ मांगों को लेकर सेक्शन ऑफिसर रणजीत सिंह से मिला

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र:** आज राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ कुरुक्षेत्र की जिला कार्यकारिणी जिला प्रधान राजेंद्र टंडन के नेतृत्व में जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में मौलिक शिक्षा अधिकारी की गैर मौजूदगी में मांगों को लेकर सेक्शन ऑफिसर रणजीत जी से मिली। संगठन ने राज्यकार्यकारीणी आदेशानुसार 12वी कक्षा में 50% अंकों से कम के अध्यापकों के रोके गए एसीपी मामलों को तुरंत एसीपी लगाने बारे ज्ञापन दिया गया। सेक्शन ऑफिसर ने स्पष्ट किया कि ऑफिस के पास विभागीय आदेश होने के कारण एसीपी नहीं लगा सकते। 2017 बैच के नोशन बेनिफिट वाले पेंडिंग केस



को क्लियर करने बारे मांग की गई।। इसके बारे में अधिकारी द्वारा बताया गया की हमने 90% केस क्लियर कर दिए हैं।। बाकी केस को बहुत जल्द निपटा दिया जाएगा। मिड डे मील से संबंधित समस्याओं पर चर्चा की गई जिसमें मांग की गई की मिड डे मील में भोजन मेनू के अनुसार आना चाहिए ।मौके पर जिला कोषाध्यक्ष सतीश भारद्वाज, जिला उपप्रधान रमेश मेहला,जिला सह सचिव सुरेश मुकीमपुर, जिला ऑडिटर नरेंद्र प्रकाश ,लाडवा प्रधान अमन पाल,पिहोवा प्रधान राजेंद्र जांगड़ा, थानेश्वर प्रधान नरेश फूले, प्रदीप गुप्ता, जिले सिंह लाडवा, कार्यालय के विजेंद्र व प्रदीप जी मौजूद रहे।

### 445 ग्रांम गांजा पत्ती सहित आरोपी गिरफ्तार

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** बीती शाम थाना बुटाना की टीम ने विश्वनीय सुचना के आधार पर फ्लाईओवर नजदीक लायन होटल नीलोखेडी करनाल से आरोपी रोमी पुत्र कमलजीत निवासी बरनाला पंजाब को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से 445 ग्रांम गांजा पत्ती बरामद की गई। इस संबध मे अनुसंधान अधिकारी साहायक उप निरक्षक सन्दीप कुमार ने बताया कि आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। आज आरोपी को अदालत में पेश किया गया।

## अवैध खनन करने वालों पर शिकंजा कसे : यश जालुका

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** अतिरिक्त उपायुक्त यश जालुका ने एनफोर्समेंट शाखा के एसएचओ को निर्देश दिये कि अवैध खनन में लिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें और उनके वाहन भी जब्त किए जाएं। उन्होंने कहा कि अवैध खनन करने वालों के खिलाफ शिकंजा कसा जाए और खनन विभाग की ओर से संबंधित को नोटिस जारी किए जाएं और रिकवरी के लिए प्लैंटी भी लगाई जाए।
अतिरिक्त उपायुक्त वीरवार को लघु सचिवालय में जिला टास्क फोर्स कमेटी की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने एनफोर्समेंट एसएचओ से अवैध खनन को लेकर दर्ज की गई एफआईआर में



आगे की प्रगति की जानकारी ली और निर्देश दिए कि आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट तैयार कर आगे कार्यवाही अमल में लाई जाए। उन्होंने कहा कि अवैध खनन करने वालों पर आम जनता नजर रखे और इसकी सूचना प्रशासन को दे।
उन्होंने कहा कि अवैध खनन के मामले में जब्त किए गए वाहनों में से सुपरदारी के बाद शेष वाहनों का निपटारा भी जल्दी करवाएं। जहां-जहां अवैध खनन की शिकायतें मिलती हैं, ऐसे स्थानों पर पुलिस विभागों के साथ-साथ खनन विभाग के अधिकारी भी अपनी पैनी नजर रखें और उनके खिलाफ कार्यवाही अमल में लाएं।
जिला खनन अधिकारी निरंजन लाल ने बताया कि अप्रैल 2024

**नोटिस**

**अवैध खनन करने वालों के खिलाफ शिकंजा कसा जाए और खनन विभाग की ओर से संबंधित को नोटिस जारी किए जाएं**

से फरवरी 2025 तक जिले में अवैध खनन के मामले में 141 वाहनों को जब्त किया गया, जिनमें से 26 वाहनों को सुपरदारी पर तथा 4 वाहनों को अपील पर छोड़ा गया। उन्होंने बताया कि अप्रैल 2024 से लेकर गत माह तक जब्त किए गए 141 वाहनों से जुमार्ने के रूप में 47 लाख 14 हजार 327 रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है।

## हरियाणा के निकाय चुनाव में कांग्रेस का नहीं खुलेगा खाता: रणबीर

टीम एक्शन इंडिया

**सोनीपत।** हरियाणा के लोक निर्माण एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि भाजपा सरकार अनुसूचित जाति व पिछड़ी जाति के उत्थान व कल्याण के लिए कार्य कर रही है। गरीब लोगों के हित में अनेक कल्याणकारी योजनाएं लागू की गई है, जिससे उनको सीधा फायदा हुआ है। उन्होंने कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव की तरह हरियाणा के निकाय चुनाव में भी कांग्रेस का खाता नहीं खुलेगा। कांग्रेस पार्टी की हालत आज इस कदर खराब हो चुकी है कि कई जगहों पर उम्मीदवार तक नहीं मिले । कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा सोनीपत से मेयर प्रत्याशी राजीव जैन के समर्थन में प्रजापति



धर्मशाला में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए भाजपा के लिए वोट की अपील की। उन्होंने कहा कि मेयर प्रत्याशी राजीव जैन समाज के सभी वर्गों के समर्थन व आशीर्वाद से सोनीपत से ऐतिहासिक जीत हासिल करेंगे । सभा में पहुंचने पर मेयर प्रत्याशी राजीव जैन ने गर्मजोशी के साथ कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा का स्वागत किया।।
कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि प्रदेश की जनता का कांग्रेस से मोहभंग हो चुका है । प्रदेश की जनता को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की नीतियों पर पूरा भरोसा है। हरियाणा विधानसभा चुनावों में भी जीत की शानदार हैट्रिक ने यह साबित किया है कि प्रदेश की जनता का भरोसा भाजपा के सशक्त

**दावा**

**गरीब लोगों के हित में अनेक कल्याणकारी योजनाएं लागू की गई है, जिससे उनको सीधा फायदा हुआ है**

और सक्षम नेतृत्व व सुशासन की नीतियों में हैं। अब निकाय चुनाव में भी भाजपा के सभी प्रत्याशी कमल खिलाने का काम करेंगे। इस दौरान रणबीर गंगवा ने कहा प्रजापति समाज मेहनतकश व ईमानदार लोगों का समाज है। इस समाज के लोगों को अपनी संतानों को अच्छी शिक्षा व संस्कार देने चाहिए ताकि समाज व देश तरक्की कर सके। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने गरीब परिवारों के बच्चों को बिना खर्ची व पर्ची के योग्यता के आधार पर नौकरियां दी हैं। पूर्ववर्ती सरकारों में नौकरियों को बेच दिया जाता था, जिसे प्रभावी व्यक्तियों द्वारा ही प्राप्त किया जाता था। इसके अलावा पूर्ववर्ती सरकारों ने पिछड़ा वर्ग के साथ धोखा किया। लेकिन भाजपा सरकार ने क्रीमीलेयर की आय सीमा को बढ़ाया व बैक लॉग को भी पूरा किया जा रहा है।
उन्होंने कहा कि भाजपा की कथनी और करनी में कोई फर्क नहीं है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शपथ लेने से पहले ही 25,000 युवाओं को नौकरियां दी हैं। इस दौरान विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने कैबिनेट मंत्री गंगवा को पगड़ी पहनाकर स्वागत किया।

## तेज रफ्तार एसयूवी ने स्विफ्ट को मारी टक्कर, बाल-बाल बचो

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर आइटीआइ चौक के पास ओवरब्रिज पर एक तेज रफ्तार एसयूवी ने स्विफ्ट कार को पीछे से टक्कर मार दी। स्विफ्ट में एक दंपती सवार था, जो अमृतधारा अस्पताल जा रहे थे। हादसे के बाद उनकी कार दूसरी दिशा में घूम गई और बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। गनीमत रही कि दोनों को गंभीर चोट नहीं आई, लेकिन उन्हें तेज झटका लगा और मामूली चोटें आईं। टक्कर मारने के बाद एसयूवी चालक गाड़ी लेकर मौके से फरार हो गया। स्विफ्ट चला रहे जय नारायण ने बताया कि वह



सेक्टर 4 से अमृतधारा अस्पताल में डायलिसिस करवाने के लिए जा रहे थे। उनकी पत्नी मीणा कुमारी भी साथ थी। आइटीआइ चौक के ओवरब्रिज पर अचानक पीछे से एक तेज रफ्तार एसयूवी आई और उनकी कार में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि कार दूसरी दिशा में घूम गई और पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के बाद दोनों को गहरा झटका लगा और मामूली चोटें आईं। जय नारायण ने बताया कि एसयूवी बहुत ही तेज रफ्तार में थी और उनकी गाड़ी को टक्कर मारने के बाद भी नहीं रुकी। आगे जाकर उसने एक और गाड़ी को टक्कर मारी, लेकिन वह टक्कर हल्की थी, जिससे बड़ा हादसा होते-होते टल गया। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि एसयूवी बेकाबू लग रही थी और उसका चालक बेहद लापरवाही से गाड़ी चला रहा था। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी।

## संपादकीय

# मानव जीवन में विज्ञान की बढ़ती भूमिका

**मानव** जीवन को विज्ञान ने काफी आसान और सुविधाजनक बना दिया है। विज्ञान के प्रति युवाओं की कितनी रुचि है, इसी पर देश का भविष्य निर्भर करता है। युवाओं के साथ-साथ समाज के प्रत्येक वर्ग में विज्ञान के प्रति अधिकाधिक रुचि जागृत करने के लिए प्रतिवर्ष 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता है। दरअसल, इस दिवस के जरिये बच्चों को विज्ञान को बतौर कैरियर चुनने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है ताकि देश की आने वाली पीढ़ी विज्ञान के क्षेत्र में अपना उल्लेखनीय योगदान दे सके और देश प्रगति के मार्ग पर निरन्तर अग्रसर रहे। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार के लिए राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद् द्वारा भारत में 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के रूप में नामित करने के लिए वर्ष 1986 में भारत सरकार को कहा गया था और सरकार द्वारा इसे स्वीकृति प्रदान किए जाने के बाद से 28 फरवरी 1987 से प्रतिवर्ष इसी दिन राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता रहा है। यह दिवस भारत के महान वैज्ञानिक भौतिक शास्त्री सर सीवी रमन की खोज रमन प्रभाव को सदैव याद रखने और विश्व पटल पर विज्ञान के क्षेत्र में भारत का नाम रोशन करने वाले इस वैज्ञानिक की स्मृति में मनाया जाता है। सर सीवी रमन भौतिकी विज्ञान के क्षेत्र में पहले ऐसे भारतीय थे, जिन्होंने भारत में ऐसे आविष्कार पर शोध किया था।

पश्चिम बंगाल के कोलकाता में इंडियन एसोसिएशन फॉर द कल्टीवेशन ऑफ साइंस में 1907 से 1933 तक सर चन्द्रशेखर वेंकट रमन ने कार्य किया था। उस दौरान उन्होंने भौतिकी के कई बिन्दुओं पर शोध किया था, जिसमें से रमन प्रभाव (प्रकाश के फैलने पर प्रभाव, जब विभिन्न वस्तुओं द्वारा उसे गुजारा जाता है) उनकी महान खोज बनी, जो न केवल विज्ञान जगत में लोकप्रिय हुआ बल्कि पूरी दुनिया ने उनकी इस खोज को सराहा। सर सीवी रमन की यह खोज 28 फरवरी 1928 को दुनिया के सामने आई थी। उनके लिए वर्ष 1930 में उन्हें भौतिकी के क्षेत्र में दुनिया का सबसे बड़ा माना जाने वाला नोबेल पुरस्कार दिया गया था। वे एशिया के ऐसे पहले व्यक्ति थे, जिन्हें नोबेल पुरस्कार से सम्मानित होने का गौरव हासिल हुआ था। रमन प्रभाव की खोज के लिए उन्हें अनेक दूसरे पुरस्कारों से भी सम्मानित किया गया। नोबेल पुरस्कार प्राप्त करने के पश्चात भारत लौटने पर उन्होंने कहा था कि मेरे जैसे न जाने कितने रमन सुविधाओं और अवसरों के अभाव में यूं ही अपनी प्रतिभा गंवा देते हैं, जिससे केवल उनका ही नहीं बल्कि पूरे भारतवर्ष का नुकसान है, जिसे हमें रोकना होगा। वर्ष 2013 से अमेरिकन केमिकल सोसायटी द्वारा अंतरराष्ट्रीय ऐतिहासिक केमिकल लैंडमार्क के रूप में रमन प्रभाव को नामित किया गया। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस प्रतिवर्ष एक निर्धारित थीम के तहत मनाया जाता है। 2025 के राष्ट्रीय विज्ञान दिवस की थीम है विकसित भारत के लिए विज्ञान और नवाचार में वैश्विक नेतृत्व के लिए भारतीय युवाओं को सशक्त बनाना। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का सबसे बड़ा उद्देश्य लोगों को हमारे दैनिक जीवन में विभिन्न वैज्ञानिक आविष्कारों की महत्ता से परिचित कराना होता है, इसके अलावा वैज्ञानिक सोच रखने वाले लोगों को अवसर उपलब्ध कराना तथा उन्हें उनके कार्य के लिए प्रोत्साहित करना भी इसका अहम उद्देश्य है।

# दिव्य व भव्य अद्भुत महाकुंभ कीर्तिमान बनाते हुए संपन्न

दीपक कुमार त्यागी

> “मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में यह एक ऐसा रिकॉर्ड बन गया है, जिसको किसी भी देश के द्वारा तोड़ना असंभव है। लेकिन इसके साथ ही महाकुंभ आयोजन की सबसे बड़ी बात यह रही कि 66 करोड़ से ज्यादा लोगों को स्नान करवाने लिए संगम नगरी को तैयार करने की बहुत बड़ी चुनौती पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पूरी तरह से खरे उतरे, उन्होंने इस असंभव कार्य को दिन-रात पूरी टीम के साथ मेहनत करते हुए धरातल पर संभव करके देश व दुनिया को दिखा दिया है। वैसे देखा जाए तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार के प्रयासों से व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यूपी सरकार के प्रचार-प्रसार, प्रयासों के चलते ही महाकुंभ 2025 के शुरू होने से पहले ही लगभग 40-45 करोड़ लोगों के आने का अनुमान लगाया जाने लगा था”

**महाकुंभ में** योगी सरकार की व्यवस्थाओं को चंद लोगों ने क्षणिक राजनीतिक स्वार्थों की पूर्ति के लिए पहले दिन से ही जमकर कोसने का कार्य किया है। उन्होंने महाकुंभ को निशाना बनाते हुए देश व दुनिया में विश्व के सबसे प्राचीन व श्रेष्ठ सनातन धर्म, संस्कृति व परंपराओं तक का भी माखौल उड़ाते हुए साख को खराब करने का दुस्साहस तक किया है। लेकिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार ने महाकुंभ 2025 में प्राचीन व आधुनिकता के अकल्पनीय अनूठे संगम के साथ पूजा-पाठ, स्नान-ध्यान व अन्य सभी प्रकार की आमजन की सुविधाओं की शानदार व्यवस्था करते हुए महाकुंभ में समापन के दिन तक 66 करोड़ से अधिक लोगों को आकर्षित करते हुए, महाकुंभ की व्यवस्था में कमी गिनाने वाले सभी लोगों को अपनी कार्यशैली से धरातल पर जबरदस्त जवाब देने का कार्य बखूबी किया है। देश व दुनिया के विश्लेषकों को उम्मीद है कि महाकुंभ ने एक तरफ तो सनातन धर्म की पताका को पूरे विश्व में एकबार फिर से फहराने का कार्य कर दिया है, वहीं दूसरी तरफ महाकुंभ में लगभग 3.5 लाख करोड़ रुपए का व्यापार होने की उम्मीद से प्रदेश व देश की अर्थव्यवस्था को बूस्टर डोज़ मिलने का कार्य होता हुआ नजर आ रहा है।

महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर 26 फरवरी के सूर्यास्त के साथ ही महाकुंभ का समापन हो चुका है,13 जनवरी से 26 फरवरी 45 दिन में 66 करोड़ से ज्यादा लोगों ने महाकुंभ में डुबकी लगाई है। महाकुंभ के दौरान त्रिवेणी के घाटों पर डुबकी लगाने वालों की यह संख्या दुनिया के 193 देशों की आबादी से ज्यादा है। दुनिया में सिर्फ भारत और चीन की आबादी महाकुंभ 2025 में आए श्रद्धालुओं से अधिक है। वैसे भी महाकुंभ 2025 ने देश व दुनिया में विश्व के सबसे प्राचीन सनातन धर्म की महान संस्कृति व अद्भुत परंपराओं की दिव्यता का डंका बजाने का कार्य बखूबी किया है।मोदी व योगी सरकार के प्रयासों से इस बार प्रयागराज में संगम की पावन धारा में देश व दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में बसे हुए लगभग 120 करोड़ सनातन धर्म के अनुयायियों में से लगभग 66 करोड़ से लोगों ने संगम में एक दिव्य अलौकिक डुबकी लगा करके अपने तन-मन की शुद्धि और आत्मा की तृप्ति करने वाला दिव्य अलौकिक अनुभव प्राप्त कराने का कार्य किया है। इस बार महाकुंभ में 75 देशों के डेलीगेट भी आये थे, देश व दुनिया के विभिन्न बड़े सेलिब्रिटी व उधोगपति भी आये थे, जो सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार के मद्देनजर एक बहुत ही अच्छा व सकारात्मक संकेत है। वहीं दूसरी तरफ महाकुंभ के दौरान देश में चंद लोगों की एक ऐसी जमात भी खडी हो गयी थी, जिन्हें महाकुंभ में सबकुछ गलत होता हुआ ही नजर आ रहा था। उन लोगों की जमात को महाकुंभ में बेहद खराब व्यवस्था नजर आ रही थी, गिद्ध दृष्टि के चलते हर तरफ गंदगी का अंबार लगा हुआ नजर आ रहा था, नदी में जल की जगह मल-मूत्र वाला नालों का जहरीला गंदा पानी नजर आ रहा था, जगह-जगह भोजन-पानी के लिए तरसते श्रद्धालु नजर आ रहे थे, महाकुंभ में लूट-खसोट नजर आ रही थी, पूजा-पाठ की जगह धार्मिक पाखंड नजर आ रहा था, सुविधाओं के भारी अभाव के चलते तिल-तिल कर मरते लोग नजर आ रहे थे, जगह-जगह जाम का झाम आदि ही केवल नजर आ रहा था, जिसका इन लोगों के गैंग ने मीडिया व सोशल मीडिया के विभिन्न ताकतवर प्लेटफार्मों पर पहले ही दिन से अपने चंद क्षणिक स्वार्थों की पूर्ति के लिए जमकर के फैलाते हुए दुष्प्रचार करने का कार्य किया था। लेकिन 144 वर्ष बाद लगने वाले महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं ने इन दुष्प्रचार करने वाले लोगों के गैंग की एक भी ना सुनी और 13 जनवरी से 26 फरवरी महाकुंभ के समापन तक 66 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं ने महाकुंभ में पहुंच करके स्नान करके दुनिया के किसी भी तरह के आयोजन में सबसे ज्यादा लोगों के पहुंचने का कीर्तिमान बनाकर नया इतिहास रच डालने का कार्य कर दिया। महाकुंभ में दुनिया के 193 देशों की आबादी से अधिक श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई और महाकुंभ नगरी में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में इंतजामों की पूरी ही व्यवस्था अकल्पनीय अद्भुत नजर आयी। हालांकि अब महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर अंतिम स्नान 26 फरवरी 2025 के साथ त्रिवेणी के तट पर 13 जनवरी 2025 से सजा हुआ सनातन धर्म, संस्कृति व परंपराओं के अद्भुत महाकुंभ का मेला नित-नए कीर्तिमान को स्थापित करते हुए दिव्य, भव्य, नव्य व अलौकिक अनुभूति के साथ संपन्न हो गया है। आंकड़ों की बात करें तो महाकुंभ 2025 के समापन तक प्रयागराज में त्रिवेणी के विभिन्न घाटों पर लगभग 66 करोड़ से ज्यादा लोगों ने स्नान करके महाकुंभ को विश्व का सबसे बड़ा आयोजन होने का कीर्तिमान भारत के नाम करने का काम कर दिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में यह एक ऐसा रिकॉर्ड बन गया है, जिसको किसी भी देश के द्वारा तोड़ना असंभव है। लेकिन इसके साथ ही महाकुंभ आयोजन की सबसे बड़ी बात यह रही कि 66 करोड़ से ज्यादा लोगों को स्नान करवाने लिए संगम नगरी को तैयार करने की बहुत बड़ी चुनौती पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पूरी तरह से खरे उतरे, उन्होंने इस असंभव कार्य को दिन-रात पूरी टीम के साथ मेहनत करते हुए धरातल पर संभव करके देश व दुनिया को दिखा दिया है। वैसे देखा जाए तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार के प्रयासों से व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यूपी सरकार के प्रचार-प्रसार, प्रयासों के चलते ही महाकुंभ 2025 के शुरू होने से पहले ही लगभग 40-45 करोड़ लोगों के आने का अनुमान लगाया जाने लगा था, लेकिन



समापन महाशिवरात्रि तक संगम तट पर 66 करोड़ से ज्यादा लोगों की भारी भरकम भीड़ उमड़ पड़ी, उस भारी-भीड़ ने देश व दुनिया को दिखा दिया कि अलग-अलग हिस्सों में बसे हुए सनातन धर्मी एकजुट, नियम कायदे कानून पसंद व बेहद ही अनुशासित हैं। तभी तो हजारों किलोमीटर की दूरी से आ कर के बहुत लंबी पैदल यात्रा करने के बाद भी संगम में उन सभी भक्तों के द्वारा अनुशासित होकर के स्नान की एक डुबकी लगाकर के सनातन धर्म, संस्कृति, परंपराओं व ईश्वर भक्ति के अटूट विश्वास को बयां करने का कार्य देश व दुनिया में बखूबी किया है और सनातन धर्म संस्कृति पर आये दिन तरह-तरह से प्रश्नचिन्ह लगाने वाले लोगों को शांतिपूर्ण ढंग से जवाब दिया है। श्रद्धालुओं का यह कहना बिल्कुल भी गलत नहीं है कि प्रयागराज व पूरी महाकुंभ नगरी क्षेत्र केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा किये गये विभिन्न कार्यों की दिव्यता की झलक देश व दुनिया तक बयां करने का कार्य बखूबी कर रहा है। देश व दुनिया से आये हुए संत-महात्माओं, नागा साधुओं व सनातन धर्म के अनुयायियों को त्रिवेणी संगम में पुण्य स्नान करा कर उन्हें प्राचीन व आधुनिकता के संगम से परिपूर्ण एक दिव्य अलौकिक आध्यात्मिक अनुभूति प्राप्त कराने के लिए योगी सरकार ने कोई कोर-कसर धरातल पर नहीं छोड़ी है। महाकुंभ में डुबकी लगाने वाले श्रद्धालुओं ने अकल्पनीय दिव्य एवं भव्य आयोजन की सराहना करते हुए महाकुंभ के सफल आयोजन को योगी आदित्यनाथ सरकार की एक बहुत ही बड़ी ऐतिहासिक उपलब्धि बताया है। वैसे भी देश व दुनिया के सनातन धर्म के अधिकांश लोगों का मानना है कि योगी आदित्यनाथ के प्रयासों के चलते ही इस भव्य दिव्य अद्भुत अलौकिक धार्मिक आयोजन को दुनिया के इतिहास में हमेशा याद रखा जाएगा। योगी सरकार ने जिस तरह से महाकुंभ में आये लगभग 66 करोड़ से ज्यादा लोगों की सुख-सुविधाओं के लिए भव्य आधुनिक इंतजाम किये वह प्रशंसनीय है। उन्होंने पूरे महाकुंभ में मुख्यमंत्री के रूप में सर्वाधिक बार आने का रिकॉर्ड बनाकर देश व दुनिया के सनातन धर्मियों को भावनात्मक रूप से यह एहसास करवाने का कार्य किया है कि वह सनातन धर्म की केवल अपने भाषणों में बात ही नहीं करते हैं, बल्कि मुख्यमंत्री होने के बावजूद भी वह देश की मूल आत्मा सनातन धर्म, संस्कृति व उसकी परंपराओं को रोजमर्रा के अपने जीवन में जीने का कार्य करते हैं।

## कविता

यादों सा तेरे दिल मे भी उतर
जायेंगे!!

पंखुड़ियां सा तेरे सामनें बिखर जायेंगे !
गजरे जैसा गेसुओं में संवर जाएंगे।

जरा अपनी सांसों को रखिए महफूज,
खुशबू सा तेरी सांसो मे ठहर जायेंगे!

महसूस करने की कोशिश तो कीजिए!
यादों सा तेरे दिल मे उतर जायेंगे!!

जेहन में रहकर भी क्यों इतनी दूरियां,
नजदीक आइये हम निखर जाएंगे।

जरा नजरें इनायत तो करिए हुजूर,
बहुत करीब हम नजर आएंगे!!

इंतजार की अब इन्तेहाँ हो गई संजीव
इजाजत दो थोड़ा हम ठहर जाएंगे।

संजीव
---------

# प्रोसेस्ड, फास्ट फूड के सेवन से पनपती स्वास्थ्य समस्याएँ

**डॉ. सत्यवान सौरभ**

**भारत की** खाद्य संस्कृति वैश्वीकरण, शहरीकरण और बदलती जीवनशैली के परिणामस्वरूप बदल रही है, जो प्रमुख सामाजिक-आर्थिक और सांस्कृतिक परिवर्तनों का कारण बन रही है। भारत में युवा पीढ़ी तेजी से फास्ट फूड का सेवन कर रही है, जिसके कारण कई स्वास्थ्य समस्याएँ पैदा हो रही है, जैसे मोटापा, टाइप 2 मधुमेह और हृदय सम्बंधी विकार। फास्ट फूड में अक्सर बड़ी मात्रा में कैलोरी, चीनी, सोडियम और खराब वसा होती है, जो खराब खाने की आदतों और पोषण सम्बंधी कमियों को जन्म दे सकती है। इसका परिणाम एक गतिहीन जीवन शैली भी हो सकता है, जो किसी के स्वास्थ्य के लिए जोखिम बढ़ाएगा। इस प्रवृत्ति में समय के साथ स्वास्थ्य सेवा प्रणालियों पर दबाव डालने और पीढ़ियों के जीवन की सामान्य गुणवत्ता को प्रभावित करने की क्षमता है। क्योंकि यह मोटापे, खराब पोषण और अस्वास्थ्यकर खाने के पैटर्न को बढ़ावा देता है, फास्ट फूड का सेवन बच्चों के स्वास्थ्य और खाने की आदतों पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। फास्ट फूड, जिसमें कैलोरी, चीनी और खराब वसा अधिक होती है, मधुमेह और हृदय रोग जैसी पुरानी बीमारियों के विकास के जोखिम को बढ़ाता है और वजन बढ़ाता है। फास्ट फूड के लगातार सेवन से बच्चे स्वस्थ खाद्य पदार्थों की तुलना में प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थों को प्राथमिकता देते हैं, जिससे संतुलित आहार खाने और पौष्टिक भोजन चुनने की उनकी संभावना कम हो जाती है। आजकल, बहुत से युवा फास्ट फूड को पसंद करते हैं क्योंकि यह सुविधाजनक, स्वादिष्ट और जल्दी बनने वाला होता है। इसके नकारात्मक स्वास्थ्य प्रभावों के बारे में जानते हुए भी वे इसे खाना जारी रखते हैं। व्यस्त जीवन शैली में, फास्ट फूड को जल्दी से जल्दी खाना सुविधाजनक है। वे भीड़ का अनुसरण करते हैं क्योंकि उनके दोस्त भी इसे पसंद कर सकते हैं। फास्ट फूड रेस्तरां अपने भोजन में स्वाद और सुगंध भी मिलाते हैं, जिससे यह अविश्वसनीय रूप से स्वादिष्ट और लगभग नशे की लत बन जाता है। इसके अस्वास्थ्यकर तत्वों, जैसे अत्यधिक वसा और चीनी के बारे में जानने के बाद भी, उन्हें फास्ट फूड की लालसा का विरोध करना मुश्किल लगता है।

फास्ट फूड कंपनियाँ अपने उत्पादों को कूल और मनोरंजक दिखाने के लिए भ्रामक विज्ञापन का उपयोग करती हैं, जो एक और कारक है। मशहूर हस्तियों और यादगार नारों का उपयोग ध्यान आकर्षित करने के लिए किया जाता है, खासकर युवा लोगों का। अपनी बुद्धिमत्ता और शिक्षा के बावजूद, लोग कभी-कभी अपने स्वास्थ्य पर संभावित हानिकारक प्रभावों पर विचार करने के बजाय फास्ट फूड खाने को प्राथमिकता देते हैं। वे ऐसे पेश आते हैं जैसे उन्हें पता है कि यह सबसे अच्छा विकल्प नहीं है।

## विचार

# ट्रंप की अमेरिकी फर्स्ट की जबरदस्त घेराबंदी

**किशन सनमुखदास**

**वैश्विक** स्तपर भारतीय कहावतें पूरी दुनियाँ सहित युद्ध पीड़ित देशों पर भी लागू हो रही है जो अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में ट्रंप की जीत होने के बाद जिधर दम उधर हम,जिसकी लाठी उसी की भैंस, मेरी मुर्गी की एक टांग, जहां हम खड़े होते हैं वहीं से लाइन शुरू होती है, इत्यादि अनेक कहावतें एक झटके से लागू हो रहे हैं! जी हां हम बात कर रहे हैं अमेरिका में ट्रंप के राष्ट्रपति बनते ही सबसे पहले उन्होंने चुनावी सभा में किए गए वादों को पूरा करने की झड़ी सी लगा दीहै अवैध प्रवासी को बाहर का रास्ता, टैरिफ लगाना, यूक्रेन रूस युद्ध को समाप्त करवाने की प्रक्रिया शुरू करने के बाद अब अमेरिकी फर्स्ट, की तर्ज पर अर्थव्यवस्था में भारी सुधार के नाम पर रूस से बातचीत को मोहरा बनाकर यूक्रेन से खनिज संपत्ती लेना जो एक तरह का यूक्रेन को युद्ध में साथ देने की फीस है पनामा से नहर को लेना इत्यादि अनेक सुधारो की एक झड़ी सी लग गई है तो उधर यूरोपीय संघ को अलग-अलग करने की भी गुंजाइश दिख रही है, जिसे यूरोपीय यूनियन भी दंग है,वह अमेरिका से अलग-थलग यूक्रेन के साथ शिखर सम्मेलन हो रहे हैं उधर अमेरिका संयुक्त राष्ट्र में यूक्रेन मुद्दे पर रुस के पक्ष में वोटिंग कर दुनियाँ को चौंका दिया है। मेरा मानना है कि इन सब नीतिओं रणनीतियों के पीछे पनामा से नहर, यूक्रेन से खनिज संपदा व अनेक देशों से टैरिफ के रूप में भारी मात्रा में धन- इकट्ठा कर अमेरिकी अर्थव्यवस्था को मजबूत व अपने अमेरिकी फर्स्ट की विचारधारा व लक्ष्य यानें विजन को आगे बढ़ाना है इन सब के बीच पूरी दुनियाँ की नजरे ट्रंप जेलेंस्की की शुक्रवार को हो रही बैठक पर लगी हुई है। चूँकि यूएन में अमेरिका ने रूस का साथ देकर दुनियाँ को चौकाया है, आखिर झुक गया ही रूक्रेन, क्या इस पूरी प्रक्रिया में रुस भी मोहरा बन गया तथा अमेरिकी फर्स्ट के आगे यूक्रेन ने घुटने टेके अमेरिका से खनिज संबंधी शर्त पर सहमति कर शुक्रवार को वाशिंगटन में बातचीत होगी, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,ट्रंप की अमेरिका फर्स्ट की जबरदस्त घेराबंदी, यूएन में रूस का साथ, यूरोपीय यूनियन दंग,यूक्रेन धड़ाम,खनिज संपदा देने पर राजी हो गया है!

साथियों बात अगर हम 25 फरवरी 2025 को संयुक्त राष्ट्र में यूक्रेन मुद्दे पर चुनाव में अमेरिका ने रूस को साथ देने की करें तो,अमेरिका के एक कदम से यूक्रेन और राष्ट्रपति जेलेंस्की को बड़ा झटका लगा है।संयुक्त राष्ट्र के तीन प्रस्तावों पर मतदान के दौरान अमेरिका रूस के साथ खड़ा नजर आया। यूएन में यूरोपीय संघ और यूक्रेन की ओर से रूस के हमले की निंदा से जुड़ा एक प्रस्ताव पेश किया गया था लेकिन, अमेरिका ने इस प्रस्ताव के खिलाफ वोट किया। अमेरिका के इस कदम से यूएस और यूरोप के संबंधों पर भी प्रभाव पड़ने की आशंका है, दोनों के रिश्तों में थोड़ी तल्खी भी आई है।इसके अलावा रूस-यूक्रेन युद्ध पर अमेरिका के बदलते रुख ने एक नया संदेह को भी जन्म दे दिया है। इस प्रस्ताव के पक्ष में 93, विपक्ष में 18 और 65 मतों के साथ पारित किया गया।बता दें रूस और यूक्रेन में बीते तीन साल से जारी युद्ध को खत्म करने की मांग करते हुए संयुक्त राष्ट्र में एक प्रस्ताव पेश किया गया था, प्रस्ताव में रूस की आक्रामकता की निंदा की गई थी और रूसी सैनिकों की तत्काल वापसी की मांग की गई थी, संयुक्त राष्ट्र महासभा में अमेरिका और रूस ने यूरोप समर्थित यूक्रेन के प्रस्ताव के खिलाफ मतदान किया था इसके बाद अमेरिका ने अपने प्रतिस्पर्धी प्रस्ताव पर मतदान से खुद को अलग कर लिया था। अमेरिका की इस नीति से यूक्रेन को जोरदार झटका लगा है।संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के स्थायी सदस्य देश अमेरिका, रूस, चीन, ब्रिटेन और फ्रांस के पास वीटो की शक्ति है। 15 सदस्यीय परिषद में शून्य के मुकाबले 10 वोट से मतदान हुआ और पांच देश मतदान से दूर रहे। ये सभी यूरोपीय देश थे।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# प्रयागराज महाकुंभ में साकार हुई मोदी-योगी की संकल्पना

**सुरेश पचौरी**

**माघे मासे गंगे स्नानं यः कुरुते नरः ।**
**युगकोटिसहस्त्राणि तिष्ठंति पितृदेवताः।।**

स्कंद पुराण में उल्लेख है कि माघ मास में गंगा में स्नान करने वाले व्यक्ति के पितर युगों-युगों तक स्वर्ग में वास करते हैं। कितना ही बिरला अवसर है कि प्रयागराज में संगम किनारे श्रद्धा का महाकुंभ आयोजित हुआ और सनातनियों ने आस्था की डुबकी लगाई। यूं तो यह आयोजन सदियों से चला आ रहा है लेकिन इस वर्ष इस आस्था को सम्मान देने में भाजपा की सरकारों का अथक योगदान भी रहा है। महाकुंभ जैसे महाआयोजन में करोड़ों श्रद्धालुओं का सुचारू रूप से प्रबंधन एक चुनौतीपूर्ण कार्य था। प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने जिस कुशलता से इस वृहत्तर दायित्व को संभाला है वह वर्षों तक सराहना के साथ याद किया जाएगा। धर्म के प्रति निष्ठा और समर्पण के इस अद्भुत आयोजन ने ऐसा संगम रचा जो कल्पनातीत है। सुरक्षा, सुविधाएं और सुगमता प्रदान करने के जतन के साथ ही साथ इस आयोजन को पर्यावरण अनुकूल बनाने के विशेष प्रयास हुए यह स्तुत्य है। इन प्रयासों ने महाकुंभ को केवल धार्मिक नहीं बल्कि सामाजिक एवं पर्यावरणीय सरोकारों के प्रति चेतना का संदेश भी दिया। हमारी भारतीय सनातन संस्कृति और परंपरा में कुंभ पर्व सहस्त्राब्दियों से श्रद्धा, आस्था और ज्ञान की साधना का पर्व रहा है। भगवान आदि शंकराचार्य ने भारतीय जनमानस में धर्म की भावना जगाने और संस्कृति की चेतना मजबूत करने के लिए देश के चार कोनों पर चार मठ बनाये। पूर्व में जगन्नाथपुरी, पश्चिम में द्वारिका, उत्तर में जोशीमठ तथा दक्षिण में श्रृंगेरी मठ। आदि शंकराचार्य जी ने देश की चार प्रमुख नदियों गंगा, यमुना, क्षिप्रा व गोदावरी के तट पर चार शहरों प्रयागराज, हरिद्वार, उज्जैन और नासिक में चार कुंभ-मेलों के आयोजन की रूपरेखा रची। कुंभपर्व का आधार खगोलीय घटना है। वैज्ञानिक दृष्टिकोण से ग्रहों की गति और उनके मानव शरीर पर पड़ने वाले प्रभावों का आकलन कर कुंभ मेलों के आयोजन की तिथियां और स्थान तय होते है।

## बातों का मंत्रालय

**डॉ. सुरेश कुमार**

**इस देश में एक शहजादा** था, जिसे सुधारों का ऐसा जुनून था, जैसे आलू के पराठे के साथ दही। हर सुबह उठते ही उसका पहला विचार यही होता—"आज कौन-सा सुधार लाऊं?" बचपन से ही उसे अपने खिलौनों के साथ खेलने की जगह सुधार करने का शौक था। कागज की नावें चलाने की बजाय वो हमेशा कागज पर नए नियम लिखता था। अब जब वह सुल्तान बन गया, तो उसने सोचा—"देश के लिए कुछ बड़ा करना है।" उसकी पहली घोषणा थी—"महंगाई कम करने के लिए चाय की कीमतें बढ़ाई जाएंगी।" वजीर ने कहा, "हुजूर, ये तो उल्टा उपाय है।" सुल्तान ने मुस्कुराते हुए जवाब दिया, "चाय महंगी हो जाएगी, तो लोग चाय पीने कम जाएंगे। इससे महंगाई कम होगी!" प्रजा ने सोचा, "बात तो सही है।" और वे एक नई चाय की दुकान के उद्घाटन करने की तैयारी में जुट गए। सुल्तान ने सबको बधाई देते हुए कहा, "बधाई हो, हमने महंगाई की जड़ों को तोड़ दिया है!" फिर सुल्तान ने एक और सुधार का ऐलान किया—"हमारी राजधानी अब सुधार नगर कहलाएगी!" वजीर ने फिर से सिर पकड़ लिया। "हुजूर, क्या नाम बदलने से समस्याएं हल होंगी?" सुल्तान ने कहा, "बिलकुल! नाम बदलने से समस्या गायब हो जाती है।" देश में विकास की बात करते हुए, सुल्तान ने एक बड़ा भाषण दिया, "हम अब हफ्ते में दो बार भ्रष्टाचार के खिलाफ हड़ताल करेंगे।" प्रजा ने चकित होकर पूछा, "हड़ताल किसके खिलाफ?" सुल्तान ने कहा, "भ्रष्टाचार के खिलाफ!" प्रजा ने कहा, "पर हुजूर, हम ही तो भ्रष्टाचार हैं।" सुल्तान ने फिर अपनी चतुराई दिखाई—"चलो, हम सभी को एक नई ट्रेनिंग देंगे।" प्रजा ने पूछा, "किस चीज की ट्रेनिंग?" सुल्तान ने कहा, "सुधार की!" वजीर ने फिर से चिंता जताई, "हुजूर, आप हमें सुधारने के लिए ट्रेनिंग देंगे, लेकिन खुद आप तो सुधार नहीं रहे।"

बहरहाल, सुधारों का सिलसिला चलता रहा। लोग हंसते रहे और सुल्तान अपने सपनों में खोए रहे। इस तरह, देश ने देखा कि कैसे सुधारों की बातों से असल समस्याएं कभी खत्म नहीं होतीं।

# एसडी पीजी कॉलेज पानीपत में विज्ञान प्रदर्शनी का किया गया आयोजन

## दूसरे दिन विज्ञान प्रदर्शनी में 150 से अधिक प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
**एसडी** पीजी कॉलेज पानीपत में चार दिवसीय राष्ट्रीय विज्ञान दिवस कार्यक्रमों के दूसरे दिन विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमे प्रदेश के विभिन्न विश्वविधालयों और कालेजों के लगभग 150 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया । कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि कॉलेज प्रधान दिनेश गोयल ने की।. मेहमान का स्वागत प्राचार्य डॉ अनुपम अरोड़ा ने किया । आज की प्रतियोगिता की जूरी में प्रो राकेश कुमार सिंगला, प्रो प्रवीन आर खेरडे और प्रो मयंक अरोड़ा शामिल रहे। 25 फरवरी से 1 मार्च तक चलने वाले इस कार्यक्रम में पहले दिन पोस्टर



मेकिंग प्रतियोगिता, दूसरे दिन विज्ञान प्रदर्शनी, तीसरे दिन डॉ. सीवी रमन मेमोरियल विस्तार व्याख्यान एवं पेपर प्रेजेंटेशन और चौथे दिन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा ।
आज के दिन का आकर्षण कार्यक्रम का बेजौड़ उदघाटन रहा जिसे वैज्ञानिक तरीके से किया गया और पारंपरिक रिबन काटने के तरीके को आज नही अपनाया गया । जब मुख्य अतिथि ने सोडियम हाइड्रोऑक्साइड द्वारा लिखे कागज पर फेनोपथिलिन का छिडकाव किया तो गुप्त रूप से लिखा स्वागत सन्देश तुरंत प्रकट हो गया । प्रधान दिनेश गोयल विद्यार्थियों की इस प्रतिभा से

**प्रदर्शनी**

**▶▶ आज के दिन का आकर्षण कार्यक्रम का बेजौड़ उदघाटन रहा जिसे वैज्ञानिक तरीके से किया गया**

गदगद नजर आये ।
आज आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी में कॉलेज के अलावा महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी रोहतक, करनाल, कैथल, अम्बाला आदि जिलों से आये प्रतिभागियों ने पंजीकरण करवाया । प्रत्येक प्रतिभागी टीम में 3 विद्यार्थी थे और मॉडल्स भौतिकी, रसायन, गणित, प्राणी शास्त्र, वनस्पति शास्त्र और कंप्यूटर साइंस विषयों पर आधारित रहे । विज्ञान प्रदर्शनी के समन्वयक डॉ बलजिंदर सिंह, डॉ रवि कुमार, डॉ प्रियंका चांदना, डॉ रेखा, डॉ प्रवीण कुमारी, डॉ प्रोमिला, प्रो साक्षी और प्रो सुमन रहे । विजेता प्रतिभागियों को ट्राफी और प्रशस्ति पत्र से नवाजा जाएगा ।
रणजीत, तन्नु और श्रिष्टी द्वारा बनाये गया ह्यप्रोडक्शन ऑफ एथेनॉल फ्रॉम राइस स्ट्रॉह्ल का क्रियाशील मॉडल मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा जिस पर सबसे अधिक भीड़ देखी गई और जहाँ पर अधिकतम छात्र-छात्राएं अपनी जिज्ञासा को शांत करते नजर आये । इस मॉडल में दिखाया गया की कैसे चावल की स्ट्रॉ से एथनोल बनाया जा सकता है और कैसे पराली की समस्या का समाधान निकाला जा सकता है।

# बुजुर्गों ने चंद्रशेखर आजाद को याद कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए

**याद किया**

**▶▶ जो देश अपने क्रांतिकारी वीरों को भुला देता है उस देश का अधिक समय तक अस्तित्व नहीं रह सकता**



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र,:** देश के विभिन्न राज्यों से घरों से निकाले गए एवं अपनों द्वारा ठुकराए गए बुजुर्गों को आश्रय दे रहे प्रेरणा वृद्धाश्रम में गुरुवार को मां भारती के महान सपूत चंद्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि पर बड़ी श्रद्धा के साथ स्मरण किया गया। प्रेरणा वृद्धाश्रम में आयोजित एक कार्यक्रम में महान क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद को नगर के गणमान्य नागरिकों एवं सभी बुजुर्गों द्वारा श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। इस अवसर पर वृद्धाश्रम के प्रांगण में स्थित शहीदी स्मारक पर देश के महान शहीदों को पुष्पांजलि भी अर्पित की गई। वंदे मातरम के नारों से पूरा वृद्धाश्रम परिसर गुंजायमान हो उठा। कार्यक्रम में वृद्धाश्रम के संस्थापक एवं संचालक डा. जय भगवान सिंगला ने कहा कि जो देश अपने क्रांतिकारी वीरों को भुला देता है उस देश का अधिक समय तक अस्तित्व नहीं रह सकता है। इसलिए सभी भारतवासियों का फर्ज बनता है कि उन महान क्रांतिकारी योद्धाओं को हमेशा स्मरण रखा जाए जिनकी कुबार्नी की वजह से हमें आज आजादी के इस वातावरण में सांस लेने का अवसर प्राप्त हुआ है। इस अवसर पर विशेष रूप से पानीपत से पधारे कमलेश पालीवाल ने देशभक्ति के कई मधुर गीतों से शहीदों को याद किया। मंच संचालन करते हुए हरकेश पपोसा ने कहा कि प्रेरणा वृद्धाश्रम में देश के स्वतंत्रता संग्राम में शामिल वीर क्रांतिकारियों को हमेशा याद कर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं। संस्था की अध्यक्षा रेनू खुंगर ने कहा कि देश पर अपनी जान कुर्बान करने वालों को सच्चा भारतीय भुला नहीं सकता है तथा उनको याद कर अपना मस्तक श्रद्धा से झुकाता है। इस अवसर पर आशा सिंगला, शिल्पा सिंगला, आराध्या सिंगला, आश्वी सिंगला, बेबी जहान, उषा सच्चर, क्षमा मल्होत्रा, बलविंदर कौर, सीता, सरला, शकुंतला, सुरक्षा, चरणजीत, अश्विनी, जोगिंदर, बलदाऊ श्रीवास्तव, चंद्रकांत डी ठक्कर, पंकज मेहता व विजय अग्रवाल सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# जनता मौका दे, पछताना नही पड़ेगाः कमल दीवान



**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत/रिंकू**
सोनीपत नगर निगम मेयर पद के प्रत्याशी कमल दीवान ने वीरवार को कहा कि अगर जनता मौका देती है तो सोनीपत की जनता को कभी पछताना नही पड़ेगा। वह राजनीति में लोगों की सेवा करने के लिए ही आए हैं। कांग्रेस नेता कमल दीवान ने कहा कि जनता की हर समस्या के समाधान के लिए काम किया जाएगा, ताकि आठ माह के बाद जब फिर से मेयर पद के लिए चुनाव होंगे तो जनता के बीच में सिर उठाकर वोट मांगने में उन्हें कोई हिचक न हो। भाजपा सरकार पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि ऊपर-नीचे हर जगह सरकार होने के बावजूद सोनीपत नगर निगम क्षेत्र में लोगों की पेयजल, सीवरेज जाम, प्रोप्टी आईडी, परिवार पहचान पत्र की त्रुटियां दूर नही हो पाई। लोगों को कार्यालयों के धक्के खाने पड़ रहे हैं। आम जनता की आवाज को दबाने का काम किया जा रहा है। आम जनता के समस्याओं के समाधान के लिए कोई कदम नही उठाए जा रहे हैं। लोगों को गुमराह किय जा रहा है। उन्होंने सोनीपत नगर निगम क्षेत्र वासियों से अपील की कि इन सब समस्याओं के निजात के लिए

**प्रचार**

**▶▶ कांग्रेस नेता कमल दीवान ने कहा कि जनता की हर समस्या के समाधान के लिए काम किया जाएगा**

आगामी 2 मार्च को कांग्रेस को वोट डालकर भ्रष्टाचार पर चोट मारने का काम करे। कांग्रेस नेता कमल दीवान ने इस दौरान श्रीराम स्कूल, भगत सिंह कॉलोनी, रेवली गांव, पटेल नगर, कृपाल कॉलोनी, बैयांपुर खुर्द, ओमैक्स सिटी, बंदेपुर धाम, मॉडल टाउन, सेक्टर 15 में भी जनसभाओं को संबोधित किया। जनसभाओं के दौरान पूर्व सांसद धर्मपाल मलिक, पूर्व विधायक सुरेन्द्र पंवार, पूर्व विधायक जगबीर मलिक, जयभगवान आंतिल, देवेन्द्र शर्मा, पदम दहिया, अमनदीप शर्मा, सुरेन्द्र शर्मा, कमला मलिक, संतोष गुलिया, अशोक छाबड़ा, प्रदीप गौतम, मेघा दीवान, रणजीत कौशिक, राजीव सरोहा, मनजीत गहलावत, प्रेम रेलन, नीलकंठ मुखीजा, मनोज आदि लोग मौजूद रहे।

# जेजेपी के कार्यकर्ताओं ने भाजपा का दामन थामा

**महत्व**

**▶▶ आज देश प्रदेश भाजपा की लहर चल रही है अब जनता ट्रिपल इंजन की सरकार कर महत्व को समझने लगी है**

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
**आज** कल पानीपत में राजनैतिक सरगर्मियां जोरो पर है और प्रतिदिन विपक्षी पार्टियों के नेता अपनी पार्टियों को छोड़कर भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर रहे है। इसी कड़ी में वीरवार को भी भाजपा जिला कार्यालय सेक्टर 6 के परिसर में जे जे पी एवं अन्य



पार्टी के सैकड़ों पदाधिकारी और कार्यकताओं ने भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया। समालखा विधानसभा क्षेत्र की जे जे पी की महिला मोर्चा उपाध्यक्ष,हल्का अध्यक्ष लेखराज खट्टर एवं पूर्व जिला पार्षद सुभाष शर्मा ने भाजपा नेता गंगा राम स्वामी के नेतृत्व में भाजपा पार्टी का दामन थाम लिया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने पार्टी में आए इन सभी नेताओं को भाजपा का पटका पहनाकर सम्मानित किया और सभी नेताओं को विश्वास दिलाया कि भाजपा में उन्हें पूरा मान सम्मान दिया जाएगा। इस अवसर पर काबड़ी मंडल अध्यक्ष अतर सिंह प्रजापत, सुधीर बडौली,प्रमोद कुराड़िया, विनीत कुंडू, सिद्धांत गुर्जर, ओम दत्त आर्य, सुमित जागलान, महावीर दहिया, जयदेव नौल्था, प्रेम वर्मा, मयंक भट्ट देवांशू वर्मा भी मुख्य रूप से मौजूद रहे। सदस्यता ग्रहण समारोह को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने कहा कि आज देश प्रदेश भाजपा की लहर चल रही है अब जनता ट्रिपल इंजन की सरकार कर महत्व को समझने लगी है। इसका ताजा उदाहरण दिल्ली प्रदेश में भारी बहुमत के साथ हरियाणा की बेटी मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में भाजपा की सरकार का गठन होना है।

# श्याम के धाम पर ले जाना पुण्य का काम : वृंदावन ट्रस्ट

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन)**
2 मार्च को पारिवारिक उत्सव की तरह यात्रा का आनंद ले यह घोषणा आज वृंदावन ट्रस्ट पानीपत द्वारा की गई वृंदावन ट्रस्ट के पदाधिकारी ने प्रेस कांफ्रेंस आयोजित करके नगर को आह्वान किया की चुलकाना धाम वार्षिक पदयात्रा में अपने साथ नए लोगों को भी जोड़ आप अपने किसी परिचित से पूछे अगर वह चुलकाना ना गया हो उसे श्याम के धाम पर ले जाना पुण्य का काम है। यह पुण्य अर्जित करें वृंदावन ट्रस्ट पानीपत के लिए चुलकाना धाम पदयात्रा एक इवेंट नहीं है यह एक परंपरा है। जिसकी परंपरा ट्रस्ट द्वारा विस्तारित की गई है वृंदावन ट्रस्ट ने ने नगर की जनता को 2 मार्च के लिए आह्वान किया कि अपने परिवार के साथ आनंद मस्ती स्नेह ईश्वरीय समर्पण के साथ चुलकाना धाम चले वृंदावन ट्रस्ट द्वारा बताया गया की चुलकाना की पदयात्रा में पैदल जाने की वजह से वापसी में श्याम प्रेमियों को बहुत दिक्कत का सामना करना पड़ता है । इसके लिए वृंदावन ट्रस्ट ग्रामवासी चुलकाना वह हरियाणा राज्य परिवहन पानीपत डिपो द्वारा दो अस्थाई बस स्टैंड का निर्माण वहां पर किया गया है।

# परीक्षा केंद्र में पहुंचे एसडीएम और कक्षों की जांच की

**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**
**खरखौदाः** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की तरफ से बृहस्पतिवार को दसवीं कक्षा की बोर्ड की परीक्षाएं शुरू कर दी गई। इस दौरान परीक्षा केंद्रों पर पुलिस की तैनाती भी देखने को मिली। जबकि एसडीएम खरखौदा डा. निर्मल नागर राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बनाए गए परीक्षा केंद्र में पहुंचे और परीक्षा कक्षों की बारीकी से जांच की। एसडीएम ने इस दौरान परीक्षा केंद्र प्रबंधन को आदेश दिए कि किसी भी परीक्षा कक्ष में कोई पोस्टर लगा नहीं रहना चाहिए। अगर इन्हें



उतारा जा सकता है तो ठीक नहीं तो इन सभी का ढ़कने का काम करें। एसडीएम ने कहा कि कमरों के अंदर विज्ञान, अंग्रेजी व गणित विषय से संबंधित पोस्टर लगे हुए हैं, जोकि नियमों का उल्लंघन करते हैं। ऐसे में हर परीक्षा केंद्र पर इस

**जांच**

**▶▶ शिक्षा बोर्ड की तरफ से बृहस्पतिवार को दसवीं कक्षा की बोर्ड की परीक्षाएं शुरू कर दी गई।**

आदेश को लागू किया जाए। जिससे कि नियमों की पालना हो सके। उन्होंने कहा कि सभी परीक्षाएं नकल रहित करवाई जाएंगी, वहीं अगर कहीं से बाहरी हस्तक्षेप सामने आता है तो इसकी सूचना उन्हें दी जा सकती है।

# नगर निगम चुनावों में हरियाणा में बनेगी ट्रिपल इंजन की सरकारः डा. अरविंद शर्मा

**चुनाव प्रचार**

**▶▶ आने वाली 2 मार्च को करनाल के लोग कमल खिलाएंगे और नगर निगम में भाजपा का मेयर बनेगा**





**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** प्रदेश के सहकारिता, पर्यटन एवं कारागार मंत्री डा.अरविंद शर्मा ने नगर निगम चुनावों में लोगों को अधिक से अधिक मतदान की अपील करने के लिए करनाल पंहुचे। इस दौरान उन्होंने सारस्वत भवन सैक्टर 8, गांव दहा, स्थानीय नई अनाज मंडी, वसंत विहार एवं शिव कालोनी में पंहुचकर लोगों से भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील की। इस अवसर पर सारस्वत ब्राह्मण सभा के सदस्यों द्वारा डा.अरविंद शर्मा को फरसा देकर सम्मानित किया गया। सैक्टर 8 के सारस्वत भवन में आयोजित कार्यक्रम में अधिक से अधिक मतदान की अपील करते हुए डॉ.अरविंद शर्मा ने कहा कि हरियाणा में विकास प्रगति पर है और प्रदेश सरकार नॉन स्टॉप विकास कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में सबका साथ-सबका विकास व सबका विश्वास के सिद्धांत पर कार्य हो रहे हैं।
डॉ.अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों में आम जनता का विश्वास सिर चढ़ कर बोल रहा है और भारतीय जनता पार्टी में लोग दिन-प्रतिदिन अपनी आस्था तीव्र गति से जता रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सभी का सम्मान करती है तथा सभी को साथ लेकर चलती है। भारतीय जनता पार्टी पर लोगों का विश्वास है और इसका जोश पूरे हरियाणा में दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में सबको विश्वास है कि भारतीय जनता पार्टी जो कहती है, वह करती है, यही वजह है कि तीसरी बार हरियाणा में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में सरकार बनी है और मैं ये दावे के साथ कहता हूं कि लोगों के आशीर्वाद से करनाल नगर निगम में भी ट्रिपल इंजन की भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी और सभी 20 वार्डों में कमल खिलेगा। डा. अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री ने 2047 तक भारत को विकसित भारत बनाने का जो सपना साकार करने का सोचा है। विकसित भारत बनाने में हर एक नागरिक का योगदान रहने वाला है वह किसान है, खेतीहर मजदूर है, दलित है, पिछड़ वर्ग से है, बीसी, ओबीसी है कोई भी है। अगर हम अपने अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों को भी समझेंगे तो आपको गर्व भी होगा कि विकसित भारत में मेरा भी योगदान है। करनाल के विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि आने वाली 2 मार्च को करनाल के लोग कमल खिलाएंगे और नगर निगम में भाजपा का मेयर बनेगा।

# रक्तदान का कोई विकल्प नही, रक्तदान से बचाई जा सकती है कई जिंदगियांः अंकुश

**टीम एक्शन इंडिया**
**जिला** रैडक्रास सोसाईटी, पानीपत के परिसर में आज अंकुश मिगलानी, माननीय उपाध्यक्ष, भारतीय रैडक्रास सोसाईटी, हरियाणा राज्य षाखा, चण्डीगढ़ ने बतौर मुख्य अतिथि स्वैच्छिक रक्तदान में षिरक्त की और संस्था द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की और संस्था द्वारा की जा रहे कार्यो की समीक्षा की। इस दौरान सचिव, गौरव रामकरन ने पुश्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया, जिस दौरान जिला प्रषिक्षण अधिकारी हरमेंष चन्द, ब्लड बैंक इंचार्ज डा0 पूजा सिंघल सहित कार्यालय के सभी



कर्मचारीगण व स्वंयसेवक मौजूद रहे। मुख्य अतिथि अंकुश मिगलानी, माननीय उपाध्यक्ष, भारतीय रैडक्रास सोसाईटी, हरियाणा राज्य षाखा, चण्डीगढ़ ने रिबन खोलकर रक्तदान शिविर की शुरूआत की और रक्तदाताओं को रैडक्रास बैज लगाकर व स्मृति चिन्ह तथा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान जय भगवान ने 90वी. बार, नरेन्द्र जिंदल 85वी. बार रक्तदान किया, जिसकी माननीय मुख्य अतिथि महोदय द्वारा सराहा गया। मुख्य अतिथि महोदय ने रक्तदाताओं का हौंसला बढ़ाते हुये कहा कि रक्तदान से कई जिंदगियों को बचाया जा सकता है। मानव रक्त

**समीक्षा**

**▶▶ जनकल्याणकारी गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की और संस्था द्वारा की जा रहे कार्यो की समीक्षा की**

ही दूसरे जरूरमंद व्यक्ति के काम आ सकता है। रक्त का कोई दूसरा विकल्प नहीं है। रक्तदान षिविर में जरूरत अनुसार लगभग 25 व्यक्तियों द्वारा रक्तदान किया गया। सचिव ने बताया कि रैडक्रास रक्तबैंक के माध्यम से प्रत्येक वर्श लगभग 150 रक्तदान षिविरों का आयोजन किया जाता है और लगभग 8000 से अधिक रक्त ईकाईयां एकत्रित की जाती है और जरूरमंद मरीजों को एमरजैंसी के समय रक्त उपलब्ध करवाया जाता है।
इस अवसर पर अंकुश मिगलानी उपाध्यक्ष महोदय द्वारा श्री. सिमेंट फाउंडेशन ट्रस्ट से देवेन्द्र माथुर, एल.सी.पी. इन्टरनेशनल कपिल अनेजा, जन सारथी फाउंडेशन से बृज मोहन शर्मा, सेवा दिल से आशीष जैन, पानीपत रोटरी रैनबो से सचिन गर्ग, राहुल अग्रवाल, विवेक शर्मा को रैडक्रास रक्त बैंक की सहायतार्थ उपकरण व वित्तिय मदद देने पर प्रंशसा पत्र देकर सम्मनित किया गया।

# श्री घंटाकर्ण भक्तों पर वात्सल्य बरसाने वाले देवता हैं : मुनि पीयूष

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** महाप्रभावी श्री घंटाकर्ण महावीर देवता के विशेष कृपा दिवस कृष्ण चौदस पर भक्ति संगम का आयोजन श्री घंटाकर्ण महावीर तीर्थस्थान, इंद्री रोड़ पर भक्ति भावनापूर्वक किया गया। सर्वप्रथम श्री घंटाकर्ण बीजमंत्र के सामूहिक जाप से लोकमंगल तथा सभी के कल्याण की कामना की गई। मुनि संयमेश, मुनि अभिनव, साध्वी जागृति . सीयल, शान्ति-मणि ने सुमधुर भक्तिगीतों से समा बांधा।
भारत संत गौरव श्री पीयूष मुनि जी महाराज ने महाप्रभावी श्री



घंटाकर्ण देवता के संदर्भ में बतलाया कि श्री घंटाकर्ण कृपानिधान भक्तों पर वात्सल्य बरसाने वाले देवता हैं, जो सबको निहाल तथा मालामाल करते हैं। इनके उपासक का कोई विपत्ति कुछ बिगाड़ नहीं पाती और सभी अनुकूलताएं चुम्बकीय आकर्षण से उसकी ओर खिंची आतीं है। मुनि जी ने बतलाया कि श्री घंटाकर्ण जी बावन वीरों में तीसवें वीर शिरोमणि तथा वीरों की परिषद में सेनापति का गौरवमयी स्थान प्राप्त प्रभावशाली देवता हैं, जिन्हें जैन, हिंदू तथा बौद्ध तीनों परंपराओं में विशेष पूजनीय तथा आराध्य स्थान प्राप्त है। जैन परंपरा में इन्हें चौबीसवें तीर्थंकर भगवान महावीर का शासनरक्षक देव माना जाता है। वैदिक परंपरा में इन्हें बद्रीनाथ तीर्थ का क्षेत्रपाल देवता, शिवजी का गण तथा उनके पुत्र कार्तिकेय का अभिन्न सहयोगी माना जाता है।

# इंडो पैसिफिक केन्द्र द्वारा एक दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** परमिता त्रिपाठी, संयुक्त सचिव, विदेश मंत्रालय, भारत सरकार ने कहा कि हिंद महासागर विश्व का तीसरा सबसे बड़ा महासागर है। यह न केवल जल एक महत्वपूर्ण स्त्रोत है बल्कि ऐतिहासिक काल से व्यापार तथा आर्थिक विकास का केन्द्र भी है। हिन्द महासागर पर प्रभावी नियन्त्रण के बिना कोई देश वैश्विक शक्ति का दर्जा प्राप्त नहीं कर सकता। वे गुरुवार को इंडियन कांउसिल ऑफ वर्ल्ड अफेयर्स (आईओआरए), नई दिल्ली तथा इंटनेशनल सेंटर फॉर इंडो पैसिफिक स्टडीज(आईसीआईपीएस) तथा अर्थशास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वावधान में इंडिया एंड



आईओआरएः पाथवेज अहेड विषय पर आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में बतौर मुख्यातिथि बोल रही थी। उन्होंने कहा कि भारत ने क्षेत्रीय सहयोग के लिए हिंद महासागर रिम एसोसिएशन (आईओआर-एआरसी) के संस्थापक सदस्य के रूप में इसे एक गतिशील और रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण अंतर-सरकारी संगठन बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।
कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि आज का सम्मेलन भारतीय महासागर क्षेत्र के सदस्य देशों के बीच संवाद, समझ और सहयोग को बढ़ावा देने के हमारे प्रयासों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा। भारत का इंडियन कांउसिल ऑफ वर्ल्ड अफेयर्स (आईओआरए) के साथ जुड़ाव विदेश नीति और विकास का एक महत्वपूर्ण पहलू है और हम इस क्षेत्र के साथ अपने संबंधों को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा अंतर्राष्ट्रीय इंडो पैसिफिक केन्द्र की स्थापना वर्ष 2022 में की गई थी और इस केन्द्र द्वारा अभी तक तीन अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन सफलतापूर्वक आयोजित किए जा चुके हैं जो अंतर्राष्ट्रीय संबंध मजबूत करने की दृष्टि से महत्वपूर्ण है।
भारतीय विश्व मामले परिषद, नई दिल्ली की डॉ. प्रज्ञा पांडे ने कहा कि इस परिषद का उद्देश्य भारतीय एवं अंतर्राष्ट्रीय मामलों के अध्ययन को बढ़ावा देना तथा अध्ययन के माध्यम से अन्य देशों के साथ भारत के संबंधों को बढ़ावा देना है। प्रो. अनिल सूकलाल, उच्चायुक्त, दक्षिण अफ्रीका गणराज्य, भारत, नई दिल्ली ने कहा कि आईओआरए हिंद महासागर में समुद्री सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है। कुवि के इंडो-पैसिफिक केन्द्र के निदेशक प्रो. वी.एन. अत्री ने गणमान्यों का स्वागत किया तथा सम्मेलन की रूपरेखा बताई।

**प्रतियोगिता**

**▶▶ हिंद महासागर विश्व का तीसरा सबसे बड़ा महासागर है। यह न केवल जल एक महत्वपूर्ण स्त्रोत ह**

## न्यूज फ्लैश

### घर से पड़ोस में आयोजित शादी समारोह में गई महिला संदिग्ध हालत में लापता

**सोनीपत:** बहालगढ़ थाना क्षेत्र के गांव बड़ौली में शादी समारोह में गई महिला के संदिग्ध हालत में लापता होने के आरोप का मामला सामने आया है। महिला के पति ने पुलिस को शिकायत देकर अज्ञात पर बंधक बनाकर रखने का आरोप लगाया है। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस महिला की तलाश के प्रयास कर रही है। गांव बड़ौली निवासी जगबीर ने बताया कि वह मेहनत-मजदूरी का कार्य करता है। उसकी शादी करीब 16 साल पहले मंजी निवासी नौल्था के साथ हुई थी। शादी के बाद उसके पास दो लड़के है। उसकी पत्नी दिन में करीब तीन बजे पड़ोस में आयोजित शादी समारोह में शिरकत करने के लिए गई थी। उसके बाद वापस नहीं लौटी। उसके बाद मंजीत की तलाश की तो जानकारी मिली कि वह खाना-खाने लगी थी। उसके बाद बैंक में खाता खुलवाने की बात कहकर चली गई। मंजीत को आसपास के क्षेत्र में हर जगह तलाश किया, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। बहालगढ़ थाना पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई अनिल कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जार रही है। जल्द से जल्द महिला की तलाश कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### अवैध हथियार की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार, अदालत में पेश

**सोनीपत:** एसटीएफ यूनिट सेक्टर-7 टीम ने अवैध हथियार की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित रोहित उर्फ लाडला निवासी गांव ठरु उन्दीपुर का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। टीम में तैनात सिपाही कृष्ण ने बताया कि उनकी टीम गश्त के दौरान मुरथल चौक जीटी रोड पर मौजूद थी। उसी दौरान अवैध हथियार सहित युवक के आने की सूचना मिली। टीम ने छापेमारी करते हुए युवक को काबू कर लिया। उसके पास तलाशी के दौरान अवैध पिस्तौल व जिंदा रौंद बरामद हुआ। आरोपित के खिलाफ संबंधित थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया गया। मामले में कार्रवाई करते हुए टीम ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। जांच अधिकारी अमित ने बताया कि वारदात में शामिल दूसरे आरोपित को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया।

### दो-पहिया वाहन छीनने की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार, अदालत में पेश

**सोनीपत:** कुंडली थाना पुलिस ने मोटरसाइकिल छीनने की वारदात में शामिल दूसरे आरोपित को प्रोडेक्शन वारंट पर लिया है। गिरफ्तार आरोपित सचिन उर्फ तोता निवासी पानीपत का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। मीनापुर बिहार हाल में सिंघु निवासी पंकज ने 31 अक्टूबर 2024 को पुलिस से शिकायत देकर दो युवकों पर जबरदस्ती बाइक छीनने का आरोप लगाया था। पुलिस ने इस संबंध में कुंडली थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया था। सहायक उप निरीक्षक युद्धवीर की टीम ने वारदात में शामिल एक आरोपित को पहले काबू कर लिया था। वारदात में शामिल दूसरे आरोपित गिरफ्तार कर एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया था। आरोपित की रिमांड अवधि पूरी होने के बाद उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

# स्वतंत्रता सेनानी चन्द्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि मनाई गई

## जलियांवाला बाग कांड ने उन्हें स्वतंत्रता संग्राम में भाग लेने के लिए प्रसिद्ध किया

**प्रेरणा**

**अशोक रोशा ने बताया कि .चंद्रशेखर आजाद का जीवन हम सबके लिए एक प्रेरणा है**



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र :** श्रीमद्भागवदगीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुरुक्षेत्र में ज्ञानकी देवी माँ सरस्वती तथा भारतमाता के साथ महान क्रांतिकारी व स्वतंत्र्य सेनानी चन्द्रशेखर आजाद की प्रतिमाओं पर विद्यालय प्रबन्ध समिति अध्यक्ष मोहिन्द्रपाल सिंगला ,उपाध्यक्ष अशोक रोशा, प्रबन्धक विरेन्द्र वालिया ' कोषाध्यक्ष रमेश गुलाठी ' सदस्य जंगबहादुर सिंगला प्राचार्य अनिल मदान ने माल्यार्पण ,दीप प्रज्वलन तथा पुष्पार्चन कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए । हिन्दू शिक्षा समिति (ग्रामीण )हरियाणा के कोषाध्यक्ष एवं विद्यालय .के उपाध्यक्ष अशोक रोशा ने बताया कि .चंद्रशेखर आजाद का जीवन हम सबके लिए एक प्रेरणा है। जलियांवाला बाग कांड ने उन्हें स्वतंत्रता संग्राम में भाग लेने के लिए प्रसिद्ध किया और उन्होंने महात्मा गांधी के असहयोग आंदोलन में हिस्सा लिया हालांकि चोरा चोरी कांड के बाद गांधी जी का आंदोलन वापस लेने से उनका कांग्रेस से मोह भंग हो गया और क्रांतिकारी गतिविधियों में सक्रिय हो गए । उसके बाद उन्होंने अपनी पहचान एक सशक्त क्रांतिकारी के रूप में बनाई और ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ अंतिम समय तक संघर्ष किया । विद्यालय प्रबंधक विरेन्द्र वालिया ने बताया कि चंद्रशेखर आजाद भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के एक महान और निडर क्रांतिकारी थे और उनका जन्म 23 जुलाई 1906 को मध्य प्रदेश के झाबुआ जिले के भावर गांव में हुआ था उनका जीवन प्रेरणादायक था क्योंकि उन्होंने कभी भी अंग्रेजों के सामने घुटने नहीं टेके । चंद्रशेखर ने बचपन में ही निशानेबाजी और धनुर्विद्या सीखी थी और इस कौशल से उनकी क्रांतिकारी गतिविधियों में महत्वपूर्ण भूमिका रही थी । 15वर्ष की आयु में जब चंद्रशेखर आजाद को .पुलिस के द्वारा पकड़ा गयाऔर उनसे उनका नाम पूछा गया तो उन्होंने अपना नाम आजाद बताया।

उन्होंने कहा कि हमारा नारा है कि दुश्मन की गोलियों का हम डटकर सामना करेंगे हम आजाद है और आजाद ही रहेंगे घर का पता पूछने पर उन्होंने कहा कि मेरा घर जेल खाना है जब तक देश आजाद नहीं होगा तब तक हम ब्रिटिश सरकार के प्रति क्रांतिकारी गतिविधियों को .जबरदस्त तरीके से संचालन करते रहेंगे उन्होंने हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन की 1928 ई में स्थापना की थी। उसी के मार्ग दर्शन मे अपने साथियों के साथ मिलकर देश को स्वतन्त्र कराने के लिए 27फरवरी 1931 को इलाहाबाद के अल्फ्रेड पार्क में ब्रिटिश सेना के साथ मुकाबला करते हुए उनके कई मुख्य अधिकारी सैनिको मौत के घाट उतारकर अपनी अन्तिम गोली अपनी कनपटी पर स्वयं मारकर वीरगति को प्राप्त हो गए थे। गोली लगने के बाद भी अंग्रेज सैनिक उनके पास तक नहीं जा सके थे । महा नायक चन्द्रशेखर आजाद का इतना खौफ उन्हे . सता रहा था कि मृत्यु के बाद भी वे उनके पास तक नहीं पहुँच पाये थे। प्राचार्य अनिल मदान ने आए हुए सभी अतिथि गण का .हृदय से धन्यवाद किया।

# मैरिट में आए छात्रों को किया गया सम्मानित



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र :** देवी अहिल्याबाई होलकर जी के त्रिशाब्दी जयंती के अवसर पर श्री कृष्ण संग्रहालय के सभागार में देवी अहिल्याबाई होल्कर अनुसंधान विकास केंद्र हरियाणा प्रदेश भर से आए प्रमुख लोगो का स्वागत अध्यक्ष विनोद पाल होलकर ने किया। मुख्य अतिथि श्री विजय नड्डा जी विद्या भारती उत्तर क्षेत्र संघ , जिला कुरुक्षेत्र कार्यवाह डॉ संजीव, कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड कुरुक्षेत्र, चैयरमेन मदन मोहन छाबड़ा, साइंटिस्ट लंदन डॉ हरजीत सिंह ,कार्यक्रम कि अध्यक्षता विनोद पाल होलकर झांसा द्वारा की गई। उन्होंने समाज के प्रमुख लोगों को बताया को आज बिना खर्ची बिना पर्ची के नौकरियाँ दी जा रही हैं । मेरिट में आए बच्चों को सम्मानित किया गया है और देवी अहिल्याबाई होल्कर के जीवन को मुख्य वक्ता ने सबके समक्ष रखा। इस मौके पर प्रदेश सेक्रेटरी हुकुम सिंह पाल, प्रदेश खजांची जीतराम, प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश पाल, प्रदेश कमेटी के सदस्य पूर्ण पाल, रला राम, नंबदार शेर सिंह, रामपाल, सुभाष, रमेशर, कर्म सिंह ओमपाल ,रामपाल विक्रम नंबरदार ,राजेंद्र ग्रोवर, सचिन पाल, पोली देवी, सुषमा, स्टेट अवार्डी निरुपम इत्यादि उपस्थित रहे।

**सम्मान**

**प्रदेश भर से आए प्रमुख लोगो का स्वागत अध्यक्ष विनोद पाल होलकर ने किया**

# अटेरना में बिजली का ट्रांसफार्मर व बिंदरौली से तार चोरी, मुकदमें दर्ज

टीम एक्शन इंडिया

**सोनीपत:** सदर थाना क्षेत्र व राई थाना क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों से ट्रांसफार्मर व बिंदरौली से तार चोरी होने के मामले सामने आया है। चोरी की वारदातों को बिजली निगम को लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। मामलों को लेकर विभाग की तरफ से पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमें दर्ज कर लिए है। पुलिस मामलों की गंभीरता से जांच कर रही है। बिजली निगम राई के उपमंडल अधिकारी रविंद्र पंवार ने पुलिस को बताया कि अटेरना के पास लगे बिजली ट्रांसफार्मर से तीन बिजली कनेक्शन जुड़े थे। बिजली आपूर्ति प्रभावित होने पर कर्मचारी जांच के लिए पहुंचे तो ट्रांसफार्मर गायब मिला। रात को चोर बिजली ट्रांसफार्मर चोरी कर उसका सामान चोरी कर ले गए। शिकायत पर थाना कुंडली पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। वहीं, गांव बिंदरौली के पास से चोर 11केवी रोहट फिटर की लाइन गुजर रही है। चोर वहां से बिजली की तार चोरी कर ले गए। जिसकी कीमत करीब 1.60 लाख रुपये है। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# सरकार की नजर में सभी नागरिक एक समान- ओंकार नाथ मिश्रा

**एक समान**

**देश की जनता के द्वारा ही सरकार को चुना जाता है और सरकार की नजर में सभी नागरिक एक समान होते ह**



टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

**अम्बाला:** भारत एक लोकतांत्रिक देश है जिसमें देश की जनता के द्वारा ही सरकार को चुना जाता है और सरकार की नजर में सभी नागरिक एक समान होते हैं जिन्हें विपक्षी पार्टी, निर्दलीय प्रतिनिधि, धर्म या जाति के आधार पर देश के विकास में भागीदारी देने से मना नहीं किया जा सकता। यह बात आज वार्ड नंबर 19 से पार्षद पद के आजाद उम्मीदवार ओंकार नाथ मिश्रा ने वार्डवासियों से जनसंपर्क अभियान के दौरान कही। वे घर-घर जाकर वार्डवासियों के सवालों का जवाब दे रहे थे। मिश्रा ने कहा कि सत्तापक्ष के कुछ नेता आम जनता में यह अफवाह फैला रहे हैं कि आजाद पार्षद पद के लोग झूठे वादे कर रहे हैं और उनके पक्ष में वोट न करने की अपील करके निर्दलीय उम्मीदवारों का हौसला और मजबूत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव चाहे विधानसभ का हो, लोकसभा का हो या फिर नगर परिषद का हो, इन चुनावों में वोट करने वाली जनता देश की होती है और भारत के लोकतांत्रिक देश होने की विशेषता यह साबित करने के लिए काफी है कि सरकार चाहे किसी भी पार्टी की हो उसका धर्म है कि वह संविधान में वर्णित समानता के आधार पर सभी को समान तौर पर विकास का अधिकार प्रदान करे और प्रत्येक नागरिक को एक समान नजरिए से देखे।

मिश्रा ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री व देश के प्रधानमंत्री का विजन देश की गली-गली व वार्डो को विकसित करने का है जिसे पूरा करने के लिए यहां की जनता द्वारा चुने गए प्रतिनिधि की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका होती है जोकि वार्ड की समस्याओं को सरकार के समक्ष रखकर तथा उन्हें हल करवाकर वार्ड के विकास को गति प्रदान करने में सहयोग देता है। उन्होंने बताया कि देश के प्रधानमंत्री ने देश को डिजीटली विकसित करने का लक्ष्य रखा है जिसे पूरा करने की दिशा में ही मिश्रा द्वारा वेब एप्लिकेशन का निर्माण किया गया है जिससे वार्ड की जनता को समस्याओं के समाधान को करवाने के लिए घर बैठे ही सुविधा मिल जाएगी और उनका काफी समय बचेगा।

# पात्र करदाताओं को बकाया कर पर ब्याज और जुर्माने में दी जाएगी राहत

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र :** उप आबकारी एवं कराधान आयुक्त जगबीर सिंह ने कहा कि सरकार की योजना के तहत पात्र करदाताओं को बकाया दर पर ब्याज और जुर्मानें में राहत दी जाएगी। इसलिए पात्र करदाताओं को सरकार की इस योजना का फायदा उठाना चाहिए। अहम पहलू यह है कि कुरुक्षेत्र जिले के पात्र करदाताओं को विभागीय अधिकारियों द्वारा विस्तार से जानकारी दी जाएगी। डीईटीसी जगबीर सिंह उप आबकारी एवं कराधान आयुक्त कार्यालय में अधिकारियों की एक बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। इससे पहले डीईटीसी जगबीर सिंह ने विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों, आबकारी एवं कराधान अधिकारी ईटीओ तथा सहायक आबकारी एवं कराधान अधिकारियों एईटीओ को सरकार की योजना के साथ-साथ कुरुक्षेत्र जिले के पात्र करदाताओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी है।



**विस्तार**

**कुरुक्षेत्र जिले के पात्र करदाताओं को विभागीय अधिकारियों द्वारा विस्तार से जानकारी दी जाएगी**

उन्होंने जीएसटी एमनेस्टी योजना के महत्व पर बल दिया, जिसे केंद्र सरकार द्वारा घोषित किया गया है और हरियाणा सरकार की अधिसूचना के तहत लागू किया गया है।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी पात्र करदाताओं तक इस योजना की जानकारी पहुंचे और वे इसका अधिकतम लाभ उठा सकें।

# मार्च महीने के पहले रविवार को होगा मासिक हवन यज्ञ- सतीश

**बैठक**

**सेवा समिति रजि 1069 अंबाला कैंट की मीटिंग भगवान परशुराम मंदिर नगल करधान अंबाला कैंट में हुई**



टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

**अम्बाला:** भगवान परशुराम सेवा समिति रजि 1069 अंबाला कैंट की मीटिंग भगवान परशुराम मंदिर नगल करधान अंबाला कैंट में हुई। जिसमें समिति के हवन इंचार्ज सतीश शर्मा ने बताया कि समिति का मासिक हवन यज्ञ हर महीने की तरह मार्च महीने के पहले रविवार को भगवान परशुराम मंदिर नगल करधान में सुबह 10:00 बजे मंदिर के पंडित शम्भू दयाल जी द्वारा करवाया जाएगा। इस हवन यज्ञ मे मुख्य जजमान के समिति के खजांची शशिकांत पाराशर और उनकी धर्मपत्नी सुनीता पाराशर होंगी। समिति के प्रधान अतुल शर्मा ने बताया भगवान परशुराम परशुराम मंदिर के सामने भगवान परशुराम धर्मशाला का निर्माण किया जा रहा है।

### युवक का मोबाइल छीनकर भागा युवक

**सोनीपत:** शहर थाना क्षेत्र निवासी व्यक्ति ने मोबाइल फोन छीनने का मामला सामने आया है। व्यक्ति अपने किसी काम से स्टेशन के पास आया हुआ था। पीड़ित ने पुलिस को शिकायत देकर दो आरोपितों पर वारदात को अंजाम देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। सेवानिवृत सोसाइट सेक्टर-23 निवासी प्रवीन सिंह ने बताया कि गत 24 फरवरी को देर रात करीब दस बजे वह अपनी पत्नी के साथ के पास आया हुआ था। उसके पास दो लड़के आकर रूके। उसके बाद पीछे से उनका चक्कर लगाया।

# पुलिस ने बिना डर के चुनाव में भाग लेने की अपील की

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र :** जिला पुलिस निकाय चुनाव को लेकर पुलिस अलर्ट मोड़ पर है। पुलिस अधीक्षक कुरुक्षेत्र के दिशा निर्देशानुसार वीरवार को थाना केयूके व थाना कृष्णा गेट व एरिया में फ्लैग मार्च निकाला। पुलिस अधिकारियों के नेतृत्व में पुलिस टीम व आरएएफ की टीम ने आम नागरिकों को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं स्वतन्त्र रुप से चुनाव प्रक्रिया में पुलिस का सहयोग करने की अपील की। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 2 मार्च 25 को जिले में निकाय चुनाव होने निश्चित हुए हैं। जिला कुरुक्षेत्र में निकाय चुनाव-2025 को शान्तिपूर्ण एवं निष्पक्ष करवाने तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए, बुधवार को पुलिस अधिकारियों के नेतृत्व में पुलिस टीमों ने आरएएफ के जवानों के साथ मिलकर थाना शहर थानसेर व थाना कृष्णा गेट एरिया में फ्लैग मार्च निकाला गया। थाना शहर थानेसर प्रभारी निरीक्षक नरेश कुमार, थाना कृष्णा गेट प्रभारी निरीक्षक जगदीश टामक के नेतृत्व में पुलिस की टीमों का फ्लैग मार्च शहर थानेसर की विभिन्न गलियों व मार्गों से होकर गुजरा। पुलिस ने लोगों को बिना किसी डर, भय के चुनाव प्रकिया में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। जनता से अपील की गई कि वह चुनाव के समय किसी भी असमाजिक तत्व के बहकावे में न आकर किसी प्रकार के लालच देने वालों की सूचना तुरन्त अपने नजदीकी पुलिस स्टेशन/चौकी या पुलिस कन्ट्रोल रूम में दें। चुनाव को शांतिपूर्वक संपन्न करवाने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करें । गौरतलब है कि जिला में 2 मार्च 25 को होने वाले निकाय चुनाव को लेकर जिला पुलिस द्वारा व्यापक प्रबन्ध किये गए हैं।



**फ्लैग मार्च**

**कुरुक्षेत्र के दिशा निर्देशानुसार वीरवार को थाना केयूके व थाना कृष्णा गेट व एरिया में फ्लैग मार्च निकाला**

# प्रभावी जन चेतना केंद्र बनेंगे सम्पूर्ण साक्षरता का आधार: कंवलजीत

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र :** नवभारत साक्षरता मिशन के तहत चल रहे उल्लास कार्यक्रम की समीक्षा व भावी योजना के लिए जिला स्तरीय बैठक गुरुवार को पंचायत भवन में सम्पन्न हुई। बैठक में जिला परिषद अध्यक्ष कंवलजीत कौर मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित थी जबकि अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी सन्तोष शर्मा व जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार ने की। जिला उल्लास समन्वक संजय कौशिक ने अतिथियों का स्वागत किया तथा कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। इस अवसर पर बीईओ थानेसर इंदु , बीईओ बाबैन सन्तोष चौहान, जिला परिषद के अनुभाग अधिकारी सत्यभूषण सहित अनेक अधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सतबीर शर्मा ने किया। उपस्थित अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए जिला परिषद चैयरपर्सन कंवलजीत कौर ने कहा कि उल्लास कार्यक्रम केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है जो विकसित भारत के अपने का आधार बनेगी। हम उम्मीद कर सकते हैं कि जल्द भारत दुनिया के उन चुनिंदा राष्ट्रों की सूचि में शामिल होगा जिनमें साक्षरता दर सौ प्रतिशत है। कोई भी निरक्षर नहीं रहेगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक गांव में उल्लास के लिए जन चेतना केंद्र स्थापित किए गए हैं और प्रभावी जन चेतना केंद्र ही सम्पूर्ण साक्षरता का आधार बनेंगे। सभी को इस पुनीत कार्य की सफलता के लिए जी जान से प्रयास करना होगा।




**निरंतरता**

**आपदा प्रबंधन साक्षरता, बुनियादी शिक्षा, व्यावसायिक कौशल निर्माण और शिक्षा में निरंतरता शामिल है**

जिला शिक्षा अधिकारी सन्तोष शर्मा ने बताया कि उल्लास कार्यक्रम, भारत सरकार की एक केंद्र प्रायोजित योजना है। इसका मकसद, समाज के सभी लोगों को पढ़ने-लिखने का मौका देना है जिसकी शुरुआत साल 2022 में हुई थी। यह योजना राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की सिफारिशों के मुताबिक बनाई गई है जिसके तहत 15 साल और उससे ज्यादा उम्र के उन लोगों को पढ़ना-लिखना सिखाया जाता है जिन्हें सही स्कूली शिक्षा नहीं मिल पाई। डीईओ विनोद कुमार ने कहा कि अधिकारी फील्ड में हो रहे सर्वे, प्रखंड, संकुल एवं विद्यालय स्तरीय नव भारत साक्षरता समिति के कार्यों की निरंतर मॉनिटरिंग करें। हमारा उद्देश्य शत प्रतिशत साक्षर बनाना है।

11000 नवसाक्षर 30 मार्च को देंगे परीक्षा

जिला उल्लास कोऑर्डिनेटर संजय कौशिक ने बताया कि जिले में कुल 26 हजार निरीक्षरों की पहचान की गई थी जिसमें से 15200 ने पिछली बार 22

# बार चुनाव की चौधर के लिए दो प्रत्याशी मैदान में डटे, अजय ने नाम वापस लिया

टीम एक्शन इंडिया

**सोनीपत:** बार एसोसिएशन चुनाव की तैयारियों के बीच प्रधान पद के प्रत्याशी अजय दहिया ने चुनाव नहीं लड़ने का फैसला लिया है। उन्होंने इसे लेकर वरिष्ठ चुनाव अधिकारी को अवगत कराया। ऐसे में अब सोनीपत बार में प्रधान पद के लिए दो प्रत्याशी मैदान में हैं। जिससे चुनाव में सीधी टक्कर देखने को मिलेगी। वरिष्ठ चुनाव अधिकारी अनूप दहिया ने बताया कि सोनीपत बार एसोसिएशन का चुनाव 28 फरवरी को होना है। मतदान सुबह नौ बजे से शाम चार बजे तक किया जाएगा। उसके बाद मतगणना होगी और उसी दिन चुनाव परिणाम घोषित कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि चुनाव में प्रधान पद के लिए तीन प्रत्याशी मैदान में थे। जिसमें से अजय दहिया ने अब चुनाव नहीं लड़ने की बात कही है। उन्होंने नामांकन वापसी के दिन पारिवारिक परेशानी का हवाला देकर नामांकन वापसी नहीं ले पाने की बात कही है। ऐसे में प्रधान पद के दो अन्य प्रत्याशियों अनिल ढुल व कमल हुड्डा से बातचीत कर सहमति से उसका नामांकन वापस मान लिया गया है। ऐसे में अब प्रधान पद पर दो ही प्रत्याशी मैदान में अनिल ढुल व कमल हुड्डा के बीच चुनाव होगा। इसके अलावा उप प्रधान पद के लिए अमित कुमार मलिक, सोनू भारद्वाज व कुलदीप दहिया, सचिव पद के लिए संदीप खर्ब, रजनीश मलिक, रविंद्र कुमार शर्मा व अंकित त्यागी और खजांची पद के लिए प्रदीप व प्रवीन कुमार ढिल्लो के बीच मुकाबला होगा। अनूप दहिया ने कहा कि चुनाव को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण कराने के लिए सभी जरूरी इंतजाम कर लिए गए हैं।

**नहीं लड़ेंगे चुनाव**

**चुनाव नहीं लड़ने का फैसला लिया है। उन्होंने इसे लेकर वरिष्ठ चुनाव अधिकारी को अवगत कराया**

# शिवत्व की प्रतिष्ठा में ही विश्व मानव का कल्याण संभव है- डा. श्रीप्रकाश मिश्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** शिव ही सत्य हैं, शिव ही सनातन हैं, शिव ही सुंदर हैं और शिव से परे सृष्टि में कुछ भी नहीं है, ऐसा पुराणों का मत है। शिव की भक्ति को मन में बिठाकर जीवन में उनकी समन्वय शक्ति का यथासंभव संधान करते हुए कर्मपथ पर सतत गतिशील रहना न केवल व्यक्ति अपितु समस्त सृष्टि के कल्याण का मार्ग है। शिवत्व की प्रतिष्ठा में ही विश्व मानव का कल्याण संभव है। यह विचार महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में मातृभूमि शिक्षा मंदिर द्वारा आयोजित शिव संवाद कार्यक्रम में मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डा. श्रीप्रकाश मिश्र व्यक्त किये। कार्यक्रम का शुभारम्भ शिव स्तुति




से ब्रम्हचारियों द्वारा हुआ। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर मातृभूमि शिक्षा मंदिर के ब्रम्हचारियों ने स्वनिर्मित पार्थिव शिवलिंग पर अभिषेक कर लोक मंगल की कामना की। सस्वर मंत्रोच्चारण के साथ ब्रम्हचारियों ने शिवोपासना की। महाशिवरात्रि के महत्व को बताते हुए मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने कहा देवाधिदेव शिव की महिमा अनंत है। वे महाकाल हैं। सृष्टि प्रक्रिया का आदिस्रोत हैं। शास्त्रीय कथानक है कि ब्रह्मा ने सृष्टि की रचना की, परंतु जब सृष्टि का विस्तार संभव न हुआ तब उन्होंने विष्णु जी के कहने पर शिव का ध्यान किया। तब शिव अर्द्धनारीश्वर

**महापर्व**

**⏩ शिव ही सत्य हैं, शिव ही सनातन हैं, शिव ही सुंदर हैं और शिव से परे सृष्टि में कुछ भी नहीं है**

रूप में प्रकट हुए और अपने शरीर के आधे भाग से एक स्त्री शक्ति को प्रकट किया। इसे मूल प्रकृति कहा गया और इसी के सहयोग से ब्रह्मा ने सृष्टि का विस्तार किया। फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि का मनाया जाने वाला महाशिवरात्रि का महापर्व भगवान शिव की इस विराट दिव्यता का महापर्व है।

देवों के देव महादेव की सर्वोपरि विशिष्टता यह है कि वे जितने साधारण हैं उतने ही विलक्षण असाधारण भी। राजाधिराज यानी समाज के विशिष्टम व्यक्ति से लेकर निम्नतम कोटि के चांडाल तक, सभी को उनकी पूजा आराधना का समान अधिकार है। डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने कहा सृष्टि की उत्पत्ति, स्थिति एवं संहार के अधिपति शिव के स्वरूप में बहुत कुछ ऐसा है जो इंसान को गहरी सीख और संबल देने वाला है। उनके व्यक्तित्व में सृष्टि की सारी विशेषताएं और जटिलताएं समाहित हैं। इसीलिए आधुनिक दुनिया की चकाचौंध में भी हम भगवान शिव से प्रेरणा लेकर अपने जीवन को सफल और सार्थक बना सकते हैं।

# विद्यार्थी करेंगे टाइम्स नाउ और लिविंग मीडिया समूह में इंटर्नशिप: निदेशक

**रचनात्मकता**

**⏩ संस्थान के विद्यार्थियों को उनकी रचनात्मकता के आधार पर आगे बढ़ाया जा रहा है**

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान के निदेशक प्रोफेसर महासिंह पुनिया ने स्टूडेंट एन इंटरैक्टिव सेशन विद सीनियर्स कार्यक्रम की अध्यक्षता टीवी-वीडियो स्टूडियो में करते हुए कहा कि जनसंचार संस्थान के विद्यार्थी टाइम्स नाउ और लिविंग मीडिया समूह में इंटर्नशिप करेंगे।



प्रो. महासिंह पूनिया ने कहा कि संस्थान के दो पूर्व विद्यार्थी प्रिया शाडिल्य, असिस्टेंट प्रोडूसर, लीविंग मीडिया और दीक्षा, सोशल मीडिया मैनेजर डीजिट टाइम्स नाउ इस प्रक्रिया में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। उन्होंने कहा कि संस्थान के विद्यार्थियों को उनकी रचनात्मकता के आधार पर आगे बढ़ाया जा रहा है इसके लिए भविष्य में संस्थान अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहेगा। उन्होंने कहा कि संस्थान में पाठ्यक्रम के साथ जो दैनिक गतिविधियां होती है उसमें अधिक से अधिक भाग ले ताकि आपकी गुणवत्ता में अधिक से अधिक सुधार हो।

उन्होंने अपने पूर्व विद्यार्थियों की उपलब्धियों पर खुशी जताई और निरंतर आगे बढ़ने की शुभकामनाएं दी।

## न्यूज फ्लैश

### जीएसटी एम्निस्टी योजना से कारोबारियों को मिलेगी राहत, 30 जून 2025 तक करे आवेदन

**पानीपत , ( कमाल हुसैन )** वित्तीय वर्ष 2017-18, 2018-19 और 2019-20 के दौरान नोटिस/आदेश प्राप्त कारोबारियों के लिए जीएसटी विभाग द्वारा संचालित जीएसटी एम्निस्टी योजना बड़ी राहत लेकर आई है। इस योजना के अंतर्गत कारोबारियों को 31 मार्च 2025 तक केवल बकाया टैक्स जमा करना होगा। इस योजना के तहत आवेदन आवेदन करने की अवधि 30 जून 2025 तक रहेगी और ब्याज और जुमार्ने से पूरी तरह छूट मिलेगी। डीईटीसी पुनीत शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि इसका उदेश्य व्यापारिक जगत को वित्तीय दबाव से राहत देना है।

**योजना की मुख्य विशेषताएं:** 31 मार्च 2025 तक (बकाया टैक्स जमा करवाने की तारीख) 30 जून 2025 तक (आवेदन करने की तारीख)। वित्त वर्ष 2017-18, 2018-19, 2019-20 के नोटिस/आदेश प्राप्त कर दाता को ब्याज और जुमार्ने में छूट रहेगी तथा आवेदन प्रक्रिया जीएसटी पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन रहेगी। उन्होंने बताया कि उपरोक्त योजना की अधिक जानकारी के लिए सप्ताह के किसी भी कार्य दिवस मे कार्यालय में आकर अपने वार्ड से संबंधित अधिकारी से सम्पर्क किया जा सकता है।

### इंटर कॉलेज हैंडबॉल चैंपियनशिप में आर्य कॉलेज लडकियों ने जीता सिल्वर मेडल



**पानीपत , ( कमाल हुसैन )** कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय,कुरूक्षेत्र में आयोजित हई इंटर कॉलेज महिला हैंडबॉल चैंपियनशिप में आर्य कॉलेज की खिलाडियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल जीत कर कॉलेज का नाम रोशन किया। वीरवार को कॉलेज प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने विजेता खिलाडियों का कॉलेज प्रांगण में पंहुचने पर स्वागत करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की व साथ ही कॉलेज के शारीरिक शिक्षा विभाग के सभी प्राध्यापकों व कोच को इस उपलब्धि पर बधाई दी। कॉलेज प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि 24-25 फरवरी को कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय,कुरूक्षेत्र के खेल परिसर में आयोजित इंटर कॉलेज महिला हैंडबॉल चैंपियनशिप में आर्य कॉलेज की खिलाडियों ने अपनी प्रतिभा का लौहा मनवाते हुए चैंपियशिप के पहले मैच में एस.ए जैन कॉलेज, अंबाला सिटी को 29-22 के अंतर से हराया। वहीं तीसरे मैच में एस.डी कॉलेज,अंबाला कैंट को 26-22 के स्कोर से हराकर सिल्वर पर कब्जा कर किया व साथ ही कॉलेज की खिलाडी सपना, मन्नु, शीतल व कमलेश का चयन इंटर यूनीवर्सिटी के लिए भी हुआ है। डॉ. गुप्ता ने बताया कि आर्य कॉलेज के खिलाडी हर खेल में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले तीन वर्षो में आर्य कॉलेज के लगभग 50 खिलाडी खेल कोटे से सरकारी नौकरी ले कर अलग-अलग विभागों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इस अवसर कॉलेज शारीरिक शिक्षा विभाग के सभी स्टाफ सदस्य व कोच मौजूद रहे।

### नकली ज्वेलरी ले गए नायब सैनी: वीरेंद्र सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव वीरेंद्र सिंह राठौर ने कांग्रेस को छोडकर भाजपा में शामिल होने वाले कांग्रेस नेताओं को आड़े हाथों लिया और कांग्रेस छोड? वाले नेताओं को नकली ज्वैलरी करार दिया। उन्होंने सीएम नायब सैनी पर भी तंज कसा और कहा कि नकली ज्वेलरी नायब सिंह सैनी ले गए हैं, उनकी नजर बहुत ही पारखी है। कांग्रेस में उन नेताओं ने धोखा करने का काम किया। लोकसभा चुनाव ही नहीं, बल्कि विधानसभा चुनावों में भी कांग्रेस के नेताओं ने बीजेपी की अंदरखाते मदद की और उन बातों का खुलासा नरेंद्र सांगवान और त्रिलोचन सिंह के साथ सीएम नायब सिंह सैनी ने भरे मंच से कर दिया। राठौर ने सीएम पर निशाना साधते हुए कहा कि 24 कैरेट सोने में से आर्टिफिशयल ज्वेलरी को पहचानने की नजर सीएम नायब सैनी की है और सीएम ने खुद ही मंच से बता दिया कि कांग्रेस के दो-चार नेता जो पार्टी छोडकर गए हैं, वे 24 कैरेट सोना नहीं, बल्कि नकली ज्वैलरी है। उन्होंने कहा कि यह बात कांग्रेस नहीं कह रही बल्कि हरियाणा के सीएम कह रहे है। जब भाजपा ज्वाइन करने वाले नेताओं को आर्टिफिशियल ज्वैलरी कहा जा रहा था तो वे चेहरे पर मुस्कान लेकर तालियां बजा रहे थे।

# 'शहीद चंद्रशेखर आजाद का जीवन प्रेरित करता है'

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा:** आजादी आंदोलन के महान क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद के बलिदान दिवस पर ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक स्टूडेंट ऑर्गनाइजेशन की ओर से एक सभा का आयोजन किया गया। शहीद चंद्रशेखर आजाद के चित्र पर माल्यार्पण तथा पुष्पांजलि अर्पित कर जिले के विभिन्न गांव से आए हुए नौजवान व अन्य साथी और परिवार जन इस सभा में उपस्थित रहे। सभा में मंच का संचालन करते हुए डीएसओ के भारत ने कहा कि शहीद चंद्रशेखर आजाद का जीवन छात्र, नौजवानों तथा युवाओं को समाज के लिए जीवन न्योछावर करने की प्रेरणा देता है जिन्होंने 25 साल की उम्र



में अपना जीवन देश को आजाद करने में बलिदान कर दिया। राजेश ने उनकी सांगठनिक विशेषता से अवगत कराया और बताया कि वे तत्कालीन क्रांतिकारी संगठन हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन के कमांडर इन चीफ थे।

भारत की एकमात्र क्रांति पार्टी एसयूसीआई (कम्युनिस्ट) के राज्य कमेटी सदस्य कामरेड ईश्वर सिंह राठी ने उनके विचारों की आज के समाज में क्या प्रासंगिकता रही इस पर बात रखते हुए कहा कि बाल अवस्था में ही उनके असहयोग आंदोलन में बढ़-चढ़कर भाग लेने पर बात रखी। काकोरी कांड के द्वारा चंद्रशेखर आजाद की दूरदर्शिता और सटीक सांगठनिक प्रतिभा को देखा जा सकता है।

किसान नेता कामरेड हंसराज राणा ने भी उनके निडरता भरे अंदाज से अवगत करते हुए उनकी 12 साल की उम्र में ही असहयोग आंदोलन में भागीदारी पर प्रकाश डाला तथा ताउम्र आजाद रहने के उनके दृढ़ संकल्प को भी छात्र नौजवानों के लिए प्रेरणात्मक संदेश मिलता है। इस सभा में और अन्य साथियों ने भी अपने विचार रखे। सभा में विमला देवी, रिया, निकिता, प्रताप सिंह, हरिप्रकाश, सुमित, मास्टर बलबीर सिंह, वीरेंद्र सिंह, प्रवीन कुमार आदि साथी शामिल रहे।

# मुख्य निर्वाचन अधिकारियों के सम्मेलन का होगा आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ.विरेन्द्र कुमार दहिया ने जानकारी देते हुए बताया है कि भारत निर्वाचन आयोग ने 4 व 5 मार्च 2025 को भारत अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र एवं चुनाव प्रबंधन संस्थान, नई दिल्ली में सभी राज्यों व/केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों के साथ दो दिवसीय सम्मेलन निर्धारित किया है। उन्होंने ने बताया कि मुख्य चुनाव आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार के रूप में कार्यभार संभालने के बाद से यह पहला ऐसा सम्मेलन है। पहली बार सीईओ को निर्देश दिया गया है कि वे सम्मेलन में भाग लेने के लिए एक डीईओ और एक ईआरओ को नामित करें। उन्होंने बताया कि वैधानिक प्राधिकरण के रूप में, सीईओ, डीईओ और ईआरओ राज्य, जिला और विधानसभा क्षेत्र स्तर पर महत्वपूर्ण पदाधिकारी है।

दो दिवसीय सम्मेलन
राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के चुनाव अधिकारियों को विचार मंथन और एक दूसरे के अनुभवों से परस्पर सीखने के लिए एक मंच प्रदान करता है। सम्मेलन के पहले दिन आधुनिक चुनाव प्रबंधन के प्रमुख क्षेत्रों पर चर्चा होगी। जिसमें आईटी आर्किटेक्चर, प्रभावी सोशल मीडिया आउटरीच को बढ़ावा और चुनावी प्रक्रियाओं में विभिन्न पदाधिकारियों की वैधानिक भूमिका शामिल है।

# दिव्यांग व्यापारी के 2.14 करोड़ हड़पे, पत्नी से बदसलूकी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिले में एक दिव्यांग व्यापारी ने निसिंग के एक राइस मिल मालिक पर 2.14 करोड़ रुपए की धान लेकर भुगतान न करने का आरोप लगाया है। इसके साथ उनकी पत्नी के साथ बदसलूकी का भी आरोप लगाया है। पीड़ित व्यापारी सोमित अग्रवाल उत्तर प्रदेश के औरेया जिले के रहने वाले हैं और यूपी में ही धान का व्यापार करते है। वे अपनी पेमेंट के लिए ही करनाल में यहां वहां ठहर रहे हैं।
पीड़ित का कहना है कि वह गांव जाता है तो वहां पर किसान पेमेंट के लिए परेशान करते हैं और यहां पर मिलर पेमेंट नहीं कर रहा। आत्महत्या जैसे हालात हो चुके हैं। व्यापारी ने कहा कि वह जिला सचिवालय के बाहर भूख हड़ताल करेंगे और एसपी से मुलाकात करेंगे। सोमित अग्रवाल ने बताया कि उन्होंने यह धान किसानों से खरीदा था और फिर आगे निसिंग के मिलर को सप्लाई किया। अब किसान उनसे अपने पैसे मांग रहे हैं, लेकिन वह उन्हें देने में असमर्थ हैं। कई किसान उनके घर के बाहर आकर पैसे की मांग करते हैं, जिससे उनकी मानसिक स्थिति खराब हो गई है। दिव्यांग होने के कारण वह खुद कोई सख्त कदम नहीं उठा सकते और बार-बार प्रशासन से मदद मांग रहे हैं।

# रूस साम्बौ के कुश्ती युद्ध खेल का घर है: विक्रम कपूर

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
**आर्य कन्या** गुरुकुल मोर माजरा में बुधवार को रशियन गेम सामबौ का प्रशिक्षण दिया गया । इस गेम में जूडो कोच रितु मान की देखरेख में 80 छात्राओं ने भाग लिया । सामबौ स्पोर्ट्स फेडरेशन के निर्देशक विक्रम कपूर ने बताया कि रूस का यह लोकप्रिय खेल एशियन गेम में शामिल कर लिया गया है । यह रुसी विशेष बलों का आधिकारिक युद्ध खेल है और सामरिक प्रणाली है । इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर फीला द्वारा युद्ध खेल के रूप में मान्यता प्राप्त



है । इसे ग्रीक को रोमन और फ्री स्टाइल कुश्ती के साथ विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में शामिल किया गया है । रूस साम्बौ के कुश्ती युद्ध खेल का घर है । स्पोर्ट्स सामबौ में लड़ाकू को जूडो, कुश्ती जैसी विभिन्न मार्शल आर्ट में ग्रेपलिंग तकनीक के मिश्रण का उपयोग करने की अनुमति नहीं है । कॉम्बैट साम्बौ मिश्रित तकनीक और स्ट्राइक की अनुमति है । सपोर्ट साम्बौ जूडो की तरह इसमें थ्रो , होल्ड और जॉइंट लॉक पर ध्यान केंद्रित किया जाता है । जिसका उद्देश्य अंक स्कोर करना या सब मिशन हासिल करना होता है । कॉम्बैट साम्बौ इसमें पंच,कोहनी , किक और घुटने जैसी स्ट्राइकिंग तकनीक के शामिल है।

# मादक पदार्थ तस्करी के तीन आरोपित गिरफ्तार, अदालत में पेश

**सोनीपत: क्राइम** यूनिट सेक्टर-3 सोनीपत पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी की वारदात में शामिल तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित कृष्ण निवासी क्रिस्चियन कॉलोनी, बलराम निवासी निरंकारी कॉलोनी, इमरान निवासी वजीराबाद दिल्ली का है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से अदालत ने तीनों को तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपितों से पूछताछ की जा रही है। सेक्टर-3 में तैनात उप निरीक्षक अशोक की टीम गश्त के दौरान गांव माहरा बस स्टैंड के पास मौजूद थी। उसी दौरान कार सवार युवक मादक पदार्थ सहित आने की जानकारी मिली।

# मेले में उपलब्ध होगी साधकों को सुविधाएं: उपायुक्त

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**
चुलकाना के धार्मिक स्थल पर 9 से 11 मार्च को लगने वाले फाल्गुन मेले की तैयारियों को लेकर प्रशासन ने कमर कस ली है। संबंधित विभागों को मेला परिसर व अन्य स्थानों पर मूलभूत सुविधायें उपलब्ध करवाने को लेकर उपायुक्त डॉ.विरेन्द्र कुमार दहिया ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशानिर्देश दिए।

उपायुक्त ने कहा कि मेला स्थल पर लाखों लोग पूजा अर्चना मन्नत मांगने को लेकर पंहुचते है। उन्हें किसी भी प्रकार की परेशानी न हो।इसका हमें विशेष ध्यान रखना है। हमें मेला स्थल पर



पहुंचने वाले लोगों को बेहतरीन व्यवस्था देनी होगी। बिजली-पानी, पार्किंग को लेकर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे इसके लिए अपने आप को तैयार कर ले चुलकाना धम का निरीक्षण करें। उपायुक्त ने बैठक में 14 सूत्रीय एंजेंडे पर एक-एक करके अधिकारियों के साथ चर्चा की व इन पर तीव्रता से काम करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि गांव में पीएचसी की व्यवस्था अति शीघ्रता से करें। उपायुक्त ने व्यायामशाला और ई लाइब्रेरी बनवाना सुनिश्चित करने के लिए कहा। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे धार्मिक स्थल पर कम से कम बीस सफाई कर्मचारियों की व्यवस्था करें। ताकि गंदगी पर काबू पाया जा सकें। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे फिरनी के चारों तरफ कैमरे व लाइटे लगाये व फिरनी को साफ सुथरा बनायें ताकि आने वाले यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

उपायुक्त ने कहा कि पिछले साल की तरह इस वर्ष भी यह कार्यक्रम भव्य तरीके से आयोजित किया जाएगा।
मेले में देशभर से लोग आस्था व मन्नत मांगने के लिए पहुंचते है। उन्हें हर प्रकार की सुविधा उपलब्ध करवाना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 8 मार्च को

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**
**जिला** विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवम् मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मीनू ने बताया कि न्यायमूर्ति लिसा गिल, न्यायाधीश, पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय तथा कार्यकारी अध्यक्ष, हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेशानुसार व सुदेश कुमार शर्मा, जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं चेयरपर्सन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पानीपत के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण सेशन डिवीजन पानीपत में 8 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन करने जा रही है। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट-एवं-सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मीनू ने बताया कि कोई भी व्यक्ति अपने लंबित मामलों जिसमें दुर्घटना के दावे, चेक बाउंस, बैंक वसूली, नागरिक विवादों से संबंधित सार्वजनिक उपयोगिता सेवाएं भी शामिल है और यहां तक कि घरेलू हिंसा अधिनियम आदि से संबंधित कंपाउंडेबल अपराधों के अपराधिक मामलों को राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से सुलझा सकते हैं। उन्होंने लोगो से अहवान किया है की वे ज्यादा से ज्यादा अपने मुकदमों को लोक अदालत के माध्यम से निपटारा कर सकते है क्योंकि लोक अदालत विवादों के निपटान के प्रभावी तरीकों में से एक है।

# दुष्कर्म के मामले में 45 लाख रूपए जबरन वसूली की वारदात में दो काबू

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
**सीआईए** वन पुलिस की टीम ने सामुहिक दुष्कर्म के दर्ज एक मामले में समझौता करवाने के नाम पर 45 लाख रूपए जबरन वसूली की वारदात में संलिप्त और दो आरापियों को गिरफ्तार किया।
सीआईए वन प्रभारी सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में कार्रवाई करते हुए सीआईए वन पुलिस की टीम ने नवंबर 2024 में उक्त मामले की जांच कर मामले का पटाक्षेप करते हुए काबड़ी निवासी आरोपी नेमपाल को गिरफ्तार किया था। पूछताछ में आरोपी नेमपाल ने बताया था वसूली गई 45 लाख रुपए की नगदी में से उसने 5 लाख रूपए अपने कर्जे के चुका दिए। पुलिस ने आरोपी नेमपाल के कब्जे से बची 40 लाख रूपए की नगदी बरामद कर आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया था।
सीआईए वन पुलिस टीम ने 25 फरवरी को आरोपी नेमपाल को जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर दौबारा से पूछताछ की तो आरोपी ने पुलिस को बताया उसने दुष्कर्म पीड़िता नाबालिग के माता पिता के साथ मिलकर दुष्कर्म के मामले में समझौता के नाम पर वसूली की थी। दोनों को 5 लाख रूपए में समझौते की बात कहकर उसने आगे ज्यादा पैसो की डिमाड की और दुष्कर्म के आरोपी के परिजनों से 45 लाख रूपए ऐठ कर उक्त नगदी में से 4 लाख 25 हजार रूपए दंपत्ति के बैंक खातों में डाल दिए थे। 75 हजार रूपए उसने खर्च कर दिए और 40 लाख रूपए उसके कब्जे से पुलिस द्वारा पहले बरामद किये जा चुके है। पूछताछ के बाद पुलिस ने आरोपी नेमपाल को माननीय न्यायायल में पेश कर जेल भेज दिया था।

# जनता शिविर में अधिकारी धैर्य से करें समस्या का समाधान: उपायुक्त

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह के प्रयासों से हरियाणा विकास के मामले में तेजी से आगे कदम बढ़ाता जा रहा है। मुख्यमंत्री के प्रयासों ने कम समय में यह साबित करने का प्रयास किया है की सकारात्मकता से हर कार्य में सफलता मिलती है। मुख्यमंत्री की दूरगामी सोच ने लोगों के सोचने के नजरीयों को बदल कर रख दिया है।

उपायुक्त डॉ. विरेन्द्र कुमार दहिया ने वीरवार को जिला सचिवालय सभागार में आयोजित जनता समाधान शिविर में जन समस्याओं की सुनवाई करते हुए कहा कि अधिकारियों को निर्देश दिये की वे



समस्याओं के समाधान को लेकर किसी भी प्रकार की जल्दबाजी ना करें। धैर्य व विनम्रता पूर्वक हर समस्या का समाधान करें। उपायुक्त ने कहा की हमें परिणोन्मुख बन कर जनता का आशीर्वाद ग्रहण करना है यह सब हमारी ईमानदारी से की गई मेहनत से ही संभव हो पायेगा।

उपायुक्त ने कहा कि जनता समाधान शिविर पूरी तरह से जनता के मानकों पर खरा उतर रहा है। जनता द्वारा समस्याओं के समाधान को लेकर किये जा रहे। मूल्यांकन में अच्छी रेंकिग मिल रही है। समस्याओं को कम से कम समय में होगी उन्मूलन अधिकारियों की समझ का परिणाम है। उपायुक्त ने कहा कि अभी अधिकारियों को जनता समाधान शिविर को लेकर लंबी लड़ाई लडनी है। लोगों की समस्याओं को जिस प्रकार अधिकारियों द्वारा वर्तमान में प्राथमिकता के आधार पर हल किया जा रहा है उसे बरकरार रखना है। जिले को समस्याओं से मुक्त करने का हमारा संकल्प बहुत जल्द पूरा होगा हमें इस विश्वास के साथ आगे कदम बढ़ाना है।

**सफलता**

**⏩ यह साबित करने का प्रयास किया है की सकारात्मकता से हर कार्य में सफलता मिलती है**

समाधान शिविर में पुलिस अधीक्षक लौकेंद्र सिंह ने कहा कि अधिकारी समस्याओं के समाधान में गहरी रूचि लें।
जनता का जो विश्वास जनता समाधान शिविर के प्रति बना हुआ है उसे टुटने ना दे। उन्होंने पुलिस विभाग से संबंधित पहुंची समस्याओं का जल्द से जल्द निदान करने के निर्देश अधिकारियों को दिये।

अतिरिक्त उपायुक्त डॉ.पंकज ने कहा कि समाधान शिविर में जो समस्याएं पहुंच रही है। उन पर गंभीरता से कार्य किया जा रहा है।

# केवल पार्क के प्राचीन शिव मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व पर विशाल भंडारे का हुआ आयोजन






**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली के केवल पार्क स्थित प्राचीन शिव मंदिर पर महाशिवरात्रि पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर पूर्व विधायक पवन शर्मा, सिविल लाईन जोन के पूर्व चेयरमैन नवीन त्यागी, पार्षद नेहा प्रदीप अग्रवाल, निगम पार्षद सुमन शर्मा, प्रधान चौधरी ओमप्रकाश, एक्शन इंडिया के संपादक रवि भारद्वाज, चन्द्रशेखर शर्मा, हरीश भारद्वाज, उमेश शर्मा, सुभाष कादयान, अजय गुप्ता, मनोज बाल्यान, सुनील अवस्थी, शाह जी, जय भगवान बिंदल, राज सिंह दहिया, ओम प्रकाश कौशिक, देशराज गुप्ता, सुभाष राणा, दीपक गुप्ता, सुरेन्द्र त्यागी, केवल किशन सुनारिया, गोपाल, किशन गोपाल, महेश शर्मा, नन्ने पहलवान, पदम सिंह, मोहर सिंह, सुरेन्द्र चौधरी, चौधरी स्वराज, निरंजन गुप्ता, मिस्टर चंदेल, संजय जैन, राजपाल जैन, चेतन भारद्वाज, प्रवीन वधवा, सच्ची गांधी, मुकेश साहू, ओम प्रकाश शर्मा, टब्बू गुप्ता, राजेश शर्मा, राजू भारद्वाज, धमेन्द्र कुमार, अरूण बिहारी, आदित्य त्यागी, विनायक, शिवम, निक्कू, अजय गुप्ता, स्वराज सिंह, होशियार सिंह मुद्गल, मिस्टर पांडा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस मौके पर सिविल लाईन जोन के पूर्व चेयरमैन व मंदिर कमेटी के महासचिव नवीन त्यागी ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मंदिर समिति के द्वारा महाशिव रात्रि पर विशाल भंडारा का आयोजन किया गया है।

## हनुमान मंदिर के सामने कंबल वितरण समारोह का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** समाज के जरूरतमंदों के बीच इंडिया सेंटर फॉर पॉलिसी रिसर्च एंड डेवलपमेंट की ओर से हनुमान मंदिर के सामने कंबल वितरित किया गया। संस्था के अध्यक्ष कुमार राजीव रंजन सिंह ने गरीबों के बीच कंबल बांटे। इसके साथ ही संस्था की ओर से जरूरतमंदों को भोजन भी वितरित किया गया। इस मौके पर श्री सिंह ने कहा कि समाज के गरीब तबके के लोगों की मदद के लिए समर्थवान लोगों को आगे आना चाहिए और ऐसे लोगों की मदद करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हम ऐसे लोगों की



मदद करने को हमेशा तैयार रहते है। इस मौके पर हनुमान मंदिर के महंत सुरेश शर्मा ने कहा कि ऐसे लोगों की मदद करने के लिए समाज के अन्य लोगों को भी सामने आना चाहिए ताकि निचले पायदान पर खड़े लोगों को मदद मिल सके । इस मौके पर अमित कुमार, राजीव गुप्ता, सीए हितेश चौधरी समेत संस्था से जुड़े लोग मौजूद थे।

## विधानसभाओं के नाम बदलने की मांग करके राजनीति कर रही भाजपा: देवेन्द्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि भाजपा की नवनियुक्त सरकार के विधानसभा सत्र के तीसरे दिन भी दिल्ली की जनता से किए वादों पर कुछ नहीं हुआ और शराब घोटाले के अतिरिक्त अन्य 13 सीएजी रिपोर्ट को सदन में नही रखना भाजपा की मंशा पर प्रश्न चिन्ह लगाता है। दिल्ली सरकार द्वारा बची हुई सीएजी रिपोर्ट पटल पर न रखकर सच्चाई को छुपाना भाजपा और आम आदमी पार्टी की आपसी मिली भगत को दशार्ता है।
देवेन्द्र यादव ने कहा कि शराब घोटाले की सीएजी रिपोर्ट पर विस्तृत चर्चा करने के लिए भाजपा



सरकार की निष्क्रियता से स्पष्ट है कि भाजपा नेता शराब नीति लागू होने में हुए अनैतिक लाभ के हिस्सेदार थे।
इस पर गंभीरता से चर्चा नही होना भाजपा की आम आदमी पार्टी से मिलीभगत को उजागर करता है। कहीं अन्य रिपोर्ट इसलिए तो लागू नही की जा रही कि उन विभागों में हुए भ्रष्टाचार में भी भाजपा की मिलीभगत तो नही।

## भाजपा और आप की नूराकुस्ती में जनता रही है पिस: डॉ. एमएल भास्कर

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** जहांगीरपुरी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष व समाजसेवी डॉ. एमएल भास्कर ने कहा कि भाजपा और आम आदमी पार्टी की नूराकुस्ती में दिल्ली की जनता पिस रही है। डॉ. भास्कर ने आगे बताया कि दिल्ली में पिछले दस वर्षों से आम आदमी पार्टी का शासन रहा, लेकिन आम आदमी पार्टी ने दिल्ली के विकास पर ध्यान नहीं दिया, जिसके कारण राजधानी दिल्ली की जनता को गंदे पानी, सड़को पर जलभराव, सीवर ओवरफ्लो सहित कई समस्याओं का सामना करना पड़ा और वायु प्रदूषण व दिल्ली में जाम की समस्या से भी



लोग परेशान हुए। श्री भास्कर ने कहा कि राजधानी दिल्ली की जनता ने विधानसभा चुनाव में इस बार भाजपा पर विश्वास किया है। जिस पर भाजपा को गंभीरता से सोचना होगा और दिल्ली की जनता को जो भी समस्याएं है, उनका समाधान करना होगा। उन्होंने कहा कि आप व भाजपा नूराकुस्ती न करें, बल्कि दिल्ली के विकास पर ध्यान दें, जिससे की जनता को सुविधाएं मिल सके। डॉ. भास्कर ने आगे कहा कि श्रीमती शीला दीक्षित के शासनकाल में दिल्ली में विकास ही विकास हुआ था, आज जो आप दिल्ली में फ्लाईओवर, बड़े-बड़े अस्पताल, मैट्रो रेल और लो-फ्लोर बसें देख रहे है, वह सब कांग्रेस पार्टी की देन है। उन्होंने यह भी बताया कि इस बार दिल्ली विधानसभा चुनाव में कांग्रेस का वोट प्रतिशत पहले की अपेक्षा काफी बढ़ा है और कई सीटों पर तो हमने काफी अच्छा प्रदर्शन किया है।

# जुनेजा परिवार ने महाशिवरात्रि पर किया विशाल भंडारे का आयोजन, पहुंचे क्षेत्रीय दिग्गज





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली के आदर्श नगर इलाके में महाशिवरात्रि के अवसर पर जुनेजा परिवार की ओर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।
इस अवसर पर आदर्श नगर आडब्ल्यूए के महासचिव व समाजसेवी राकेश जुनेजा ने जानकारी देते हुए बताया कि यह भंडारा हर वर्ष महाशिवरात्रि पर आयोजित किया जाता है। उन्होंने आगे बताया कि यह कार्यक्रम पिछले 64 वर्ष से निरंतर हो रहा है। श्री जुनेजा ने जानकारी देते हुए यह भी बताया कि शिवरात्रि पर एशिया की सबसे बड़ी आजादपुर मंडी में भी विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। उन्होंने आगे यह भी बताया कि महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य पर श्री स्वामी मंगलगिरी जी एवम पिताजी स्वर्गीय महेन्द्र पाल जुनेजा जी की प्रेरणा से पिछले 6 दशकों से भोलेनाथ के आशीर्वाद से इस वर्ष भी 64वां भण्डारा 27 फरवरी दिन वीरवार अमावस्या को आयोजित किया गया है। इस मौके पर पूर्व विधायक



पवन शर्मा, नेहा प्रदीप अग्रवाल निगम पार्षद, पूर्व जिला अध्यक्ष रोशन कंसल, पूर्व निगम प्रत्याशी भाजपा अनुभव धीर, राजकुमार मेहता, अशोक कंसल, गुरमीत अरोडा, एक्शन इंडिया समूह के संपादक रवि भारद्वाज, आदर्श रसोई के चेयरमैन मोहन गर्ग, सुरेन्द्र त्यागी, हरीश त्यागी, सतेन्द्र चौधरी, विजय तालरा अध्यक्ष आरडब्ल्यूए आदर्श नगर, अरविन्द मूलचंद प्रधान, सुशील बंसल आरडब्ल्यूए मजलिस पार्क, सुशील गोयल, समाजसेवी प्रकाश चंद अग्रवाल, राजेश मित्तल, नितिन जैन सचिव आरडब्ल्यूए, सुनील खन्ना, हरप्रीत बब्बू जी, अमनदीप सिंह पुरी, राजकुमार मेहता, गुरूदयाल छाबडा दवाई बैंक, राजेश छाबडा, संजीव छाबडा, मनविन्दर सिंह बाबा जी, संजय वर्मा, डॉ. विजय जिंदल, त्रिलोचन सिंह, प्रवीन कक्कड, प्रवीण मल्होत्रा, राजेन्द्र साहू, सतेन्द्र चौधरी, नवीन जैन, नीरज कपूर, टीना आहूजा भाजपा नेत्री, विपिन कुमार, अशोक अग्रवाल, हरीश त्यागी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# महाशिवरात्रि पर मजलिस पार्क में निकाली गई शिव बारात, हुआ बारात का स्वागत





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली के आदर्श नगर स्थित ए ब्लॉक मजलिस पार्क में विशाल शिव बारात का आयोजन युवा शिव कमेटी संगठन ने किया। यह कार्यक्रम महाशिव रात्रि पर आयोजित किया गया। इस मौके पर जानकारी देते हुए ग्रीन आरडब्ल्यूए मजलिस पार्क ए ब्लॉक के प्रधान हरेन्द्र शर्मा ने बताया कि शिव बारात की शुरूआत ए ब्लॉक शिव मंदिर से हुई, यह शिव बारात क्षेत्र के कई इलाको से होते हुए वापसी शिव मंदिर पर संपन्न हुई। आपको बतादें कि जगह-जगह शिव बारात का लोगों ने स्वागत किया। इस मौके पर आरडब्ल्यूए से मनीष गुप्ता, कमल खन्ना, राजेश खुराना के अलावा वंश खुराना, गगन शर्मा, कन्हैया शर्मा, राजा, कबीर खन्ना, मिस्टर जैन व अन्य सभी साथियों ने सहयोग दिया। इस मौके पर हरेन्द्र शर्मा ने बताया कि सभी को प्रभु की भक्ति सच्चे मन से करनी चाहिए, जो भक्त सच्चे मन से प्रभु की भक्ति करता है, प्रभु उसकी अवश्य ही सुनते है। इसलिए सभी सच्चे ने प्रभु की आराधना करें। उन्होंने कहा कि संगठन ने बड़े ही भव्य रूप में शिव बारात कार्यक्रम का आयोजन किया है, इसके लिए संगठन की पूरी टीम बधाई की पात्र है।

# जहांगीरपुरी में शिवरात्रि महापर्व पर भव्य शिव स्तुति कार्यक्रम का हुआ आयोजन






**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** बाबा अमरनाथ सेवा मंडल ब्रांच जहांगीरपुरी दिल्ली, संत रविदास नगर के ए-600, चौकी स्थान में प्रत्येक वर्ष की भांति शिवरात्रि महापर्व के उपलक्ष्य में एक भव्य शिव स्तुति का कार्यक्रम पूर्ण हुआ।
कार्यक्रम सायं 4 बजे से रात्रि 10 बजे तक निरंतर जारी रहा व सभी भक्तो के सहयोग से प्रसाद वितरण अटूट चलता रहा।
कार्यक्रम में आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र से नव नियुक्त विधायक राजकुमार भाटिया की विशेष गरिमामयी उपस्थिति रही। साथ ही निगम पार्षद सुमन शर्मा, सुधीर शर्मा, अशोक हखीजा पंजाबी तड़का, मंडल अध्यक्ष दलबीर पुनिया, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष अंकित त्यागी, मंडल महामंत्री इंदरजीत मुखी व समस्त भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन मदन अरोड़ा, नरेंद्रपाल शर्मा(बब्बल जी), अशोक बंसल, विनय शर्मा, नीरज सेठी, आशीष सेठी, राकेश चौरसिया, शशि बहल, दीपक शर्मा, जितेंद्र अरोड़ा द्वारा सम्पन्न हुआ। सेवा मंडल के युवा सेवादारों रौनक, प्रीतम, ऋषि, मयंक, अंश, दीपक, तरुण, मोनू, आयुष का भी सहयोग सराहनीय रहा।

# महाकुम्भ पर्व ने जता दिया कि कितनी गहरी एवं सशक्त हैं भारतीय संस्कृति की जड़ें : केशव प्रसाद

**टीम एक्शन इंडिया**

**प्रयागराज।** प्रयागराज आए उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सर्किट हाउस में कार्यकर्ताओं से भेंट किया और कहा मकर संक्रांति से महाशिवरात्रि तक चले दिव्य और भव्य महाकुम्भ का सफल समापन यह प्रमाणित करता है कि भारतीय संस्कृति की जड़ें कितनी गहरी और सशक्त हैं। उन्होंने कहा कि करोड़ों श्रद्धालुओं ने एक साथ आस्था की डुबकी लगाई, एक-दूसरे से कंधे से कंधा मिलाया, पर किसी महामारी का कोई नामोनिशान तक नहीं दिखा। भारत ने अध्यात्म और आस्था की शक्ति से यह सिद्ध किया कि सनातन की परंपराएं वैज्ञानिक भी हैं और दिव्य भी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल



मार्गदर्शन और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यह महाकुम्भ इतिहास के सबसे सुव्यवस्थित आयोजनों में से एक रहा। संगमनगरी का हर कोना भक्तिमय हुआ, प्रशासनिक व्यवस्थाएं चाक-चौबंद रहीं और विश्व ने भारत की संस्कृति की दिव्यता को देखा। मैं इस ऐतिहासिक आयोजन की सफलता के लिए सभी का हृदय से आभार प्रकट करता हूं। केशव प्रसाद मौर्य ने आगे कहा कि, लेकिन अफसोस की बात है कि कुछ लोग इस गौरवशाली आयोजन से भी तिलमिला उठे। जब करोड़ों लोगों ने आस्था के संगम में स्नान

**पोल खुली**

**हिन्दू आस्थाओं पर उंगलियां उठाई, वे खुद बेनकाब हो गए और उनके झूठे प्रोपेगेंडा की पोल खुली**

किया और कोई अव्यवस्था नहीं फैली, तब इन भारतीय संस्कृति के विरोधियों के नकाब उतर गए। जिन्होंने हिन्दू आस्थाओं पर उंगलियां उठाई, वे खुद बेनकाब हो गए और उनके झूठे प्रोपेगेंडा की पोल भी खुली। महाकुम्भ सिर्फ एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति की अद्वितीय पहचान है। इससे भयभीत वही लोग हैं जो भारत की जड़ों से कटे हुए हैं। परंतु सत्य की विजय शाश्वत नियम है और यह महाकुम्भ भी उसी सत्य का जीवंत प्रमाण बनकर इतिहास में दर्ज हो गया। उन्होंने कहा कि महाकुम्भ के भव्य आयोजन में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता एवं प्रयागवासी दिन-रात सेवा शिविर के माध्यम से श्रद्धालुओं की सेवा में जुटे रहे और प्रयागराज का गौरव बढ़ाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जो बधाई के पात्र हैं।

इसके पूर्व प्रयागराज आगमन पर उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक एवं कैबिनेट मंत्री ए के शर्मा, मंत्री दयाशंकर सिंह का भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बमरौली एयरपोर्ट पर स्वागत किया।

# व्यापारी वर्ग के विरुद्ध कार्य करने वाले महापौर के सामाजिक बहिष्कार का निर्णय

**बैठक**

**बोर्ड की बैठक में भी हाउस टैक्स व किराया बढ़ोतरी प्रस्ताव पास करते समय जनहित को ध्यान में नहीं रखा गया**



**टीम एक्शन इंडिया**

**मुरादाबाद।** पंजाबी समाज उत्तर प्रदेश महानगर व जिला की बैठक गुरुवार को स्टेशन रोड स्थित एक होटल में हुई। जिसमें वक्ताओं ने नगर निगम प्रशासन पर बुध बाजार में व्यापारी समाज के उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए रोष व्यक्त किया। बैठक में व्यापारी समाज के विरुद्ध काम करने वाले महापौर विनोद अग्रवाल के सामाजिक बहिष्कार की बात कही गई। पंजाबी समाज उत्तर प्रदेश के महानगर अध्यक्ष राजीव गुंबर एडवोकेट ने कहा कि नगर निगम द्वारा व्यापारियों का हाउस टैक्स, किराया बढ़ोतरी व नामांतरण को लेकर उत्पीड़न किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि महापौर विनोद अग्रवाल की अध्यक्षता में बीते माह हुई नगर निगम बोर्ड की बैठक में भी हाउस टैक्स व किराया बढ़ोतरी प्रस्ताव पास करते समय जनहित को ध्यान में नहीं रखा गया। बैठक में व्यापारी समाज का समर्थन करने और प्रस्ताव वापस न होने तक महापौर विनोद अग्रवाल का सामाजिक बहिष्कार का निर्णय लिया। राजीव गुंबर ने आगे कहा कि पंजाबी समाज का प्रतिनिधिमंडल इन समस्याओं को लेकर जल्द ही मंडलायुक्त से भी मुलाकात करेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### क्रिकेट में रणजी खिलाड़ियों के योगदान के सम्मान में ईवीसीएल का आयोजन – प्रवीण कुमार

**ग्रेटर नोएडा:** टी20 विश्व कप में भारत की शानदार जीत के बाद देश के कोने-कोने में क्रिकेट फीवर फैल रहा है। पाकिस्तान के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी में भारत की जीत के साथ एक बार फिर हर भारतीय की जुबान पर क्रिकेट का नाम है। इसके साथ उन्हें सम्मान देने का अवसर आया है जिनका भारतीय क्रिकेट में हमेशा से सबसे अधिक योगदान रहा है। ये हैं रणजी ट्रॉफी के रिटायर्ड खिलाड़ी, जिनके साथ ईवीसीएल (एपिक विक्ट्री क्रिकेट लीग) के आयोजन की पूरी तैयारी है। ईवीसीएल टूनार्मेंट टी20 फॉर्मेट में खेला जाएगा। इसमें रिटायर्ड रणजी खिलाड़ी होंगे। फ्रेंचाइजी की स्वामित्व वाली छह टीमें होंगी और देश के कई राज्यों में 18 मैच खेले जाएंगे। रिटायर्ड रणजी खिलाड़ियों का रजिस्ट्रेशन भी से शुरू हो जाएगा। भारतीय क्रिकेट के दिग्गज प्रवीण कुमार ने कहा,मुझे रिटायर्ड रणजी खिलाड़ियों के सम्मान में ईवीसीएल का आयोजन करने की खुशी है। ये खिलाड़ी विशेष सम्मान के हकदार हैं जो उनके करियर में नहीं मिला। मुझे उम्मीद है कि यह लीग उनके लिए एक तरह से नया करियर बनाने और आमदनी का अवसर होगा। एपिक विक्ट्री क्रिकेट लीग के को-फाउडंर श्री विकास ढाका ने कहा, भारतीय क्रिकेट का एक गौरवशाली इतिहास रहा है। इसका हिस्सा बनना हमारे लिए उत्साह की बात है। हम रिटायर्ड रणजी खिलाड़ियों के योगदान का सम्मान करते हैं और इसी मकसद से ईवीसीएल की शुरूआत कर रहे हैं। प्रवीण कुमार खुद एक क्रिकेट लीजेंड हैं। एक संरक्षक के रूप में उनका सहयोग मिलना हमारे लिए खुशी की बात है। वे एक मेंटर की तरह हमारे साथ रहेंगे। जून और जुलाई में लीग शुरू करने की योजना बनाई है और इसमें क्रिकेट के प्रशंसकों की दिलचस्पी बढ़ाने और उन्हें लीग के इस फॉर्मेट से जोड़ने के लिए तैयार हैं।



### एक्सप्रेस वे पर दुघटनाग्रस्त हुई श्रद्धालुओं की गाडी, एक की मौत

**मथुरा।** महाकुंभ और हरिद्वार से गंगा स्नान कर वापस लौट रहे श्रद्धालुओं की मैक्स पिक अप मथुरा में यमुना एक्सप्रेस वे के माइल स्टोन 70 पर नौहझील क्षेत्र में दुर्घटना ग्रस्त हो गई। हादसे मे एक श्रद्धालु की मौत हुई है। माना जा रहा है कि तडके मैक्स के चालक को झपकी आई और मैक्स पिक अप आगे चल रहे वाहन में जा घुसी। टक्कर इतनी तेज थी कि मैक्स पिकअप के परखच्चे उड गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी भिजवाया। चिकित्सकों ने तीन श्रृद्धालुओं की हालत गंभीर होने के चलते मथुरा रेफर कर दिया है। जोधपुर राजस्थान से नौ श्रद्धालु मैक्स गाड़ी से महाकुंभ प्रयागराज, काशी विश्वनाथ, अयोध्या राम मंदिर व हरिद्वार से गंगा स्नान कर वापस अपने गांव लौट रहे थे। हादसे के दौरान सभी श्रद्धालु सो रहे थे। हादसे में भोमाराम 55 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई। बाकी आठ श्रद्धालु घायल हुए हैं। गाड़ी को चालक मांगीलाल निवासी पल्ली चला रहा था। थाना प्रभारी शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया हादसे का मुख्य कारण गाड़ी चालक को नींद की झपकी आना है। तहरीर मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जायेगी।

### हिंदू इंटर कॉलेज के मैदान पर फिर हुआ कब्जे का प्रयास

**मथुरा।** कोसीकलां के हिंदू इंटर कॉलेज के मैदान पर अवैध कब्जा करने के प्रयास का मामला प्रकाश में आया है। एक्शन में आई प्रबंध कमेटी ने पुलिस बुलाकर स्थलीय निरीक्षण कराया और अतिक्रमण को साफ कराया है। जिसके बाद उन्होंने पुलिस प्रशासन के अधिकारियों को इस बावत पत्र भेजकर अतिक्रमणकारी को तलाश कर उसके खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। हाईवे और नंदगांव रोड किनारे हिंदू इंटर कॉलेज संचालित है। इन दिनों बोर्ड परीक्षाएं चल रही है। ऐसे में प्रबंध कमेटी के पदाधिकारियों को एवं स्टाफ का आवागमन बेहद कम है। जिसके चलते कॉलेज के मैदान पर अज्ञात अतिक्रमणकारियों ने कब्जा करने का प्रयास किया। वहां मौरम एवं अन्य सामग्री डालकर कब्जा करने का प्रयास किया। गुरूवार को जब विद्यालय प्रशासन को इसकी जानकारी हुई तो उन्होंने प्रबंध तंत्र को सूचना देकर बुलाया। मौके पर प्रबंध कमेटी के सभी पदाधिकारी पहुंचे और वहां स्थानीय पुलिस को मौके पर बुलाया गया। अधिकारियों को भी इस अवैध कब्जे की सूचना दी गई। पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में मैदान से कब्जे को हटवा कर साफ कराया गया। कमेटी के प्रबंधक हरीओम गुप्ता इन दिनों अस्वस्थ है। उन्होंने बताया कि सूचना मिली है। मौके पर संरक्षक सुभाष गोयल, चेयरमैन धर्मवीर अग्रवाल, दिनेश बठैनियां, अशोक जैन कामियां, सुभाष बजाज, रोशन लाल सौंखिया, वीरेंद्र ठाकुर, अशोक जैन, विकास पंसारी, अनिल प्रधान शेरगढिया सहित अन्य पदाधिकारी पहुंचे थे।

## हैदराबादी बिरयानी में निकले हड्डियों के टुकड़े

**झांसी।** कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित हैदराबादी बिरयानी एक बार फिर बिरयानी में हड्डी निकलने पर सुर्खियों में आ गया। राष्ट्रभक्त संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष अंचल अड़जरिया की शिकायत पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल की। साथ ही इसकी शिकायत फूड विभाग को भी दी गई है। काफी देर तक हुए हंगामे के बाद पुलिस ने दोनों पक्ष को समझाबुझा मामला शांत कराया। गौरतलब है कि महाशिवरात्रि पर्व पर एक व्यक्ति ने आशिक चौराहा स्थित हैदराबादी बिरयानी आशिक से ऑनलाइन वेज बिरयानी मंगवाने का आर्डर दिया था। ऑन लाइन बिरयानी आने पर उसमें हड्डियों के टुकड़े निकले।

# सबक सिखाने के लिए नाबालिग ने दोस्तों के साथ मिलकर घर में की थी एक करोड़ रुपये की चोरी

**टीम एक्शन इंडिया**

**कानपुर।** मुझे जानकारी हुई कि मेरे पिताजी मुझे अपनी संपत्ति से बेदखल करने वाले हैं इसलिए मैंने अपने दोस्तों के साथ मिलकर अपने पापा को सबक सिखाने के लिए घर में चोरी करने की रणनीति बनाई। पनकी थाना क्षेत्र में खुद के घर से 21 लाख रुपये की नकदी और ज्वेलरी समेत एक करोड़ रुपये की चोरी करने वाले करोबारी के नाबालिग बेटे ने पुलिस को यह बातें बताई है। पाकी थाना क्षेत्र में रहने वाले करोबारी की फजलगंज में कपड़ों पर डाई लगाने वाली फैक्ट्री है। उनका एकलौता नाबालिग बेटा शहर के एक नामी- गिरामी स्कूल में दसवीं का छात्र है। कुछ समय पहले वह इलाके के रहने वाले



और उम्र में उससे बड़े हिमांशु, आर्यन, आकर्ष, भानु, आयुषमणि और दो अन्य के संपर्क में आया था। आरोप के मुताबिक वह सभी लड़के अच्छे नहीं थे इसलिए उनका बेटा इन लोगों की संगत में पड़कर नशेबाजी के साथ-साथ घर में छोटी-मोटी चोरियां भी करने लगा। सबसे पहले उसने घर से मोबाइल और लैपटॉप बेच दिया। अपने बेटे को इस बुरी संगत से बचने के लिए पूरा परिवार गोविंद नगर के रतनलाल नगर में किराए के मकान में रहने लगे थे। पीड़ित

**काबू**

**इन लोगों की संगत में पड़कर नशेबाजी के साथ-साथ घर में छोटी-मोटी चोरियां भी करने लगा**

पिता ने बताया कि रविवार की रात घर से बेटा अचानक गायब हो गया। अगले दिन सोमवार को परिजन अपने बेटे को ढूंढते हुए पनकी स्थित घर पहुंचे। जहां घर में अलमारी का सारा सामान जमीन पर बिखरा पड़ा था और नकदी व ज्वेलरी गायब मिली। तब जाकर उन्हें घर में हुई चोरी की जानकारी हुई। आनन-फानन पीड़ित ने पनकी थाने में अपने बेटे और उसके दोस्तों के खिलाफ एक करोड़ रुपये की चोरी का मुकदमा दर्ज कराया।

अपर पुलिस उपायुक्त विजेंद्र द्विवेदी ने गुरुवार को बताया पीड़ित की शिकायत के आधार पर सीसीटीवी कैमरों और सर्विलांस की सहायता से नाबालिग बेटे और उसके चार दोस्तों हिमांशु, आर्यन, आकर्ष, आयुषमणि को एक होटल से गिरफ्तार कर लिया गया है। साथ ही उनके पास से चोरी का करीब 60 फीसदी माल भी बरामद किया गया है। पकड़े गए दो आरोपित चोरी के मामले में पहले भी जेल जा चुके हैं। इस वारदात में उनका साथ देने वाले दो अन्य साथी और भी हैं। जिनकी तलाश की जा रही है। जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

# फैक्टर इन्वेस्टिंग में बढ़ते विश्वास के बीच मोमेंटम इंडेक्स फंड निवेशकों को कर रहे हैं आकर्षित

**टीम एक्शन इंडिया**

**नोएडा।** फैक्टर-आधारित इंडेक्स फंड में बढ़ती रुचि के कारण मोमेंटम इन्वेस्टिंग काफी लोकप्रिय हुई है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) अब 31 फैक्टर-आधारित इंडेक्स की पेशकश करता है, जिससे म्यूचुअल फंड की बढ़ती मांग स्पष्ट जाहिर होती है। फैक्टर इन्वेस्टिंग मोमेंटम, कम उतार-चढ़ाव और मूल्य जैसे लगातार रिटर्न तत्वों पर निर्भर करता है, जिससे निवेशकों को उन विशिष्टताओं वाले स्टॉक में निवेश करने में मदद मिलती है जो ऐतिहासिक रूप से रिटर्न को प्रभावित करते हैं। उदाहरण के लिए, निफ्टी मिडकैप 150 मोमेंटम 50 सूचकांक, सामान्यीकृत मोमेंटम स्कोर के आधार पर चुनिंदा निफ्टी



मिडकैप 150 सूचकांक के शीर्ष 50 शेयरों को ट्रैक करता है। पिछले चार महीनों में, बाजार में गिरावट आई है, अधिकांश प्रमुख सूचकांकों ने इस अवधि के दौरान नकारात्मक रिटर्न दिया है। बाजार में लगातार जारी उथल-पुथल के बावजूद, निफ्टी मिडकैप 150 मोमेंटम 50 इंडेक्स को ट्रैक करने वाले इंडेक्स फंड्स में लगातार निवेश हो रहा है। टाटा निफ्टी मिडकैप 150 मोमेंटम 50 इंडेक्स फंड ऐसा ही एक फंड है जो मोमेंटम इन्वेस्टिंग के बढ़ते चलन को दर्शाता है। टाटा एसेट मैनेजमेंट में निष्क्रिय निवेश के प्रमुख, श्री आनंद वरदराजन ने कहा, मोमेंटम इन्वेस्टिंग निवेशकों को भावनात्मक पूर्वाग्रह दूर करते हुए मजबूत मूल्य रुझानों का लाभ उठाने में मदद करता है। टाटा निफ्टी मिडकैप 150 मोमेंटम 50 इंडेक्स फंड जोखिम और इनाम को संतुलित करते हुए फैक्टर इन्वेस्टिंग के लिए अनुशासित दृष्टिकोण प्रदान करता है।

## पुलिस ने दो चोरी की मोटरसाइकिल बरामद कीं

**मथुरा।** थाना हाईवे पुलिस ने चोरी एक युवक को अवैध असलाह के साथ गिरफ्तार किया। इसके कब्जे से चोरी की दो मोटरसाइकिल भी बरामद की गई है। प्रभारी निरीक्षक थाना हाईवे आनन्द कुमार शाही के मुताबिक अभियुक्त के विरूद्ध मथुरा जनपद के विभिन्न थानों में आधा दर्जन से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं। मुखबिर की सूचना पर टाउनशिप से नरहौली की तरफ दिल्ली से आगरा सर्विस रोड से शैलेन्द्र उर्फ शैलू पुत्र श्यामवीर सिंह निवासी जोसना थाना बल्देव जिला मथुरा हाल पता चन्द्रपुरी राधा स्वामी सत्संग भवन के पास थाना हाइवे जिला मथुरा को आशुतोष बिल्डिंग मटैरियल दिल्ली से आगरा की तरफ सर्विस रोड के पास थाना हाईवे जनपद मथुरा से गिरफ्तार किया गया।

# सुरम्य बरसाना के अलौकिक सौंदर्य पर भारी अधकुचला विकास



**लोकेश चौधरी**

**मथुरा।** सुरम्य बरसाना के अलौकिक सौंदर्य पर अनियोजित और अनियंत्रित विकास भारी पड रहा है। आध्यात्मिक ब्रह्मांचल पर्वत पर दरारें आ रही हैं और गड्ढे बन रहे हैं। पहाड़ी की गोद में पले ग्रामीण इसे बखूबी महसूस कर रहे हैं। वह शिकायत कर रहे हैं लेकिन इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। यह वही पहाड़ी है जिस पर राधारानी, जयपुर मंदिर जैसे विश्व विख्यात मंदिर बने हुए हैं। गोवर्धन पर्वत और बरसाना का ब्रह्मांचल पर्व ब्रज में ब्रज में जीवित देव माने जाते हैं। विश्व प्रसिद्ध श्रीराधारानी मन्दिर तक जाने वाले रास्ते जो यादव मौहल्ला तिराहा से जयपुर मन्दिर बरसाना में चलने वाली गाड़ियों से श्रद्धालुओं व स्थानीय निवासीयों को बडी परेशानी झेलनी पड़ रही है। वहीं भारी और बड़ी गाडियां चलने के कारण पहाड़ी रास्ते खराब व घाटी की तरफ दरारें पड़ रही हैं जो बड़ी घटना का संकेत बन रही है। जयपुर मन्दिर मार्ग से प्रतिदिन पैदल चलने वाले हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं को इसी मार्ग से श्रीराधारानी मन्दिर तक पहुंचते हैं। विकास प्राधिकरण मथुरा

**परेशानी**

**आध्यात्मिक ब्रह्मांचल पर्वत पर दरारें आ रही हैं और गड्ढे बन रहे हैं। ग्रामीण इसे बखूबी महसूस कर रहे**

वृन्दावन द्वारा पैदल चलने वाले यात्रियों के लिए लगाये गये टीन सैट (शैड) से जहाँ यात्रियों को बेहतर सुविधा मिली है, वहीं चार पहिया गाड़ियों के इस मार्ग पर चलने की वजह से पैदल यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि जैसे सरकार द्वारा तीर्थ स्थल वृन्दावन और गोवर्धन कस्बा के अन्दर चार पहिया वाहनों व बाहर से आने वाली सभी गाड़ियों पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाया गया है, उसी तरह बरसाना में भी बहार से आने वाले सभी चार पाइया वहान पर रोक लगनी चाहिये। इन वाहनों की वजह से स्थानीय लोगों व श्रद्धालुओं को भारी समस्या का सामना करना पड़ता है। जबकि सरकार द्वारा पहले से ही वृद्धजनों व बालकों व चलने में लोगों के लिए रोपवे बना दिया गया है।

# चंचल चौधरी ही रहेंगी राया का ब्लॉक प्रमुख

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा।** अभी चंचल चौधरी ही राया की ब्लॉक प्रमुख रहेंगी। राया ब्लॉक प्रमुख की कुर्सी पर रस्सा कसी जारी है। सावित्री देवी की पक्ष में आये मथुरा जिला एवं सत्र न्यायालय की अदालत के फैसले को चंचल चौधरी ने चुनौती दी थी। उच्च न्यायालय से फैसला चंचल चौधरी के पक्ष में आया है। इस दोनों फैसलों के बीच सावित्री देवी की ओर से प्रयास किये गये थे कि उन्हें शपथ ग्रहण कराई जाए। इससे लेकर भाजपा के पूर्व विधायक प्रणतपाल भी सक्रिय रहे और सावित्री देवी को शपथ ग्रहण नहीं कराने जाने को लेकर कई तरह के सवाल उठाये थे। चंचल चौधरी के पक्ष में उच्च अदालत का फैसला आने की



जानकारी देने के लिए विकास खण्ड राया के सभागार में ब्लॉक प्रमुख चंचल चौधरी ने पत्रकार वार्ता बुलाई थी। इस दौरान उनके साथ जिला पंचायत सदस्य एवं उनके पति मुकेश भी मौजूद रहे। चंचल चौधरी का इस दौरान क्षेत्रीय ग्राम प्रधानों औ? बीडीसी सदस्यों की ओर से अभिनंदन किया गया।ब्लॉक प्रमुख चंचल चौधरी एवं जिला पंचायत सदस्य मुकेश चौधरी ने अपने समर्थकों के साथ ब्लॉक परिसर में स्थापित चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। मुकेश चौधरी ने कहा कि विरोधियों द्वारा ब्लॉक प्रमुख पद के सामान्य निर्वाचन 2021 के खिलाफ न्यायालय में पिटीशन दायर किया गया था। जिला न्यायालय द्वारा 4 फरवरी 2025 को ब्लॉक प्रमुख चंचल चौधरी अयोग्य घोषित कर दिया गया था। इसके बाद वह इस फैसले को चुनौती देने के लिए उच्च न्यायालय गये। जहां फैसला उनके पक्ष में आया है। चंचल चौधरी ने कहा कि उनके खिलाफ ब्लॉक प्रमुख का चुनाव लड़ीं सावित्री देवी ने तीन बिंदुओं को लेकर न्यायालय में पिटीशन दायर किया था। जिसमें उन्हें राया का मूल निवासी न मानना,क्रीमी लेयर,और चुनाव के दौरान शपथ पत्र में सम्पति का ब्यौरा छिपाना आदि बिंदु रखे।

साढ़े तीन वर्ष बाद जिला न्यायालय ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद हमें अयोग्य घोषित कर दिया था।

# भगवा त्रिशूल यात्रा 2025: भारत के प्राचीन मंदिरों का पुनरुद्धार और युवा शक्ति का जन-जागरण

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** सनातन संस्कृति के पुनरुत्थान और युवा पीढ़ी को भारतीय धरोहर से जोड़ने के उद्देश्य से अंतर्राष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद एवं भगवा ऐप द्वारा भगवा त्रिशूल यात्रा का शुभारंभ होने जा रहा है। इस यात्रा का लक्ष्य केवल धार्मिक स्थलों का संरक्षण नहीं, बल्कि युवाओं को सनातन संस्कृति, भारतीय इतिहास और मंदिरों के आधुनिकीकरण की मुहिम से जोड़ना भी है। यह यात्रा 1 मार्च 2025 को प्रयागराज से प्रारंभ होकर 29 मार्च 2025 को दिल्ली में भव्य महासम्मेलन के साथ संपन्न होगी। भगवा त्रिशूल यात्रा धार्मिक चेतना के साथ-साथ



युवाओं को भारतीय संस्कृति, मंदिर प्रबंधन और आध्यात्मिक नेतृत्व से जोड़ने का एक अभिनव प्रयास है। अंतर्राष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद के इस प्रयास में मंदिरों को डिजिटल तकनीकों से जोड़ने, ऑनलाइन दर्शन की सुविधा, युवाओं को धार्मिक पर्यटन एवं प्राचीन धरोहरों के संरक्षण में संलग्न करने जैसी योजनाएँ बनाई गई हैं। अंतर्राष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद के कार्यकारी अध्यक्ष राजेश यादव ने कहा, भगवा त्रिशूल यात्रा केवल धार्मिक यात्रा नहीं, बल्कि यह युवाओं को अपनी जड़ों से जोड़ने और भारत की आध्यात्मिक धरोहर को संजोने का एक प्रेरणादायक अभियान है। अंतर्राष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री दीप सिहाग सिसाए ने कहा, हमारा लक्ष्य प्राचीन शिवालयों को पुनर्जीवित कर उन्हें शिव शक्ति केंद्र के रूप में विकसित करना है। यह पहल मंदिरों को न केवल धार्मिक, बल्कि सांस्कृतिक और आध्यात्मिक ऊर्जा का केंद्र बनाएगी। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान आईएमपीसी के कार्यकारी अध्यक्ष राजेश यादव ने स्मार्ट सिटी को स्मार्ट मंदिर का नारा दिया। यह भगवा त्रिशूल यात्रा का आदर्श वाक्य होगा और इससे सभी हिंदुत्व के ध्वजवाहकों को लाभ मिलेगा। 'सिर्फ.त्रिशूल की स्थापना ही नहीं, बल्कि हम मंदिरों में सुविधाएं भी शुरू करेंगे' यात्रा के माध्यम से 120 पवित्र त्रिशूल विभिन्न राज्यों के चयनित शिवालयों में प्रतिष्ठित किए जाएंगे। इस दौरान विशाल ट्रकों में त्रिशूल यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें 50-100 वाहनों का काफिला भी शामिल होगा।भगवा त्रिशूल यात्रा उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, मध्य प्रदेश और चंडीगढ़ से होते हुए दिल्ली पहुंचेगी। श्रावण शिवरात्रि ( 6 जुलाई 2025) को इस यात्रा का भव्य समापन होगा, जब 120 पवित्र त्रिशूलों को प्राचीन शिवालयों में प्रतिष्ठित किया जाएगा।

# बीडीओ साहब तो लाटसाहब हो गये, जबरन हड़प लिया मकान!

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा।** बीडीओ साहब तो लाटसाहब हो गये, धौंस और जबरदस्ती के दम पर मकान ही हडप लिया। अलग अलग स्थानों से पुलिस ने बीडीओ सहित तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों भूदेव प्रसाद (बी.डी.ओ.) पुत्र होतीलाल निवासी 40 एल.आई.जी. राधिका विहार, फेस 1 थाना कोतवाली जिला मथुरा (उम्र करीब 58 वर्ष) को अंकित दुबे के किराये के मकान, फ्रेन्डस कालौनी जनपद इटावा से गिरफ्तार किया गया है। जबकि अभियुक्ता मंजू पत्नी भूदेव



प्रसाद (बी.डी.ओ.) निवासी 40 एल.आई.जी. राधिका विहार, फेस 1 थाना कोतवाली जिला मथुरा (उम्र करीब 58 वर्ष) को उसके मकान से और अभियुक्त यश पुत्र भूदेव प्रसाद (बी.डी.ओ.) निवासी 40 एल.आई.जी. राधिका विहार, फेस 1 थाना कोतवाली जिला मथुरा (उम्र करीब 24 वर्ष) को उसके मकान से गिरफ्तार किया गया। इस मामले में थाना कोतवाली पर धारा 447, 506, 420, 467, 468, 471, 120 बी आईपीसी के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया था। इनके अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

फास्ट न्यूज

## पहले चरण में सात आंगनबाड़ी केंद्रों को लिया गोद

**हल्द्वानी:** प्रारम्भिक बाल्यावस्थाए शिक्षा और आंगनबाड़ी बुनियादी ढांचे को मजबूत और शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग हल्द्वानी ने ग्रामीण और यूनाइटेड वे दिल्ली के माध्यम से नन्हे-मुन्हे बच्चों के लिए नयी पहल की है। जिसके अन्तर्गत पहले चरण में सात आंगनबाड़ी केंद्रों को गोद लिया गया। जिसमें हल्द्वानी विकास खंड अंतर्गत आंगनबाड़ी केद्र गौजाजाली बिचली प्रथम केद्र है। जिसमें बच्चों के बैठने के लिए 18 कुर्सीएअल्मीराए बोर्डए लेखन सामग्रीए बास्केट बॉल अन्य खेल सामग्रीए इसके अतिरिक्त बच्चों के समग्र विकासए मानसिकए शारीरिक विकास हेतु विभिन्न खेल सामग्री और वॉल पेंटिग आदि प्रदान किए गए हैं। बाल विकास परियोजना अधिकारी शिल्पा जोशी ने हल्द्वानी ग्रामीण केंद्र में पहली शुरूआत होने पर खुशी व्यक्त की। कहा कि इस तरह की पहल से बच्चों को सकारात्मक ऊर्जा मिलेगीए साथ ही बेहतर शिक्षा के अतिरिक्त बच्चों का भी मनोबल बढ़ेगा।

## कैट ने अमेजन के खिलाफ फैसले का उचित ठहराया

**टीम एक्शन इंडिया**
नई दिल्ली: कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने गुरुवार को दिग्गज ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन के खिलाफ दिल्ली हाई कोर्ट के फैसले का उचित ठहराया है। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल ने केंद्र सरकार और नियामक संस्थाओं से आग्रह किया है कि ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन की बार-बार होने वाली गलत गतिविधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। साथ ही उन्होंने भारतीय व्यवसायों को विदेशी ई-कॉमर्स कंपनियों के अनैतिक और अवैध व्यापारिक तौर-तरीकों से बचाने के लिए उचित नीतियां लागू करने की मांग की है। हाई कोर्ट ने अमेजन पर 'बेवर्ली हिल्स पोलो क्लब' ट्रेडमार्क का उल्लंघन करने के मामले में 39 मिलियन डॉलर (करीब 340 करोड़ रुपये) का हजार्ना लगाया है।इसके दूसरे दिन खंडेलवाल ने कहा कि अमेजन के खिलाफ हाई कोर्ट के इस फैसले से यह स्पष्ट होता है कि ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म से ट्रेडमार्क अनुपालन उपायों को लागू कराने की सख्त जरूरत है। खंडेलवाल ने कहा कि इस निर्णय का भारत में संचालित ऑनलाइन मार्केटप्लेस पर दूरगामी प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा कि हाई कोर्ट का ये निर्णय ब्रांड मालिकों के लिए एक बड़ी जीत है और डिजिटल युग में भारतीय न्यायपालिका की बौद्धिक संपदा अधिकारों की सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# स्वच्छताकर्मियों और स्वास्थ्यकर्मियों को सौगात

### सीएम ने किया 10 हजार रुपए अतिरिक्त बोनस का किया ऐलान

**सीएम का ऐलान**

▸▸ सफाईकर्मियों और स्वास्थ्यकर्मियों को उपहार के साथ ही स्वच्छ कुम्भ कोष से बीमा प्रमाण पत्र प्रदान किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**महाकुम्भ नगरः मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को प्रयागराज महाकुम्भ में कार्यरत रहे स्वच्छताकर्मियों एवं स्वास्थ्यकर्मियों को बड़ी सौगात दी। मुख्यमंत्री ने सफाईकर्मियों और स्वास्थ्यकर्मियों को उपहार के साथ ही स्वच्छ कुम्भ कोष से बीमा प्रमाण पत्र प्रदान किया और साथ ही मंच से ऐलान किया कि जो भी स्वच्छताकर्मी और स्वास्थ्यकर्मी महाकुम्भ के महाआयोजन में सहभागी बने, उन्हें प्रदेश सरकार की ओर से अतिरिक्त बोनस के रूप में 10 हजार रुपए की धनराशि प्रदान की जाएगी। यही नहीं, सीएम योगी ने यह भी ऐलान किया कि अप्रैल से प्रदेश सरकार एक कॉर्पोरेशन का गठन करने जा रही है, जिसके माध्यम से हर स्वच्छताकर्मी, स्वास्थ्यकर्मी और उन सभी कर्मियों को जिन्हें मिनिमम वेज नहीं मिल पाता था, उन्हें सरकार 16 हजार रुपए प्रतिमाह प्रदान करेगी। यह धनराशि डीबीटी के माध्यम से उनके खाते में भेजी जाएगी। इसके साथ ही सीएम ने यह भी कहा कि हर स्वच्छताकर्मी, स्वास्थ्यकर्मी को आयुष्मान भारत या मुख्यमंत्री जनआरोग्य योजना के माध्यम से ?500000 की स्वास्थ्य बीमा से भी जोड़ा जाएगा। मुख्यमंत्री के इस घोषणा का स्वच्छताकर्मियों और स्वास्थ्यकर्मियों ने तालियों की गड़गड़ाहट से स्वागत किया।

**वेलफेयर के लिए करते रहेंगे काम :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 13 जनवरी से 26 फरवरी तक आयोजित हुए इस भव्य और दिव्य आयोजन के बाद आज आप सभी का अभिनंदन करने के लिए पूरी प्रदेश सरकार आपके बीच में है। इस आयोजन को भव्य और दिव्य बनाने में स्वच्छता और स्वास्थ्य कर्मियों का विशेष योगदान है। हमारी सरकार



### प्रयागराज स्मार्ट सिटी के रूप में चमक रहा

**सीएम** योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी 13 दिसंबर को प्रयागराज महाकुम्भ के शुभारंभ के लिए यहां आए थे। उससे पहले भी और उस दौरान भी उन्होंने बहुत सारा मार्गदर्शन दिया। भारत सरकार के सभी अधिकारी, सभी मंत्रालय इस आयोजन को उत्तर प्रदेश सरकार के साथ मिलकर सफलता की नई ऊंचाई तक पहुंचाने के लिए प्राण प्रण से जुटे थे। हर विभाग ने अपने स्तर पर इस आयोजन में भरपूर सहयोग किया और इसमें आर्थिक रूप से भी सहयोग करते हुए प्रयागराज के कायाकल्प को सुनिश्चित किया। उन्होंने कहा कि आज महाकुम्भ के बहाने प्रयागराज शहर एक स्मार्ट सिटी के रूप में चमक रहा है।

**प्रदेशवासियों ने प्रस्तुत किया आतिथ्य का उत्कृष्ट उदाहरण**
सीएम योगी ने कहा कि जो भी प्रयागराज आया उसने दो बातों की सराहना जरूर की।

### महाकुम्भ ने आध्यात्मिक टूरिज्म का मार्ग प्रशस्त

**सीएम** योगी ने प्रदेश में टूरिज्म की नई संभावनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि महाकुम्भ ने उत्तर प्रदेश के अंदर आध्यात्मिक टूरिज्म के कई सर्किट प्रस्तुत किए हैं। एक प्रयागराज से मां विंध्यवासिनी का धाम होते हुए काशी का सर्किट बना। जिस प्रकार प्रयागराज में करोड़ों की संख्या में लोग जुटे थे, उसी तरह मां विंध्यवासिनी धाम में इस दौरान प्रतिदिन 5 से लेकर 7 लाख तक लोग जुटे थे। इसी तरह, काशी में बाबा विश्वनाथ धाम में 10 से लेकर 15 लाख श्रद्धालु एक दिन में रहते थे। एक और सर्किट बना अयोध्या धाम और गोरखपुर का, अयोध्या धाम में प्रतिदिन इस दौरान 7 लाख से लेकर 12 लाख श्रद्धालु प्रतिदिन आ रहे थे और गोरखपुर में पहली जनवरी से लेकर कल तक प्रतिदिन 2 लाख से ढाई लाख श्रद्धालु जुटते थे।

### विरोधियों ने दुष्प्रचार का कोई मौका नहीं छोड़ाः सीएम योगी

**सीएम** योगी ने कहा कि आस्था का इतना विशाल समागम दुनिया के अंदर कभी नहीं हुआ। 66 करोड़ 30 लाख श्रद्धालु किसी आयोजन का हिस्सा बने और कोई अपहरण की घटना नहीं, कोई लूट की घटना नहीं, कोई छेड़छाड़, कोई दुष्कर्म की घटना नहीं, कोई भी ऐसी घटना नहीं जिसके बारे में कोई सवाल उठा सके। दूरबीन लगाकर, माइक्रोस्कोप लगाकर भी ऐसी घटना को ढूंढा नहीं जा सकता। हालांकि, फिर भी विरोधियों ने दुष्प्रचार का कोई मौका नहीं छोड़ा। जिनको आस्था का यह समागम अच्छा नहीं लगा, उन्होंने कोई मौका नहीं छोड़ा। मौनी अमावस्या के दिन 8 करोड़ श्रद्धालु यहां पर थे, हमारी प्राथमिकता थी कि इन श्रद्धालुओं को सुरक्षित स्नान कर उनके गंतव्य की ओर प्रस्थान कराया जाए। लेकिन विरोधी लगातार दुष्प्रचार कर रहे थे, बदनाम कर रहे थे। उनकी भाषा अपमानित करने वाली थी। कोई काहिरा की तो कोई काठमांडू की घटना का दृश्य दिखाकर प्रयागराज को बदनाम कर रहा था।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ संगम के तट पर स्वच्छता अभियान में हिस्सा लेते हुए।

## गोवा के मुख्यमंत्री ने पशुपतिनाथ मंदिर में सोना दान देने का रखा प्रस्ताव

**टीम एक्शन इंडिया**
**काठमांडू। नेपा**ल के पर्यटन तथा संस्कृति मंत्री ने बताया है कि भारतीय राज्य गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने काठमांडू के पशुपतिनाथ मंदिर के लिए सोना दान देने का प्रस्ताव रखा है। गोवा के मुख्यमंत्री ने जानना चाहा है कि शिवलिंग के ऊपर सोने का लेप चढ़ाने के लिए कितने किलो सोने की आवश्यकता होगी, वह उतना सोना अपनी तरफ से दान में चढ़ाने के लिए तैयार हैं। काठमांडू में गुरुवार को धार्मिक तथा आध्यात्मिक क्षेत्र में कलम चलाने वाले पत्रकारों के संगठन के वार्षिक उत्सव में पर्यटन तथा संस्कृति मंत्री बद्री पांडे ने कहा कि महाशिवरात्रि के अवसर पर गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने पशुपतिनाथ मंदिर के मूल भट्ट (मुख्य पुजारी) को फोन कर सोना दान देने का प्रस्ताव रखा है। उन्होंने कहा कि गोवा के मुख्यमंत्री ने पशुपतिनाथ मंदिर के गर्भगृह में शिवलिंग के ऊपर सोने का लेप चढ़ाने का प्रस्ताव किया।

## महाशिवरात्रि पर काशी में उमड़ा जनसमुद्र



**टीम एक्शन इंडिया**
**वाराणसीः** महाशिवरात्रि पर 11.69 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने बाबा विश्वनाथ के चरणों में हाजिरी लगाई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर स्थानीय प्रशासन ने दर्शनार्थियों की सुरक्षा, सुविधा और आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए थे। वहीं काशी विश्वनाथ मंदिर प्रशासन की देखरेख में श्रद्धालुओं के लिए दर्शन की समुचित व्यवस्था की गई थी। प्रातः काल से ही मंदिर में दर्शन-पूजन के लिए श्रद्धालुओं का रेला लग गया था। सभी ने बाबा के दर्शन कर श्रद्धा से जलाभिषेक किया। महाशिवरात्रि पर काशी में जनसमुद्र उमड़ा रहा। वहां अभी भी श्रद्धालुओं का निरंतर आना जारी है।

**हाजिरी लगाई**

▸▸ स्थानीय प्रशासन ने दर्शनार्थियों की सुरक्षा, सुविधा और आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए थे

**सुबह से लाखों श्रद्धालु पहुंच चुके थे बाबा के दर्शन करने**
महाशिवरात्रि पर भी काशी विश्वनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं का आना निरंतर जारी रहा। भीड़ का अंदाजा इस बात से ही लगाया जा सकता है कि सुबह तक ही लाखों श्रद्धालुओं ने दर्शन-पूजन कर लिया। जैसे-जैसे दिन बढ़ता गया।

# उत्तराखंड : 1317 एलटी शिक्षकों को एक माह में मिलेगी तैनाती

**टीम एक्शन इंडिया**
**देहरादून।** उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग सहायक अध्यापक (एलटी) पद पर चयनित 1317 शिक्षकों को एक माह के भीतर नियुक्ति देगा। विभिन्न विषयों में चयनित इन शिक्षकों को प्रदेश के दूरस्थ क्षेत्रों के विद्यालयों में प्राथमिकता के आधार पर प्रथम तैनाती दी जायेगी। विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि पर्वतीय जनपदों के दूरस्थ क्षेत्रों के राजकीय विद्यालयों में एक माह के भीतर एलटी शिक्षकों की नियुक्ति कर दी जायेगी। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने विभिन्न विषयों के 1317 एलटी शिक्षकों का अंतिम चयन परिणाम जारी कर दिया है। जिनमें गणित विषय में 153, सामान्य 237, विज्ञान 197, वाणिज्य 15, संस्कृत 21, उर्दू 1, अंग्रेजी 164, हिन्दी 179, कला 229, संगीत 8, गृह विज्ञान 13 और व्यायाम विषय में 100 शिक्षकों का चयन किया गया है। डॉ. रावत ने बताया कि इन सभी चयनित शिक्षकों की प्रथम तैनाती गढ़वाल व कुमाऊं मण्डल के पर्वतीय एवं दुर्गम विद्यालयों में अनिवार्य रूप से की जायेगी। जिसमें गढ़वाल मंडल में चमोली, रूद्रप्रयाग, चम्पावत, बागेश्वर, अल्मोड़ जनपद के दुर्गम और अति दुर्गम श्रेणी के विद्यालय शामिल हैं।



# खाटूश्यामजी में वार्षिक लक्खी मेला शुक्रवार से, व्यापक सुरक्षा इंतजाम

**टीम एक्शन इंडिया**
**जयपुर। सीकर के** खाटूश्यामजी में वार्षिक लक्खी मेला शुक्रवार यानी 28 फरवरी से शुरू होगा। मंदिर कमेटी द्वारा बाबा श्याम के मंदिर को भव्य व दिव्य रूप से सजाया गया है। मेले की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन, पुलिस और श्री श्याम मंदिर कमेटी लगातार तैयारी में जुटी हुई है। खाटूश्यामजी मेला 2025 के आयोजन को लेकर रींगस उपखंड अधिकारी ने दिशा-निर्देश जारी किए हैं। आदेशों के तहत 28 फरवरी से 11 मार्च तक विभिन्न मार्गों पर यातायात प्रतिबंधित रहेगा। सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जाएंगे। उपखण्ड मजिस्ट्रेट, रींगस ने आदेश जारी कर मेला अवधि तक उपखंड की सीमा में डीजे, मोडिफाइड डीजे, ई रिक्शा डीजे, भारी लाउडस्पीकर पर प्रतिबंध लगा दिया है।



**भव्य**

▸▸ मेले की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन, पुलिस और श्री श्याम मंदिर कमेटी लगातार तैयारी में जुटी हुई हैं

## नूंह में 12वीं कक्षा का पेपर हुआ लीक

**टीम एक्शन इंडिया**
**नूंह/गुरुगाम। हरियाणा विद्यालय** शिक्षा बोर्ड की गुरुवार को शुरू हुई 12वीं कक्षा का अंग्रेजी का पेपर नूंह में लीक हो गया। मात्र आधे घंटे में ही प्रश्न पत्र परीक्षा केंद्र से बाहर आ गया। परीक्षा केंद्रों पर नकल कराने के लिए पहुंचे लोगों को पुलिस ने खदेड़ा। पहले ही दिन पेपर लीक होने से बोर्ड प्रशासन हरकत में आ गया। गुरुवार को हरियाणा बोर्ड की 12वीं कक्षा का अंग्रेजी का पेपर था।परीक्षा शुरू होने के बाद नूंह और पुन्हाना में आउट होने की सूचनाएं आई।

**आदेश** मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के नव-निर्वाचित प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ मौजूद रहे

# भाजपा आफिस में हंगामा, आपस में भिड़े कार्यकर्ता

**टीम एक्शन इंडिया**
**जयपुरः** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की बैठक 27 फरवरी 2025 (गुरुवार) को जयपुर स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष हमीद खान मेवाती ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के नव-निर्वाचित प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ मौजूद रहे। इस बैठक में मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारी, कार्यसमिति सदस्य, जिलाध्यक्ष एवं जिला महामंत्री शामिल हुए। बैठक का माहौल शुरूआत में तो संयमित था, लेकिन जैसे ही प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ मंच पर पहुंचे, वैसे ही भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के दो वरिष्ठ नेताओं के बीच विवाद हो गया।



**मंच पर ही भिड़े कार्यकर्ता जैकी और महामंत्री जावेद कुरैशी**
प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ के स्वागत के लिए भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के वरिष्ठ नेता जैकी आगे बढ़े, लेकिन जैसे ही वह प्रदेशाध्यक्ष को मंच पर लेकर पहुंचे, वैसे ही अल्पसंख्यक मोर्चा महामंत्री जावेद कुरैशी ने उन्हें मंच पर चढ़ने से रोक दिया। इस रोक को जैकी ने व्यक्तिगत अपमान के रूप में लिया और आवेश में आकर मंच पर ही जावेद कुरैशी से भिड़ गए। कुछ ही सेकंड में दोनों नेताओं के बीच हाथापाई शुरू हो गई। प्रदेशाध्यक्ष की मौजूदगी की परवाह किए बिना, जैकी ने जावेद कुरैशी पर हाथ छोड़ दिया। इसके बाद मंच पर 30 सेकंड तक दोनों नेता गुत्थम-गुत्था होते रहे। यह सब देख रहे प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ स्थिति को नियंत्रित करने के बजाय शांत बैठकर इस घटनाक्रम को देखते रहे। बैठक में पहले से ही मीडिया को आमंत्रित किया गया था और यह पूरा घटनाक्रम कैमरों में कैद हो गया। चूंकि घटना लाइव रिकॉर्ड हो रही थी।


